दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 312 | जयपुर | सोमवार, 16 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसकी चर्चा जरूरी समाज में समरसता होनी चाहिए : मोहन भागवत



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को परिवार और समाज से जुड़े 5 सूत्र बताए। उन्होंने कहा- हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। गरीब के साथ जुड़ाव रखें, उनको घर पर लेकर आएं और उनके घर पर भी जाएं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पांच दिन से अलवर प्रवास पर हैं। रविवार को वे सुबह 6:30 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचे, यहां स्वयं सेवकों को संबोधित किया।

**परिवार के सदस्यों के साथ बैठे, बातचीत करते रहना चाहिए :** भागवत ने कहा- हम सभी को परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर बातचीत करते रहना चाहिए। शाम को खाना खाते समय एक साथ बैठे, ताकि सभी के मन की बात पता रहे। अपने गांव-ढाणी के गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने की सोच रखनी चाहिए। गरीब के घर भी जाना चाहिए। गरीब को भी अपने घर बुलाना चाहिए। समाज में समरसता का माहौल रहना चाहिए। हर तबके को साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा- घर में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इस पर परिवार में एक-दूसरे के विचार जरूरी हैं। दूसरा हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिस राज्य में आप रहते हैं, उसकी वेशभूषा और खान-पान का पता रहना चाहिए।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली राइजिंग राजस्थान समिट की समीक्षा बैठक

# राजस्थान बन रहा निवेशकों की पहली पसंद, निवेश समिट में प्रवासी राजस्थानियों की भूमिका होगी अहम : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट के लिए समस्त अधिकारीगण टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल इन्वेस्टर्स मीट के आयोजन से राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को निर्देश दिए कि इस समिट के सफल आयोजन के लिए तय समय में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स मीट के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के लिए दिशा-निर्देश दिए।

**जिला स्तर पर भी होंगे इन्वेस्टर्स मीट :** शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान की सफलता में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इन्वेस्टर्स मीट की अहम भूमिका होगी। इसके लिए जिला कलक्टर्स एवं संबंधित विभाग स्थानीय स्तर पर निवेश के इच्छुक उद्यमियों से संवाद स्थापित कर बैठक आयोजित करें, जिससे निवेश धरातल पर मूर्त रूप ले सके और रोजगार के नवीन अवसर सृजित हो सकें। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न देशों एवं देश के विभिन्न राज्यों में जाकर निवेशकों के साथ बैठक करने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से निवेशकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी दौरा करने वाले अधिकारियों को होना बेहद जरूरी है। उन्होंने राजस्थान फाउन्डेशन के तहत प्रवासी राजस्थानियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन वैभव गालरिया,खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत उपस्थित रहे तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।



### विभाग स्तर पर होगा प्री-समिट का आयोजन

**मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए विभागीय स्तर पर प्री-समिट का आयोजन कार्ययोजना के साथ किया जाए। उन्होंने पर्यटन, नगरीय विकास एवं आवासन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य व रीको, कृषि एवं पशुपालन, शिक्षा, खान एवं पेट्रोलियम, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को प्री-समिट के जरिये संबंधित क्षेत्र के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित कर निवेश आकर्षित करने के निर्देश दिए।**

## हरियाणा चुनाव : अनिल विज की सीएम पद पर दावेदारी

### कहा- मैं सबसे सीनियर नेता; अमित शाह ने नायब सैनी को मुख्यमंत्री चेहरा बताया था



बढ़ता राजस्थान

**अंबाला ( एजेंसी )।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री और अंबाला कैंट के भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोका है। उन्होंने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विधायक-मंत्री रहते हुए खुद के कराए काम गिनवाए। विज ने कहा, मैं सबसे सीनियर नेता हूं। अपनी सीनियरिटी के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है। विज से पहले गुरुग्राम से सांसद और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी सीएम पद के लिए अपना दावा पेश कर चुके हैं। 29 जून 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंचकूला में नायब सैनी के चेहरे पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी। इसके बावजूद हरियाणा के कई सीनियर लीडर सैनी के नाम पर नाराजगी जता रहे हैं।

**मैंने आज तक कोई पद नहीं मांगा :** सारे हरियाणा से लोग आ रहे हैं। मैं जहां-जहां गया, लोग कह रहे हैं कि आप सीनियर हो, सीएम क्यों नहीं बने ? मैं उन लोगों की मांग पर अपनी सीनियरिटी के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है।

# अरविंद केजरीवाल 17 को दिल्ली सीएम पद से इस्तीफा देंगे



### इसी दिन मोदी का 74वां जन्मदिन; इस्तीफे के बाद विधायक नया मुख्यमंत्री चुनेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** । 2 दिन पहले (13 सितंबर) जमानत पर जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वे 2 दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दफ्तर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- भाजपा ने मुझ पर बेईमानी, भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, अब जनता की अदालत में मेरी ईमानदारी का फैसला होगा। दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया सीएम चुना जाएगा। चुनाव तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। मनीष सिसोदिया भी कोई पद नहीं लेंगे, उनका भी यही सोचना है। केजरीवाल के दो दिन में इस्तीफा देने के सवाल पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- आज रविवार है, सोमवार को ईद की छुट्टी है। वर्किंग डे 17 सितंबर को है। इस वजह से अरविंद ने 2 दिन का समय लिया है। 17 सितंबर को ही प्रधानमंत्री मोदी का 74वां जन्मदिन है। वे इस दिन कुछ घंटे गुजरात में रहेंगे फिर ओडिशा जाएंगे।

### केजरीवाल की स्पीच, 5 मैसेज

- भगत सिंह की किताब लेकर पहुंचे : केजरीवाल सभा में भगत सिंह की जेल में लिखी किताब भगत सिंह की जेल डायरीफ लेकर पहुंचे। कहा कि भगत सिंह के खत अंग्रेज बाहर ले जाते थे। मैं जेल में था, मेरी चिट्ठी एलजी तक नहीं पहुंचाई गई। मुझे धमकाया गया कि दोबारा ऐसा ना करूं।
- खुद को क्रांतिकारी मुख्यमंत्री कहा : केजरीवाल ने कहा कि भगत सिंह के बाद, 90-95 साल बाद आजाद भारत में एक क्रांतिकारी मुख्यमंत्री जेल गया। 15 अगस्त से 3 दिन पहले एलजी से कहा था कि मेरी जगह आतिशी को तिरंगा फहराने दिया जाए। चिट्ठी एलजी तक नहीं गई।
- माता सीता की तरह मेरी अग्निपरीक्षा : दिल्ली सीएम ने कहा कि जब 14 साल के बाद भगवान राम वनवास से लौटे तो माता सीता को अग्नि परीक्षा देनी पड़ी थी। आज मैं अग्निपरीक्षा दूंगा।
- गैर भाजपाई ष्टरूजेल जाएं तो इस्तीफा ना दें : केजरीवाल ने कहा- मैं सभी नॉन भाजपा सीएम से प्रार्थना करता हूं। अगर क्रूजेल भेजें तो इस्तीफा मत देना। हम सबको मिलकर लड़ना है। बहुमत से सरकार आई और मुख्यमंत्री इस्तीफा दे दे। इनका फॉर्मूला आम आदमी पार्टी ने फेल कर दिया।
- दिल्ली विधानसभा चुनाव नवंबर में हो :केजरीवाल बोले- फरवरी में चुनाव हैं, मैं मांग करता हूं कि चुनाव नवंबर में कराए जाएं। महाराष्ट्र के साथ चुनाव हों। आपका फैसला आने तक मैं जिम्मेदारी नहीं संभालूंगा।

## मस्क का स्पेस मिशन कामयाब, 4 एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे

### ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की पानी में लैंडिंग; वापसी में 27000 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड, 1900 डिग्री था तापमान



बढ़ता राजस्थान

**फ्लोरिडा( एजेंसी )।** स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन क्रू 15 सितंबर को पृथ्वी पर वापस लौट गया। ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट ने दोपहर 1:06 बजे फ्लोरिडा के ड्राई टोर्टुगास कोस्ट पर लैंडिंग की। पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुआ और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इलॉन मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट से पोलारिस डॉन मिशन को 10 सितंबर को लॉन्च किया गया था। 5 दिन के इस मिशन में 4 एस्ट्रोनॉट जिस ऑर्बिट (1,408.1 किलोमीटर) में गए थे, उसमें 50 साल से ज्यादा समय से कोई एस्ट्रोनॉट नहीं गया।

**मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा था लौटना :** किसी भी स्पेस मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा पृथ्वी पर लौटना होता है। सुरक्षित रूप से घर पहुंचने के लिए, क्रू ड्रैगन कैप्सूल ने डी-ऑर्बिट बर्न शुरू किया। लगभग 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुआ और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। 4-मीटर चौड़े ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के नीचे लगी हीटशील्ड एस्ट्रोनॉट्स को इस तापमान से सुरक्षित रखा। जैसे-जैसे स्पेसक्राफ्ट नीचे आया उसकी रफ्तार को धीमा किया गया। इसकी रफ्तार को और ज्यादा धीमा करने के लिए पैराशूट खोले गए और पानी में लैंडिंग हुई। वहां एक स्पेशल बोट पर पहले से बचाव दल मौजूद है।

## लोकसभा-अध्यक्ष बोले : जातियों के आधार नेतृत्व नहीं करता वैश्य समाज

### बिड़ला ने कहा- हम कभी भामाशाह बने तो कभी स्वतंत्रता संग्राम में आहुतियां दी; विधायक-सांसदों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तहत वैश्य समाज से जुड़े प्रदेश के विधायक और सांसद एक मंच पर आए हैं। सम्मेलन में विकसित भारत 2047 के विजन में वैश्य समाज की भूमिका पर चर्चा हो रही है। महासम्मेलन, राजस्थान की ओर से जयपुर में वैश्य सांसद और विधायकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद हैं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा- देश के विकास में वैश्य समाज का विशेष योगदान रहा है। आजादी में भी वैश्य समाज के लोगों ने योगदान दिया है। आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों का सहयोग किया और आजादी से पहले जब राजा महाराजाओं का राज था। वैश्य समाज ने भामाशाह के रूप में भी सहयोग किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम कुमार दक, विधायक कालीचरण सराफ, प्रताप सिंह सिंघवी, दीप्ति माहेश्वरी, गणेशराज बंसल, अशोक कोठारी, सांसद दामोदर दास अग्रवाल, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल सहित वैश्य समाज से जुड़े अन्य जनप्रतिनिधि और समाज से जुड़े लोग मौजूद थे।



**कोई सेक्टर ऐसा नहीं जहां समाज के लोग ना हो- बिड़ला**-भारत में सामाजिक और आर्थिक बदलाव सबसे ज्यादा हो रहा है। हम परिवर्तन में आगे हैं, टेक्नोलॉजी में आए हैं। रिसर्च में भी प्रतिस्पर्धा करके आगे बढ़ते जा रहे हैं। 10 साल में कोई सेक्टर ऐसा नहीं है जहां देश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ हो। मैं जितने देशों में गया, मुझे वहां काम करने वाले व्यक्ति हिंदुस्तान के हैं।

### बिड़ला ने संबोधन में कहा-

मैं कई गांवों में गया, मुझे हर जगह समाज के लोग मिले। मैंने वैश्य समाज को देखा वो लोकल पॉलिटिकल्स में नहीं पड़ते थे। वे व्यापार में ध्यान देते थे। मैंने कोरोना के बाद देखा कि संकट के समय सबसे आगे रहे तो भारत के लोग रहे। यह हमारे संस्कार हैं।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) पर्व पर सोमवार को रहेगा यातायात प्रबन्ध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का त्यौहार मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का जुलूस दोपहर बाद दो बजे से चार दरवाजा मौलाना जियाउद्दीन चौराहा से रवाना होकर सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट, रामगढ़ मोड़ चौराहा होता हुआ कर्बला पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो जाएगा। इस जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार जुलूस के रवाना होने से पूर्व सुभाष चौक एवं रामगंज चौपड से चार दरवाजा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार सुभाष चौक एवं रामगंज चौपड से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। जुलूस के सुभाष चौक पहुंचने से पूर्व बड़ी चौपड़ से सुभाष की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को बड़ी चौपड़ से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। जुलूस के सुभाष चौक पहुंचने से पूर्व रामगढ़ मोड़ से सुभाष की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को रामगढ़ मोड़ से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। धोबी घाट से रामगढ़ मोड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को धोबी घाट से डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। आमेर से आमेर घाटी होकर जल महल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार आमेर से आमेर तिराहा दिल्ली रोड की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। आमेर तिराहा दिल्ली रोड से आमेर की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार आमेर तिराहा दिल्ली रोड से डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। हवामहल बाजार, सुभाष चौक से रामगढ मोड़, माउन्ट रोड, रामगंज बाजार, घाटगेट बाजार, रामगंज चौपड़ से चार दरवाजा, चार दरवाजा से सुभाष चौक तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेद्य रहेगी। आमेर से सांगानेरी गेट तथा रामगंज चौपड़ से चांदपोल के बीच चलने वाली मिनी बसें,सिटी बसें एम,आई, रोड़,अशोका मार्ग, घाटगेट, ट्रांसपोर्ट नगर, गलता गेट, धोबी घाट से आवागमन रहेगा।

# अगले साल और वृहद व बेहतर आयोजन के वादे के साथ राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट का समापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में सुगम, सहज और सुविधाजनक पर्यटन की अपार संभावनाओं को उजागर करने वाले चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) का रविवार को समापन हुआ। डोमेस्टिक और विजेल टुरिज्म को बढ़ावा देने वाले इस मार्ट का आयोजन फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें केंद्रीय पर्यटन विभाग ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। इस वर्ष आरडीटीएम में वेडिंग, इन्सेंटिव, कॉन्फ्रेंस और इवेंट्स (माइस) की थीम साकार हुई। मार्ट में 200 से अधिक स्टॉल्स और 600+ होटलों ने अपनी सर्विस को प्रजेंट किया। बी2बी और बी2सी बैठकों में बढ़ी भागीदारी ने राजस्थान के प्रति पर्यटकों व इवेंट आयोजकों के प्रेम को जाहिर किया। राजस्थान के हैंडलूम प्रोडक्ट्स, सांस्कृतिक प्रस्तुति ने आगंतुकों को राजस्थान के रंग में रंगा। वहीं टॉक सेशंस में राजस्थान की गौरवमयी संस्कृति से सभी का साक्षात्कार हुआ।

मार्ट में गत दिनों शामिल हुई राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और आरडीटीएम जैसे आयोजन इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मार्ट ने हमें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता और विविधता को देश-विदेश के खरीदारों के समक्ष प्रस्तुत करने का मौका दिया है। हम लगातार पर्यटन के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में सुधार कर रहे हैं, जिससे पर्यटकों को राजस्थान में यादगार अनुभव मिल सके। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पर्यटन के विकास पर आगामी कार्य किए जाने की योजना पर तैयारी की जा रही है।

एफएचटीआर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा कि आरडीटीएम में टूरिज्म सेक्टर से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स एक मंच पर आए। ग्रामीण पर्यटन और नई डेस्टिनेशनों को बढ़ावा देने के साथ, कार्यक्रम ने माइस और वेडिंग टूरिज्म की अपार संभावनाओं पर जोर दिया गया। विभिन्न पर्यटन हितधारकों ने राजस्थान के पर्यटन को बढ़ाने के लिए न केवल नई योजनाओं पर चर्चा की, बल्कि राज्य के भीतर और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए एक समृद्ध और सुरक्षित अनुभव देने की प्रतिबद्धता भी जताई। एफएचटीआर का प्रतिनिधिमंडल आईएफटीएम टॉप रेसा पेरिस जाकर राजस्थान टुरिज्म को प्रमोट करेगा। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के सहयोग से 16 सितंबर को जयपुर से मंडावा, जोधपुर, पुष्कर, बूंदी,



रणथम्भौर, कुंभलगढ़, सहित राजस्थान के अन्य टूरिस्ट स्पॉट्स के फेम टूर पर रवाना होंगे। साल 2025 में और भी वृहद स्तर पर बेहतरीन तरीके से आरडीटीएम का आयोजन किया जाएगा। आरडीटीएम 2024 के आयोजन में होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए), राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) सहित कई प्रमुख संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर छह लाख रुपए ठगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चित्रकूट थाना इलाके में एक ठग ने पुलिस अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर एक व्यक्ति से छह लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि ठग ने पुलिस अधिकारी बनकर धमकाया कि उसके नाम से जारी सिम कार्ड से मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है और उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस आ रही है। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी जहीर अब्बास ने बताया कि चित्रकूट जयपुर निवासी सुनील ने मामला दर्ज करवाया है कि सात सितम्बर को उसके मोबाइल पर एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को लखनऊ थाना पुलिस का एसआई सुनील मिश्रा बोलते हुए कहा कि उसके आधार कार्ड से लखनऊ में सिम कार्ड जारी हुआ है। इस सिम कार्ड से नवाब मलिक नाम के व्यक्ति के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रुपयों का लेन-देन हुआ है। इसलिए उसके खिलाफ अपराध बनाता है और पुलिस गिरफ्तार करने आ रही है।

आरोपित ने पुलिस उपायुक्त से बात कराने की कहकर उसे डरा-धमकाकर पूरी तरह उस अपने जाल में फांस लिया। उसका आधार कार्ड वॉट्सऐप करवाकर खुद के पास मंगवा लिया। घरवालों को बताने पर उनको भी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। डरा-धमकाकर उसके पैसों की आरबीआई और ईडी से जांच को लेकर डिटेल मांगी। बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर नहीं करने पर गिरफ्तार करने के लिए धमका इंटरनेट बैंकिंग का यूजर नेम और पासवर्ड पूछ कर छह लाख रुपए निकाल लिए। फोन आने वाले नंबर पर संपर्क करने की कोशिश करने पर बंद मिला। धोखाधडी का का एहसास होने पर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## श्री दादू पालकाँ भैराणा धाम की विशाल पदयात्रा का शुभारंभ

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई विशाल शोभायात्रा, गवर्नमेंट हॉस्टल पर हुआ विसर्जन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री दादू पदयात्रा समिति के तत्वावधान में रविवार को 30वीं पदयात्रा का शुभारंभ श्री दादू मंदिर आमेर से हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ये पदयात्रा आमेर से श्री दादू पालकाँ भैराणा धाम के लिए रवाना हुई। मंदिर आमेर से श्री दादू पालकाँ भैराणा धाम बिचून की 30 पदयात्रा को रवाना करने से पहले पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज ने विधि-विधान से पूजन कर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा ने बड़ी चौपड पर श्री दादू वाणी ने भव्य शोभायात्रा का रुप धारण कर लिया। शोभायात्रा में दादू पंथ के आचार्य ओमप्रकाश दास महाराज रथ में विराजमान हुए साथ दादू पंथ के ऐतिहासिक नागा खण्डेत व्यायाम प्रदर्शन व साधु संत श्री दादू वाणी जी के रथ के साथ चल रहे थे।



#### प्रसिद्ध जिया बैंड हुआ शोभायात्रा में शामिल

इस शोभायात्रा में हाथी ,घोड़ों के साथ जयपुर के प्रसिद्ध जीया बैंड, दो अन्य बैण्ड एवं दादू पंथी नागा जमातों के साथ ध्वज निशान व पंचरंगा आदि शहर वासियों को देखते ही आकर्षित कर रहे थे। भव्य शोभायात्रा में बड़ी चौपड़,छोटी चौपड़ होते हुए अजमेरी गेट,एमआई रोड,गार्वेमेंट हॉस्टल पहुंची । इस दौरान जगह -जगह जल,अल्पाहर फल वितरण किए गए।

#### जन प्रतिनिधियों ने उतारी आरती

शोभायात्रा के दौरान जन प्रतिनिधियों ने कही जगहों पर श्री दादूवाणी की आरती उतारी और आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया। जिसमें विधायक सांसद,मंत्री एवं कई गणमान्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। त्रिपोलिया गेट पर पदयात्रा समिति के सरंक्षक रामदास सोलियां ने आरती उतारी,छोटी चौपड़ पर पदयात्रा समिति के अध्यक्ष प्रकाश सोत्रियां,कोषाध्यक्ष राजेश सोखियां एवं महंत राम प्रकाश जमात निवाई,महंत लक्ष्मण दास रागोला,महेत गोरधन भैराणा धाम और अनेक महंतो के साथ आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सभी शहर वासी पदयात्रा के साथ चले।

#### गवर्नमेंट हॉस्टल पर हुआ शोभायात्रा का विसर्जन

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई गवर्नमेंट हॉस्टल पहुंची, जहां पर शोभायात्रा का विसर्जन हुआ। दादू पदयात्रा आमेर से रवाना होकर रविवार को भांकरोटा पहुंची। जहां पर पदयात्रा रात्रि विश्राम करेंगी। सोमवार सुबह पदयात्रा बेगस के लिए रवाना होगी और रात्रि विश्राम करेंगी। मंगलवार को पदयात्रा बंदे के बालाजी के लिए प्रस्थान करेंगी और रात्रि विश्राम के बाद भैसाणा पहुंचेगी ।जहां पर पदयात्रा का समापन होगा।

## कर्मचारी महासंघ के चुनाव संपन्न राजेंद्र राणा पुनः निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के चुनाव जयपुर में मनोचिकित्सालय में स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुए। जिसमें राज्य के विभिन्न 41 संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी ने निर्वाचन में भाग लिया। जिसमें राजस्थान प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने राजेंद्र राणा का पुनः अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए नाम प्रस्तावित किया। जिसे नर्सेज के अध्यक्ष भूदेव धाकड़ एवं संविदा कार्मिकों के अध्यक्ष राजेश कटारे ने अनुमोदन किया और सदन ने सर्वसम्मति से राजेंद्र राणा को अगले दो वर्ष के लिए पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। इसके बाद महासंघ महा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि ओपीएस,वेतन में विसंगति, संविदा निविदा नियमितीकरण जैसे अनेक मुद्दों पर सरकार के समक्ष रखा जाए तथा सरकार को समयबद्ध अल्टीमेट दिया जाए एवं महासमिति बैठक निर्णय लिया कि महासंघ अध्यक्ष पुनः नव कार्यकारिणी का आगामी 15 दिन में गठन कर कर्मचारी मांगों को गति प्रदान करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सियाराम शर्मा ने बताया कि निर्वाचन निर्विरोध होने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी । निर्वाचन के बाद महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा का स्वागत किया तथा कहां की कर्मचारी की मांगों के लिए सदैव तत्पर एवं सजग रहने की आवश्यकता है । इस निर्वाचन में विभिन्न विभागों के 41 संगठनों के प्रमुख एवं महामंत्री एवं महासंघ के जिला अध्यक्षों एवं संयोजकों ने भाग लिया।

## तीन ड्रग्स माफिया चढ़े पुलिस के हत्थे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत चौमू एवं भांकरोटा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही उनके पास से 42 ग्राम 964 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया सहित एक चौपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने चौमू एवं भांकरोटा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले सुरेंद्र कुमार पलसानिया (30) निवासी शाहपुरा जयपुर,अमर सिंह मीणा (30) निवासी अजीतगढ़ जिला नीमकाथाना और अंकित डाबी (18) निवासी भांकरोटा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 42 ग्राम 964 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया सहित एक चौपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस आरोपितों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

## नेट थिएट पर स्वर पखावज, मुंबई के ऋतुराज भोसले ने पखावज पर चौताल की प्रस्तुति दी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज मुंबई के युवा पखावत वादक ऋतुराज भोसले ने अपने पखवाज वादन से दर्शकों का दिल जीता । नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि मुंबई निवासी ऋतुराज भोसले ने पखावज पर



चौताल लाल की प्रस्तुति से सभी को मंत्र मुक्त किया । 12 मात्रा की चोताल को चार ताल भी कहा जाता हे । ऋतुराज भोसले ने अपने पखावज वादन मे अपने गुरु के सबक को बेहद खूबसूरती से प्रस्तूत किया। ऋतुराज ने घरानेदार परणे , सुन्दर तिहाई, वे अनके लेयकारी और पखावज की अनेक दुर्लभ बंदिशो को बाखूबी प्रस्तुत किया। ऋतुराज के साथ राजस्थान के एकमात्र दिलरुबा वादक मोहम्मद उमर ने नगमा संगत को दर्शकों ने खूब सराहा । कार्यक्रम का संचालन प्रिंस ऑफ़ वायलिन गुलजार हुसैन ने किया । कार्यक्रम में खुशी खरीद के देवेंद्र सिंघवी की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए । कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी कैमरा लाइट्स मनोज स्वामी संगीत सागर गढ़वाल और वीरेंद्र सिंह राठौड़ मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवतेश शर्मा की रही ।

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 की सफलता के लिए गणेश जी को निमंत्रण देकर किया पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर के तत्वावधान में भगवान श्री अग्रसेन की 5148 वीं जन्म जयंती के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाडेवाला ने बताया कि श्री अग्रसेन की 5148 वीं जन्म जयंती के अवसर पर 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2024 तक आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए मोती डूंगरी स्थित भगवान श्री गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर मंदिर महंत कैलाश चंद्र शर्मा ने अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाडेवाला, जयंती के मुख्य संयोजक सुभाष मेडवाले, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ईंटों वाला, पवन गोयल महामंत्री कमल नानू वाला, विनोद कुमार अग्रवाल, नारायण चावल वाला, सुमित अग्रवाल, विमल सर्राफ अरविंद भोमिया की मोजुदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया।



भाडेवाला ने बताया कि जयंती के मुख्य संयोजक सुभाष मेडवाले ने बताया कि 3 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण एवं 9-30 बजे पूजा अर्चना के साथ आरती की जाएगी।

4 अक्टूबर शुक्रवार को सायंकाल 4 बजे श्री अग्रवाल सेवा सदन चांदपोल बाजार से रवाना होकर छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट होते हुए आगरा रोड स्थित अग्रवाल कॉलेज प्रांगण पहुंचेगी। 5 अक्टूबर शनिवार को श्री अग्रसेन कटला में 1 बजे से 6 बजे तक महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 6 अक्टूबर रविवार को श्री अग्रसेन कटला में सुबह 8-30 बजे से 1 तक मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। 7 अक्टूबर सोमवार को सायंकाल 6 बजे से स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला सभागार में समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट लीग मैच जयपुर निवासी रोहित शर्मा ने भारत का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट लीग मैच में शानदार पारी खेलते हुए जयपुर निवासी रोहित शर्मा ने भारत का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार रोहित शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा जो दुबई में इंटरनेशनल कंपनी में कार्यरत है। सत्यनारायण शर्मा ने बताया है कि रोहित शर्मा अपने कार्य के साथ-साथ क्रिकेट में भी रुचि रखते हैं। जहां उन्होंने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट लीग मैच में शानदार पारी खेलते हुए मैन ऑफ द मैच रहे। रोहित शर्मा जयपुर आने पर राजस्थान ब्राह्मण समाज की ओर से उन्हें सम्मानित किया जाएगा। भारत का नाम रोशन करने के साथ-साथ ब्राह्मण समाज का भी नाम रोशन किया है। ब्राह्मण समाज रोहित शर्मा की उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित करता है।




## प्रभावी हाइपरटेंशन प्रबंधन के लिए घर पर ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में डॉक्टरों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैः ओमरोन हेल्थकेयर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बीपीकॉन 2024 (भारतीय हाइपरटेंशन सोसायटी का 34वां वार्षिक सम्मेलन) में ओमरोन हेल्थकेयर इंडिया ने हाइपरटेंशन प्रबंधन के लिए घर पर ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग (एचबीपीएम) को बढ़ावा देने में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। यह सम्मेलन 14-15 सितंबर 2024 को जयपुर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा घर पर नियमित ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग को डेली हेल्थ केयर का हिस्सा बनाने के महत्व पर चर्चा की जा रही है।

ओमरोन हेल्थ केयर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, तेत्सुया यामादा ने कहा कि डॉक्टरों का मरीजों के व्यवहार और इलाज में सहयोग महत्वपूर्ण है। ओमरोन इस बात को समझते हुए डॉक्टरों




को ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देकर सशक्त बनाना रहता है। हम डॉक्टरों से यह आग्रह करते हैं कि वे अपने मरीजों को घर पर नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करने के लिए प्रेरित करें, ताकि हाइपरटेंशन के प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा सके।

यामादा ने आगे बताया कि भारत में लगभग 22 करोड़ लोग हाई ब्लड प्रैश्रर से पीड़ित हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन के अनुसार केवल पन्द्रह प्रतिशत लोग ही इलाज करवा रहे हैं और मात्र पांच प्रतिशत लोग डिजिटल बीपी मॉनिटर का उपयोग कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि अधिकांश लोग अपनी स्थिति से अनजान हैं या सही इलाज नहीं करवा रहे हैं। इंडिया हार्ट स्टडी 2020 के अनुसार घर पर ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग वाइट कोट हाइपरटेंशन और मास्क हाइपरटेंशन की पहचान के लिए बेहतर तरीका है। सही जानकारी और उपकरणों से लैस डॉक्टर हृदय रोगों के बढ़ते बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

ओमरोन हेल्थकेयर ने लगभग आधी सदी से हाइपरटेंशन प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभाई है और अब कंपनी ने अपनी रेंज का विस्तार करते हुए सटीक निगरानी के लिए ब्लड प्रेशर के साथ-साथ ईसीजी और एट्रियल फिब्रिलेशन (ऐफ़िब) उपकरण भी पेश कर दिए हैं। यामादा ने कहा, ष्हाइपरटेंशन के साथ स्ट्रोक का जोखिम 3.4 गुना बढ़ जाता है, जबकि ऐफ़िब के मामले में यह 5 गुना बढ़ जाता है। ऐफ़िब की निगरानी और डॉक्टरों को सूचित करना हृदय और मस्तिष्क स्वास्थ्य के प्रारंभिक प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। ओमरोन के सभी उपकरण कनेक्टेड होते हैं, जिससे डॉक्टरों को रियल टाइम में जानकारी मिलती रहती है।

## सन कॉलेज की मेजबानी में अन्तर महाविद्यालय बेडमिन्टन प्रतियोगिता 2024 का 18 सितम्बर को आगाज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुविवि से सबद्ध सन कॉलेज, इस वर्ष सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय बेडमिंटन (पुरूष एवं माहिला वर्ग) प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। महाविद्यालय निदेशक अरुण मांडोत ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आगाज 18 सितम्बर को प्रात: 10 बजे एम.बी. खेल परिसर के अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीपरपज हॉल मे होगा, जिसके उद्घाटन समारोह के अतिथि सुविवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.शूरवीर सिंह भाणावत, विवि क्रीड़ा मण्डल अध्यक्ष प्रो. नीरज शर्मा ,अन्तराष्ट्रीय बैंडमिन्टन खिलाडी श्री विक्रमादित्य चौफला , विवि क्रीड़ा मण्डल सचिव डॉ.भीमराज पटेल शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता की आयोजन अध्यक्ष प्राचार्या डॉ. प्रीति धुप्पड़ ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में सुविवि से सबद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं भाग लेंगे जिसमें विजेता टीमों को पुरुस्कृत किया जायेगा साथ ही सर्वश्रेष्ठ महिला व पुरुष खिलाड़ी को भी पुरस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट की आयोजन सचिव डॉ. शुभा सुराणा ने बताया कि प्रत्येक महविद्यालय से एक पुरुष टीम में न्यूनतम 5 एवं अधिकतम 7 प्रतिभागी एवं महिला टीम में न्यूनतम 3 एवं अधिकतम 5 प्रतिभागी भाग लेंगे। विजेता टीम का चुनाव विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल के नियमानुसार किया जायेगा। प्रतियोगिता के आवेदन 16 सितंबर तक आमंत्रित है। 19 सितंबर को दोपहर 3 बजे समापन समारोह किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों के रूप में ज़िला खेल अधिकारी- डॉ. महेश पालीवाल, विश्वविद्यालय योग केंद्र के समन्वयक डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान ,सहायक निदेशक,शारीरिक शिक्षा डॉ. हेमराज़ चौधरी उपस्थित रहेंगे। महाविद्यालय के इस आयोजन में आकाश मेहता, कीर्ती सामोता,मेघराज सालवी, प्राची मेहता आदि रहेंगे।

# एमडीएस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई वेस्ट जोन चेस टूर्नामेंट : शह और मात के खेल में बुद्धिबल का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** एमडीएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई वेस्ट जोन इंटर स्कूल चेस टूर्नामेंट का सोमवार को समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचन्द कटारिया होंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 150 स्कूलों के लगभग 1200 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्होंने अपने दिमागी कौशल और शतरंज की चालों से खेल का रोमांच बढ़ाया।

दूसरे दिन का रोमांचक मुकाबला-दूसरे दिन के खेल में शतरंज के खिलाड़ियों ने अपने दिमागी घोड़ों को दौड़ाते हुए अपनी-अपनी टीम की जीत का दावा किया। आज के समारोह के मुख्य अतिथि एमडीएस स्कूल के ट्रस्टी श्री राजेन्द्र पारख, समाजसेवी श्री सुधीर जोशी एवं शिक्षाविद् श्री राज रिशी शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के संस्थापक डॉ. रमेश चन्द्र सोमानी ने की। प्रमुख मुकाबले और परिणाम-विद्यालय के निदेशक शैलेन्द्र सोमानी व अंतर्राष्ट्रीय फ़िडे आर्बिट्रेटर राजेंद्र साहू ने बताया कि खेले गये मैचों में श्री सत्य सांई विद्या विहार इन्दौर ने महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल जयपुर को 3.5-0.5 अंक से,नीरजा मोदी स्कूल जयपुर ने सेंट एन्थोनी सी.सै. स्कूल उदयपुर को 4-0 से,कारमेल कॉन्वेंट स्कूल भोपाल ने सीपीएस उदयपुर को 4-0 से,सेंट जोसफ कान्वेंन्ट सी.सै. स्कूल रातला ने डीपीएस उदयपुर को 3-1 से,पायोनियर पब्लिक स्कूल उदयपुर ने मात्रो विज़न एकेडमी बुरहानपुर मध्यप्रदेश को 3-1 से,सेंट मैरी कॉन्वेंन्ट पब्लिक स्कूल उदयपुर व भारत माता कॉन्वेंन्ट सी.सै. स्कूल मध्यप्रदेश के बीच मुकाबला 2-2 से बराबर, ज्ञानस्थली विद्यालय सी.सै.रीवा ने ब्राइटलैण्डस गर्ल्स सी.सै. स्कूल जयपुर को 3-0 से,लक्की इन्टरनेशनल स्कूल जोधपुर ने मानव केन्द्र ज्ञान मन्दिर स्कूल गुजरात को 3-1 से,इमानुअल मिशन सी.मध्य विद्यालय जालोर ने बेसलियस पब्लिक स्कूल गुजरात को 3-1 से हराया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दूसरे राउण्ड में दिल्ली पब्लिक स्कूल पाल जोधपुर व द शिशुकुन्ज इन्टरनेशनल जालारिया के बीच मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। श्री सत्य सांई विद्या विहार इन्दौर ने एमडीएस पब्लिक स्कूल उदयपुर को 2.5-1.5 से, नीरजा मोदी स्कूल जयपुर ने सेंट एन्थोनी सी.सै. स्कूल उदयपुर को 3-1 से, द शिशुकुन्ज इन्टरनेशनल स्कूल नॉर्थ सीए ने माउण्ट लिटेरा ज़ी स्कूल अहमदाबाद को 2.5-1.5 से,महाराणा मेवाड़ विद्या मन्दिर उदयपुर ने सेंट गेब्रिला हायर सैं. स्कूल मध्यप्रदेश को 2.5-1.5 से,दिल्ली पब्लिक स्कूल उदयपुर ने रॉकवुड हाई स्कूल उदयपुर को 3.5-0.5 अंक से,आनन्द विद्या विहार वड़ोदरा ने पायोनियर पब्लिक स्कूल उदयपुर को 3-1से,जयश्री पेरिवाल ग्लोबल स्कूल जयपुर ने सेंट जोसफ कान्वेंन्ट सी.सै. स्कूल रातला को 4-0 से हराया। अलवर पब्लिक स्कूल व सरदार दून पब्लिक स्कूल जोधपुर के बीच मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। लिटिल एन्जिल हाई स्कूल ग्वालियर ने विद्या भवन पब्लिक स्कूल फतहपुरा उदयपुर को 3-1 से,न्यू एरा सी.सै. स्कूल गुंजरात ने राधिका एज्यूकेयर स्कूल गुजरात को 3-1 से,द विट्स स्कूल सतना मध्यप्रदेश ने श्रीदेवी भागीरथ राठी माहेश्वरी विद्या को 3-1 से ,इन्दौर पब्लिक स्कूल इन्दौर ने जिंक विद्यालय जिंक कोलोनी हुरड़ा भीलवाड़ा को 3-1 से,ग्लोबल डिस्कवरी गुजरात माहेश्वरी पब्लिक स्कूल अमजेर को 3-1 से, हिल्स हाई स्कूल को वेसू सूरत ने लक्की इटन्टरनेशनल जोधपुर को 3-1 से हराया, जबकि मानव केन्द्र ज्ञान मन्दिर स्कूल गुजरात को 2 अंको बाय मिला। नीरजा मोदी स्कूल जयपुर व सेंट गेब्रिला हायर सै. स्कूल मध्यप्रदेश के बीच मुकाबला 2-2 से बराबर रहा।दिल्ली पब्लिक स्कूल ने महाराणा मेवाड़ विद्या मन्दिर उदयपुर को 3-1 से,कारमेल कॉन्वेंन्ट स्कूल भोपाल ने विद्या भवन पब्लिक स्कूल फतहपुरा को 4-0 से,सेंट एन्थोनी सरी.सै. स्कूल ने श्रीदेवी भागीरथ राठी माहेश्वरी विद्या को 4-0 से,हिल्स हाई स्कूल वेसू सूरत ने ब्राइट लैण्ड्स गर्ल्स सी.सै.स्कूल जयपुर को 3-1 से अंक से हराया।




# बीसलपुर बांध पर जल महोत्सव : जल संरक्षण की शपथ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

## जिला प्रमुख ओर उपखंड अधिकारी मनोज मीणा ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया





बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** एकादशी के अवसर पर बीसलपुर बांध की बनास नदी के किनारे स्थित गणेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में जिला स्तरीय जल महोत्सव मनाया गया। इस दौरान जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत भी हुई। बीसलपुर परियोजना निर्माण खंड-तृतीया के अधिशाषी अभियंता मनीष कुमार बंसल ने जानकारी में बताया कि जल महोत्सव कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल रही । इस दौरान जिला प्रमुख ओर उपखंड अधिकारी मनोज मीणा ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने बीसलपुर बांध की बनास नदी किनारे विधिवत विधान के साथ पूजा अर्चना की साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर छात्र छात्रओ ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की तो वहीं छात्रों ने प्रतियोगिता का भी आनंद उठाया। मनीष बंसल ने बताया कि इस मौके पर बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वी के सागर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला प्रमुख सरोज बंसल उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा और राज महल सरपंच कृष्ण गोपाल सोयल ने लोगों को जल का महत्व बताते हुए जल बचाने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर बांध परियोजना के मनीष बंसल ने बांध का महत्व बताते हुए कहा कि हमें आज के समय में जल की महत्वता को समझना चाहिए। और जल का संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ने भी बीसलपुर बांध की विस्तृत जानकारी दी। और जल बचाओ का संदेश दिया।

# डी पी एस, उदयपुर के नन्हें तैराकों ने जीती चौंपियन ट्रॉफी

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के नन्हें तैराकों ने अंडर 14 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चैंपियन ट्रॉफी जीती। इस प्रतियोगिता में आलिया सक्सेना ने 50 मीटर, 100 मीटर व 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में व्यक्तिगत स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक जीतकर सफलता का परचम फहराया दिया।

इसी क्रम में अनन्या दाधीच ने 50 मीटर, 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में कुल तीन स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर बैकस्ट्रोक में एक रजत पदक अपने नाम कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। ज्योत्स्ना पुरोहित ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में एक स्वर्ण पदक, नित्या शर्मा ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में एक स्वर्ण पदक, कौस्तुभ आमटा ने 50 मीटर व 100 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य और 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में रजत पदक, काव्य बोराणा ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में एक रजत पदक, मनन सिंह ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में एक रजत पदक व शौर्य प्रताप यादव ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल रीले में एक रजत पदक प्राप्त किया है। तैराकों के इस शानदार प्रदर्शन पर प्राचार्य श्री संजय नरवरिया ने सभी विजेताओ, उनके अभिभावकों तथा कोच दीपक पंवार व श्रीमती लोकेश्वरी राणावत को बधाई दी। प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन विजेताओं ने संस्था को गौरव प्रदान किया है। उन्होंने सभी तैराकों व कोच को बधाई दी।

**चाकू से केक कटने की बजाय बुजुर्गों का लें आशीर्वाद**

# अपने जन्म दिन को मनाएं सनातनी अंदाज में : शर्मा

## वैद्य मोहनलाल जी ने अपने पोते का जन्म दिन मनाया अनोखे अंदाज में

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** नगरपालिका चाकसू कस्बे में शनिवार शाम को सर्व कल्याणार्थ संगीतमय सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का महा आयोजन किया गया। श्री हरी कीर्तन प्रेमी सुंदरकांड मंडल चाकसू द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड के पठन से श्रद्धालु झूम उठे ओर पूरे समय तालियां बजाकर सुंदरकांड की चौपाई दुहराते रहे। धीरे धीरे भक्तों का जमावड़ा लग गया। श्री हरी कीर्तन प्रेमी सुंदरकांड मंडल प्रतिनिधि ने बताया कि झूला एकादशी पावन अवसर पर कस्बे के वार्ड 16 मोहन लाल जी वैद्य के निज निवास पर दीप प्रज्ज्वलित कर गायकों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी।सुन्दर काण्ड मंडल चाकसू की अगुवाई में सर्व जीव कल्याणार्थ शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक सामूहिक रूप से संगीतमय सुन्दर काण्ड के पाठ का महाआयोजन किया गया। मंडल सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया की सुंदर काण्ड के पाठ निशुल्क है।मंडल पाठ की एवज में कोई राशि नही लेता है। पाठ के समापन से पूर्व महाआरती की थाली से प्राप्त संपूर्ण राशि कामधेनु गोशाला में भेंट की जाती है।

**शाकम्भरी विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह**

# नन्हें मुन्ने बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

## विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप एक लाख से अधिक राशि के छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए गए

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** शनिवार को शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह लोक रंजन परिषद भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ और उसके बाद विद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति, राजस्थानी एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरदारशहर पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, त्याग एवं समर्पण की आवश्यकता होती है। मेहनत के बल पर पाई गई सफलता की प्रसिद्ध चारों ओर फैलती है एवं वह परिवार एवं समाज के लिए सुखद होती है। इस अवसर पर श्री माहेश्वरी एवं अन्य अतिथियों ने बोर्ड कक्षाओं में 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्यारह- ग्यारह हजार रुपए के चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये। इस अवसर पर एसीबीईओ बाबूलाल शर्मा एवं समाजसेवी मदन लाल शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के बल पर सफलता अर्जित करने और शिक्षा के द्वारा समाज में परिवर्तन लाने का आह्वान किया एवं उनको सफलता के मंत्र बताएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी आगंतुक अतिथियों, अभिभावकों एवं नगर वासियों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता ओम प्रकाश सुथार ने किया।



# भाजपा के श्रद्धा केंद्र सम्मान कार्यक्रम के तहत देवली में पुजारियों को सम्मानित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां भारतीय जनता पार्टी के श्रद्धा केंद्र सम्मान कार्यक्रम के प्रथम चरण के अन्तर्गत देवली शहर मंडल द्वारा शहर के श्रद्धा केंद्रों में जाकर सम्मान कार्यकर्म किया गया । अंकित डाबर ने बताया कि शहर के नेवर बाग बालाजी, गोपाल मंदिर एजेंसी, गंगागोरिया बालाजी, राम दरबार बस स्टैंड, राठौर तेलियान समाज मंदिर, ग्वाला समाज मंदिर, चारभुजा जी ममता सर्कल,बावड़ी के बालाजी, नेकचाल बालाजी,चारभुजा मंदिर अग्रवाल पंचायत ,शिवमन्दिर कृषि उपज मंडी, के पुजारियों को श्रीफल, शॉल, भेंट कर सम्मान किया।

# संगीतमय सुंदरकांड में चौपाईयों की गूंज से झूम उठे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** नगरपालिका चाकसू कस्बे में शनिवार शाम को सर्व कल्याणार्थ संगीतमय सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का महा आयोजन किया गया। श्री हरी कीर्तन प्रेमी सुंदरकांड मंडल चाकसू द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड के पठन से श्रद्धालु झूम उठे ओर पूरे समय तालियां बजाकर सुंदरकांड की चौपाई दुहराते रहे। धीरे धीरे भक्तों का जमावड़ा लग गया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के तत्वावधान में समाज की भावी धरोहर व समाज को अपने कार्यों से गौरवान्वित करने वाले होनहार प्रतिभाओं का सम्मान समारोह 15 सितंबर 2024को सिंघी गार्डन, पुलिस थाने के सामने, जोबनेर में वृंदावन के विरक्त कुटी आश्रम के प्रसिद्ध संत शिरोमणि श्री बालकदास जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह जी शाहपुरा , कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपूत सभा के केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई तथा समाज के प्रतिष्ठित बंधु विशिष्ट अतिथि रावल संग्राम सिंह जी जोबनेर रहे हैं। इस दौरान श्री राजपूत सभा जयपुर देहात अध्यक्ष मोती सिंह सांवली ने बताया कि ग्राम हिंगोनिया निवासी स्वर्गीय भंवर सिंह जी राजावत रिटायर्ड थानेदार जी के द्वारा पुलिस सेवा के दौरान सराहनीय कार्य करने पर उत्तम, अति उत्तम, सर्वोत्तम और पुलिस पदक से 1998 में राजस्थान राज्यपाल श्रीमान बलिराम भगत और मुख्यमंत्री भेरू सिंह जी शेखावत के द्वारा सम्मानित किया गया था ओ साथी समय-समय पर राजस्थान पुलिस के द्वारा भी सम्मानित किया गया था स्वर्गीय भंवर सिंह जी राजावत की सेवानिवृत्ति राजस्थान पुलिस से दत्तवास पुलिस थाने से हुई थी उनके द्वारा 40 वर्ष पुलिस विभाग में में सेवाएं की गई थी इनके दादोसा आदरणीय बिडद सिंह जी राजावत जयपुर मान गार्ड में कार्यरत थे उनसे ही भंवर सिंह जी को यह प्रेरणा मिली।

रविवार को श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के दारा जिला स्तरीय आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भंवर कंवर पत्नी स्वर्गीय भंवर सिंह जी राजावत को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया । इस दौरान श्री राजपूत सभा चाकसू अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गरूडवासी , सुरेंद्र सिंह राजावत महामंत्री, भागीरथ सिंह उपाध्यक्ष, गोकुल सिंह कोषाध्यक्ष, पूर्व पार्षद हुकुम कवंर, पूर्व पार्षद मोहन सिंह, एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया , नंद सिंह कुंदनपुरा, भवानी सिंह कचोलिया, सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया, संतोष कंवर, सज्जन कंवर,आदि समाज बंधु मौजूद रहे हैं ।

# प्रतियोगिता आयोजित

**उदयपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दिवास ने हिंदी दिवस के अवसर पर कविता गांव बरोडिया स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता और कविता गायन का आयोजन किया। क्लब अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा भाषा है पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों ने हिंदी भाषा से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए। पोस्टरों में बच्चों ने हिंदी भाषा के महत्व, इसके इतिहास और इसके विकास को दर्शायाबच्चो ने बहुत सुंदर पोस्टर बनाए।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT GOKULPURA (SIKAR)**

No. : Sppp./65 Date : 12.09.2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Civil construction works in Gram Panchayt Gokulpura are invited from interested bidders upto 06:00 PM of 19.09.2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portals (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

UBN No. : PIV2024WSOB00068 TO PIV2024WSOB00071

**Sarpanch** Gram Panchayat Gokulpura | **Village Development Officer** Gram Panchayat Gokulpura

## सम्पादकीय

# जम्मू-कश्मीर में आतंक का दंश

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अभियान के संबंध में दावे चाहे जो भी हों लेकिन वास्तविकता यही है कि वहां आए दिन आतंकवादियों के हमले हो रहे हैं। चुनाव की दहलीज पर खड़े जम्मू-कश्मीर के लोग मतदान का इंतजार कर रहे हैं। पहले चरण में 18 सितम्बर को मतदान होना है। ऐसे समय पर आतंकवादी चुनाव पर असर डालने की फिराक में हैं। 5 अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में अमन की वापसी और विकास के नए दौर की शुरूआत हुई है लेकिन आतंकवादी संगठनों का दंश देश के सुरक्षा बलों को झेलना पड़ रहा है। सुरक्षा बलों के अधिकारी और जवान शहीद हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली से पहले किश्तवाड़ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो जवानों की शहादत ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। हालांकि सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को भी मार गिराया है। चार दशकों में डोडा में किसी प्रधानमंत्री की पहली रैली हुई है। डोडा, किश्तवाड़ और रामवन जिलों में 8 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण का मतदान होगा। इसके साथ ही दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और पुलगाम जिलों में भी 16 सीटों पर मतदान होने वाला है। जम्मू-कश्मीर चुनावों में सुरक्षा की चुनौती बनी हुई है। पिछले चार महीनों में लगभग दो दर्जन से भी ज्यादा जवान शहीद हो चुके हैं।

जम्मू क्षेत्र आमतौर पर कई वर्षों से कश्मीर की अपेक्षा ज्यादा शांत रहा है। मगर बीते कुछ समय से इसके कुछ इलाकों में भी आतंकवादी गतिविधियां बढ़ी हैं। लोकसभा चुनावों में जिस तरह से राज्य के लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया उससे विधानसभा चुनावों में भी लोगों के बढ़-चढ़कर भाग लेने की उम्मीद बन रही है। आतकंवादी संगठनों के पाकिस्तान में बैठे आकाओं को यह सब सहन नहीं हो रहा। अगर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती है और लोग अधिक से अधिक वोट डालकर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त करते हैं, सरकार में जनता की भागीदारी बढ़ती है तो इससे आतंकवादी गिरोहों के नापाक इरादों पर पानी फिर जाएगा। यही कारण रहा कि आतंकवादी सुरक्षा बलों या रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर से आए प्रवासी लोगों की हत्याएं करने में लगे हुए हैं। आतंकवादियों ने कभी बिहार के मजदूरों को निशाना बनाया तो कभी उत्तर प्रदेश के श्रमिकों को। 90 के दशक में जम्मू खासकर कठुआ आतंकवादियों का ठिकाना हुआ करता था।

कश्मीर के सबसे अस्थिरता के दौर में कठुआ पनाहगार बना हुआ था। अब एक बार फिर ऐसा ही दिख रहा है। दरअसल इस जिले की बनावट ऐसी है जहां छिपना-छिपाना आसान है। जंगलों से सटे क्षेत्र में हमले के बाद आतंकवादी गायब हो जाते हैं। जिले के एक तरफ हिमाचल की सीमा लगती है तो दूसरी तरफ हिमाचल और पंजाब हैं। आतंकवादी गुट लगातार हमले कर क्षेत्र में अस्थिरता और डर पैदा करना चाह रहे हैं ताकि राजनीतिक ढांचे के साथ-साथ आम लोगों की भावनाओं से भी छेड़छाड़ की जा सके। घाटी में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कई आतंकवादी गुट छद्म नामों से सक्रिय हो चुके हैं। टीआरएफ, जम्मू-कश्मीर गजनबी फोर्स, कश्मीर टाइगर्स, जम्मू-कश्मीर रजिडैंट्स फोर्स, पीपल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट इन्हीं में से हैं।

# आर्थिक तंत्र पर बोझ बनती प्राकृतिक विपदाएं

**आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर अन्य आपदाओं के साथ सतर्क होकर कार्रवाई की जानी चाहिए।**

संजीव ठाकुर



आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से सदैव से बाहर होती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है । आर्थिक तंत्र,विकास नष्ट हो जाते हैं। आपदा की विद्रूपता, भयानक स्वरूप एवं निरंतरता मानव जीवन और समाज और देश को बड़ी हानि पहुंचाकर उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जातें हैं। आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग के व्यक्ति तथा मजदूर तबके के व्यक्ति प्रभावित होतें हैं उनकी दिनचर्या सामूहिक रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका की एक बडी विडंबना सताने लगती है।

भारत के भू भाग का लगभग 58% क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र,पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68% भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यत: शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12% है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है। हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। देश के विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना रहती है।भारत नें विश्व के साथ-साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लडी है, यह कोविड-19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया था। ऐसी ही अनपेक्षित आपदाओं का पूर्वानुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। ऐसे में राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी। भारत को आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग को चुस्त-दुरुस्त तथा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त रखने की आवश्यकता है। तूफानी चक्रवात,सुनामी,भूस्खलन, भूकंप, सूखा बाढ़ के अलावा अब कोविड-19 यानी करोना संक्रमण जैसी खतरनाक बीमारियां भारत देश को अपना निशाना बना कर रखा है ।ऐसे में भारत में मध्यम दर्जे का या निम्न दर्जे का आपदा प्रबंधन सिस्टम किसी भी काम का ना रहेगा, एवं इससे भारी जानमाल की हानि होने की संभावना सदैव बनी रहेगी। भारत में आपदा प्रबंधन के लिए 1990 में कृषि मंत्रालय के अंतर्गत डिजास्टर मैनेजमेंट सेल स्थापित किया गया था। लेकिन 1993 में लातूर के भूकंप तथा 1998 में मालपा के भूस्खलन तथा 1999 में ओडिशा में सुपर साइक्लोन तथा 2001 में भुज के भूकंप के बाद देश में एक मजबूत आपदा प्रबंधन की व्यवस्था की जरूरत को महसूस करते हुए जे,सी, पंत जी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट में एक सुव्यवस्थित तथा व्यापक सिस्टम तथा विभाग की स्थापना की आवश्यकता प्रतिवेदित की गई थी। 2002 में आपदा को देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला मानते हुए आपदा को गृह मंत्रालय के अंतर्गत समाविष्ट किया गया। आपदा प्रबंधन के इतिहास में 2005 में एक बड़ा परिवर्तन लाया गया भारत सरकार ने आपदा को अपनी कार्ययोजना के एक चक्रीय क्रम के रूप में प्रबंधित किया, जिसमें आपदा आ जाने के बाद इसके बचाव, नुकसान की भरपाई, निदान तथा आपदा आने के पूर्व की तैयारी तथा योजना को मूर्त रूप देने का एक सुनियोजित तरीका तैयार किया गया था। आपदा से खतरे का स्तर सभी इंसानों के लिए सदैव एक जैसा होता है। किंतु समाज के विभिन्न वर्गों में खतरे से निपटने तथा जूझने की क्षमता अलग-अलग होती है। निम्न वर्ग का तबका अन्य लोगों की अपेक्षा आपदा से ज्यादा प्रभावित होता है। अत: सरकार को गरीब तथा वंचित वर्ग के तबके के लिए आपदा प्रबंधन में विशेष प्रावधान दिया जाना चाहिए। आपदाओं के प्रबंधन एवं अनुसंधान व त्वरित कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान तथा राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल का गठन किया गया है। यह आपदा राशि कार्रवाई बल पर किसी खतरनाक आपदा की स्थिति में रासायनिक, जैविक, परमाणु विकिरण तथा अन्य प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदा के संबंध में विशिष्ट कार्यवाही के निर्वहन का उत्तरदायित्व है। ईस संस्था ने बंगाल तथा उड़ीसा के तटीय क्षेत्र में आई सुनामी में काफी बड़ी संख्या में लोगों की जान भी बचाई है। चक्रवाती तूफान से निपटने में हमारे समुचित प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि हाल के वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। परंतु पिछले 3 वर्षों से करोना संक्रमण से हुई बड़ी संख्या में मृत्यु ने देश को हिला कर रख दिया था।अगर आपदा प्रबंधन सिस्टम को लगातार मॉनिटर किया जाता एवं उस सिस्टम के अधिकारी जिम्मेदार व्यक्ति सचेत एवं सजग रहते, तो द्वितीय लहर में इस तरह हड़कंप संक्रमण एवं मृत्यु का सामना नहीं करना पड़ता। भारत को आपदा प्रबंधन के सिस्टम पर फिर से आंकलन कर एक नई व्यूह रचना बनाकर गरीब तबके निचले व्यक्ति तथा समग्र रूप से मानव जाति की सुरक्षा के लिए नए-नए उपाय करने चाहिए क्योंकि आपदा कभी बताकर नहीं आती है।

## शख्सियत

**हम क्या हैं ये हमारा व्यक्तित्व ही बयां करता है। लोगों की भावना व पीड़ितों के दर्द को समझना ही इंसानियत है। बाकि तो महज दिखावा है**

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जीवांत व्यक्तित्व के धनी अलवर ग्रामीण विधायक व राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली। मिलनसार,व्यवहारिक और लोगों के साथ अपनेपन की भावना बनाए रखने वाले जूली और अलवर जिलें में ही नहीं अपितू पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। कुछ दिन पहले तो विधानसभा में बहरोड़ विधायक ने कह ही ड़ाला कि ये आने वाले समय के मुख्यमंत्री हैं। टीकाराम जूली का जन्म अलवर के ग्राम.काठूवास,तहसील मांढण जिला कोटपूतली-बहरोड में 3 सितंबर1980 को हुआ। पिता लेखराम ठेकेदार का काम करते थे। व्यवहारशील और समाजसेवी थे इसलिए पिता के गुण पुत्र में भी समायोजित हो गए। इनकी शिक्षा बी.ए, एलएलबी व एलएलएम रही। राजनैतिक पर्दापण खुद के जन्मदिवस पर सन 1998 में हुआ। अपने राजनैतिक गुरू डॉ.जसवंत यादव की मदद से 2005 से 2008 तक जिले के प्रथम नागरिक की कुर्सी पर विराजमान हुए। यानि जिला प्रमुख बने। वर्तमान पद विधायक अलवर ग्रामीण व नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा पद को सुशोभित कर रहे हैं। विधायक अलवर ग्रामीण 2008-2013 तक रहे। समन्वयक, एस.सी विभाग जयपुर संभाग 2014 में व जिला अध्यक्ष,जिला कांग्रेस कमेटी अलवर 2016 में पुन: विधायक अलवर ग्रामीण 2018 में बनकर राज्य की गहलोत सरकार में राज्यमंत्रीश्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग स्वतंत्र प्रभार सहकारिता एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग राजस्थान सरकार 2018 तक फिर केबिनेट मंत्री बने-सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं कारागार विभाग राजस्थान सरकार 2021 तक रहे। कांग्रेस पार्टी की अन्य जिम्मेदारियाँ जैसे बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश हरियाणा, असम, आदि में कॉर्डिनेटर व पर्यवेक्षक का सफ्लता पूर्वक दायित्व निर्वहन । भारत जोडो यात्रा के दौरान मालाखेडा अलवर ग्रामीण विधानसभा में विशाल जनसभा का सफ्ल आयोजन-वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के लिए दिन रात समर्पण। मैं तो इस व्यक्तित्व के लिए बस इतना कहना चाहूंगा कि इतने बड़े पद पर रह कर भी अपनी जमीन जो व्यक्ति नहीं छोड़ता वही शख्स शख्सियत बनता है। हर किसी के दु:ख दर्द में शामिल होना इनकी परिवरिश से मिला हुआ है। लोगों की भावनाओं के कद्र कर पिड़ितों के भाव को समझना इनके अच्छे संस्कार बयां कर रहा है। समाज के लिए युवाओं के लिए ऐसे लोग आर्दश हैं सच में।



टीकाराम जूली
( नेता प्रतिपक्ष,राजस्थान विधानसभा )

मुझे आज भी एक वाक्या याद है किसी गाँव में ये मंच से सभा को संबोधित कर रहे थे जब ये कैबिनेट मंत्री थे तो एक पाँव से दिव्यांग व्यक्ति चल कर आया तो उससे बोले आ भाई साडू भाई तो बाद में लोगों ने पूछा ये आपके गाँव का नहीं ये आपकी जाति का नहीं ये आपका रिश्तेदार नहीं फिर साडू कहां से हुआ तो बड़ी सहतजा से बोले दोनों भाई हम पाँव से दिव्यांग हैं इसलिए साडू भाई हुए ना,,पूरी सभा में आनन्द का माहौल बन गया,सब ठहाका लगाकर हंसने लगे। ये बातें चाहे कैसी भी हों दोस्तों ये बता रही हैं कि अमुख व्यक्ति को ना पद का गुमान है ना ही मद का गुमान है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। आशा करते हैं आने वाले समय में आप स्टेट का प्रतिनिधित्व सीएम के रूप में करें।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 16 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्रिटेन ने 1795 में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन पर कब्जा किया।
- निगवेल हिदाल्गो ने 1810 में स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरु किया।
- भूटान ने 2003 में अहम सामरिक कदम उठाते हुए भारतीय हितों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।
- वन टू गो एयरलाइंस का विमान 2007 को थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।
- आज ही के दिन वाशिंगटन में 2013 को एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।
- मैक्सिको की स्वतंत्रता को 1821 में मान्यता मिली।
- फ्रांसीसी उपनिवेश से दास प्रथा 1848 में खत्म की गई।
- ब्रिटेन में 1861 को पोस्ट ऑफिस में बचत खाता खुलने की शुरुआत।
- 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना 1908 में की गई।
- इटली के साम्राज्यवाद के विरुद्ध लीबिया राष्ट्र के संघर्ष के नेता उमर मुख्तार को 1931 में फांसी दे दी गयी।
- सोवियत संघ की सेना के जनरल वातुतिन ने 1943 में दोबारा रोमनी पर कब्जा किया।
- टोक्यो के सईतामा में 1947 को चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
- युवान पेरॉन अर्जेंटिना से 1955 को विदा।
- मलया सिंगापुर ब्रिटिश नार्दन वौनियो से मलेशिया का गठन 1963 में हुआ।
- फेडरेशन ऑफ मलय में उत्तरी बोर्नेयो, सारावाक और सिंगापुर मिला कर 1963 में नया देश बनाया गया।
- मलय में सिंगापुर का सि मिला कर मलेशिया किया गया हांलाकि 1965 में मलेशिया अलग हो गया।
- सोवियत संघ ने 1967 में पूर्वी कजाख में परमाणु परीक्षण किया।
- केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र 1975 में शामिल हुए।
- पापुआ न्यू गिनी ने 1975 में आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
- ईरान में 1978 को आए भूकंप में 20 हजार से भी ज्यादा लोग मारे गए।
- जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति 1978 में निर्वाचित।
- सोने की खदान में 1986 को फंस जाने के कारण सैकड़ों लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा .
- भूटान ने 2003 में भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।

## विशेष आलेख

# कल के कार्यबल के लिए आवश्यक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल

विजय गर्ग




एआई-संचालित नौकरियों के लिए तैयारी करने और भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए, पेशेवरों को तकनीकी, विश्लेषणात्मक और सॉफ्ट कौशल का मिश्रण विकसित करने की आवश्यकता है अपने करियर को भविष्य-सुरक्षित करें एआई-संवर्धित व्यवसायों के लिए आवश्यक 5 कौशल अपने करियर को भविष्य-सुरक्षित करें- एआई-संवर्धित व्यवसायों के लिए आवश्यक 5 कौशल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई, अब केवल एक उभरती हुई प्रवृत्ति नहीं है; यह हमारे काम करने के तरीके को नया आकार दे रहा है और आगे बने रहने के लिए किन कौशलों की आवश्यकता है, इसे फिर से परिभाषित कर रहा है। जीटीआव पर लगभग आधे नए कोड अब एआई-जनरेटेड हैं, और ऐआई गुणवत्ता से समझौता किए बिना 15 प्रतिशत दैनिक कार्यों को तेजी से पूरा कर रहा है। एआई का प्रभाव निर्विवाद है, और यह यहीं रहेगा। तो, सवाल यह नहीं है कि क्या एआई नौकरी बाजार में पहले से मौजूद चीज़ों को बदल देगा। अब, यह इस बारे में है कि हम कितनी तेजी से इन तकनीकों को अपनाते हैं, कौशल बढ़ाते हैं और हमारे लिए काम करते हैं। इसी तरह हम अपने करियर को भविष्य में सुरक्षित बना सकते हैं, खेल में आगे रह सकते हैं और नवाचार की अगली लहर चला सकते हैं। एआई और मनुष्य के बीच तालमेल जैसे कैलकुलेटर या क्विकबुक ने अकाउंटेंट की जगह नहीं ली, एआई यहां नौकरियां छीनने के लिए नहीं बल्कि उन्हें बढ़ाने के लिए है। दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करके, एआई हमें उस चीज़ पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्त करता है जो हम सबसे अच्छा करते हैं- रचनात्मकता, निर्णय और भावनात्मक बुद्धिमत्ता। उदाहरण के लिए, मार्केटिंग में, ऐआई डेटा की कमी कर सकता है और ग्राहकों को विभाजित कर सकता है, जिससे विपणक को ऐसे अभियान तैयार करने की अनुमति मिलती है जो वास्तव में दर्शकों से जुड़ते हैं। जबकि एआई दस व्यक्तियों की टीम को सौ की तरह प्रदर्शन करने की अनुमति देता है, जटिल निर्णय लेने और विश्वास बनाने के लिए मनुष्य अभी भी आवश्यक हैं। यह वह जगह है जहां एआई प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है और जहां मानव कौशल फर्क लाएगा। एआई-संचालित कार्यबल के लिए आवश्यक कौशल .एआई ने पांच महत्वपूर्ण एआई कौशलों की रूपरेखा तैयार की है जो भविष्य के कार्यबल के लिए आवश्यक हैं। 1. अनुकूलनशीलता और आजीवन सीखना एआई और ऑटोमेशन नौकरी बाजार को पहले से कहीं अधिक तेजी से बदल रहे हैं। भूमिकाएँ लगातार विकसित हो रही हैं, और नई भूमिकाएँ भी उतनी ही तेज़ी से उभर रही हैं। प्रासंगिक बने रहने के लिए, आपको अनुकूलनशील होने और आजीवन सीखने के लिए प्रतिबद्ध रहने की आवश्यकता है। आगे बढ़ने, अपने कौशल को उन्नत करने और नए अवसरों को अपनाने के लिए तैयार रहें। 2. डेटा साक्षरता और विश्लेषणात्मक कौशल हम डेटा-संचालित दुनिया में रहते हैं, और डेटा नया सोना है। हर निर्णय, हर रणनीति और हर नवाचार डेटा पर निर्भर करता है। फिर भी, 43% आईटी नेताओं का कहना है कि उनकी टीमों में एआई और मशीन लर्निंग में आवश्यक विशेषज्ञता का अभाव है। यह एक बहुत बड़ा अंतर और एक बड़ा अवसर है। आगे बढ़ने के लिए, आपको डेटा-साक्षर होने की आवश्यकता है। इसका मतलब केवल स्प्रेडशीट बनाने का तरीका जानने से कहीं अधिक है; इसका मतलब यह समझना है कि डेटा से अंतर्दृष्टि कैसे निकाली जाए, उन अंतर्दृष्टि की व्याख्या कैसे की जाए और निर्णय लेने के लिए उनका उपयोग कैसे किया जाए। इसका मतलब है कि डेटा विज़ुअलाइज़ेशन टूल के साथ कैसे काम करना है, सांख्यिकीय विश्लेषण करना और डेटा द्वारा बताई गई कहानियों को समझना। लेकिन बात यह है- डेटा साक्षरता केवल डेटा वैज्ञानिकों के लिए नहीं है। यह मार्केटिंग से लेकर वित्त और मानव संसाधन तक सभी के लिए है। यदि आप डेटा को समझ सकते हैं, तो आप नवाचार करने, प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने और किसी भी भूमिका में मूल्य बनाने के नए तरीके खोज सकते हैं। 3. आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान जैसे-जैसे एआई डेटा एंट्री, शेड्यूलिंग और यहां तक कि ग्राहक सेवा के कुछ पहलुओं जैसे नियमित कार्यों को संभालता है, मानव कार्यबल को उन कार्यों को दोगुना करने की आवश्यकता होगी जो मशीनें नहीं कर सकती हैं- गंभीर रूप से सोचें और जटिल समस्याओं को हल करें। एआई पैटर्न या रुझानों की पहचान कर सकता है, लेकिन यह अस्पष्टता को दूर नहीं कर सकता है या मानवीय बारीकियों के आधार पर निर्णय नहीं ले सकता है। गंभीरसोच का अर्थ है धारणाओं पर सवाल उठाना, विभिन्न कोणों से जानकारी का विश्लेषण करना और तर्क और साक्ष्य के आधार पर निर्णय लेना। समस्या-समाधान चुनौतियों का नया समाधान खोजने के बारे में है - एक नई बाज़ार रणनीति, एक उत्पाद सुविधा, या एक जटिल परियोजना। ये कौशल भविष्य की मुद्रा हैं। वे आपको मूल्य जोड़ने, नवाचार को बढ़ावा देने और ऐसे समाधान बनाने की अनुमति देंगे जिन्हें एआई दोहरा नहीं सकता है। 4. भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सहयोग एआई-संचालित दुनिया में जहां रोजमर्रा का 40% काम स्वचालित होगा, सहानुभूति, सक्रिय श्रवण और संघर्ष समाधान जैसे कौशल प्रमुख कारक बन जाएंगे जो किसी व्यक्ति की प्रतिस्पर्धात्मकता निर्धारित करेंगे। पेशेवरों को जटिल कार्यस्थल गतिशीलता को नेविगेट करने, मजबूत रिश्ते विकसित करने और सहकर्मियों, ग्राहकों और हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करने के लिए उच्च भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करनी चाहिए। 5. नैतिक जागरूकता और वैश्विक समझ एआई सिर्फ नौकरियाँ नहीं बदल रहा है; यह दुनिया बदल रहा है . और इसके साथ ही नए नैतिक विचार भी आते हैं। जैसे-जैसे एआई व्यावसायिक प्रक्रियाओं में अधिक एकीकृत होता जा रहा है, पेशेवरों को डेटा गोपनीयता, एल्गोरिथम पूर्वाग्रह और स्वचालन के सामाजिक प्रभाव जैसे मुद्दों के बारे में पता होना चाहिए। व्यवसाय अब स्थानीय बाजारों तक ही सीमित नहीं हैं - वे विश्व स्तर पर संचालित होते हैं। विभिन्न संस्कृतियों, विनियमों और बाज़ार की गतिशीलता को समझना आवश्यक है। एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य ऐसी रणनीतियाँ बनाने में मदद करता है जो विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में समावेशी, नैतिक और प्रभावी हों। एआई की शक्ति जिम्मेदारी के साथ आती है। आपको यह सोचने की ज़रूरत है कि तकनीक का उपयोग कैसे किया जाता है, यह किसको प्रभावित करती है और इसके क्या अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**वृष**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**मिथुन**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**कर्क**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। मित्रों से मुलाकात होगी। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**सिंह**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**कन्या**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**तुला**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**धनु**
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

**मकर**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**कुंभ**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**मीन**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा। धन लाभ होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# बीसलपुर बांध के दो गेट बंद किए

## अभी चार गेटों से प्रति सेकंड छोड़ा जा रहा 12 हजार 20 क्यूसेक पानी , बारिश कम पड़ी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक।** बीसलपुर बांध में पानी की आवक कम होने से रविवार दोपहर को दसवें दिन दो गेट बंद कर दिए हैं। अब चार गेटों से ही प्रति सेकंड 12 हजार 20 क्यूसेक पानी की निकासी बनास नदी में की जा रही है। अब बारिश नहीं हुई दो तीन दिन में चारों गेट भी बंद कर दिए जाएंगे।

अभी इन चार गेटों को आधा आधा मीटर खोल रखा है। त्रिवेणी का गेज 3.40 मीटर बना हुआ है। बीसलपुर बांध का जलस्तर भराव क्षमता 315.50 आर एल मीटर मेंटेन किया जा रहा है। अभी बांध में त्रिवेणी से 1201 क्यूसेक और लोकल सोर्स से 10819 क्यूसेक प्रति सेकंड आ रहा है। ज्ञात रहे कि कि जिले में इस साल मानसून की मेहरबानी से बीसलपुर बांध समेत सभी 34 बांध लबालब भर गए। ऐसे में दो साल बाद 6 सितंबर सुबह 11 बजे बीसलपुर के दो गेट जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, कलेक्टर डॉक्टर सौम्या झा, बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह सागर आदि अफसरों की मौजूदगी में खोले गए थे। पानी की आवक बढ़ी तो दो गेट शाम 4 बजे और खोल दिए गए थे। फिर रात को दो गेट और खोलकर कुल छह गेटों से पानी निकासी की जा रही थी।

इन्हे शुरु में तीन-तीन मीटर तक खोल दिया गया था। फिर धीरे धीरे पानी कम पड़ने से शनिवार तक इनके गेटों को महज आधा मीटर तक खोल कर रखा गया। इस दौरान बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र और जिले में बारिश का दौर खत्म होने से रविवार को दो गेट 6 और 12 नंबर को बंद करना पड़ा। अन्य चार गेट को भी आधा- आधा मीटर खोल कर 12 हजार 20 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा जा रहा है। बीसलपुर बांध के ङ्गश्वह मनीष बंसल ने बताया कि बांध में जैसे जैसे पानी की आवक कम होती जाएगी, वैसे गेटों को बंद करते जाएंगे।

**हल्के बादल, तापमान बढ़ा :** दो दिन से बारिश का दौर थमने से मौसम भी सामान्य बना हुआ है। हल्के बादल छाये हुए है। ऐसे में बारिश होने के आसार अभी नजर नहीं आ रहे है। इसके चलते अधिकतम तापमान भी शनिवार के मुकाबले रविवार को एक डिग्री ज्यादा 32 डिग्री सेल्सियस रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री सेल्सियस बढ़कट 2 डिग्री सेल्सियस रहा है।

# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

## जिले की 92 टीमे ले रही है भाग

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा( नि.स. )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बृजलालनगर के तत्वावधान में 68वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा 14 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं युवा नेता नरेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि खेल के हार व जीत एक सिक्के के दो पहलु होते हैं। जिनमें एक को स्वीकार करना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि हारने वाले खिलाड़ियो व टीम को निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि इस बार मिली हार की समीक्षा कर अगली बार जब भी अवसर मिलें तब ही इस हार को जीत में बदलने का संकल्प लेना चाहिए। जैन ने कहा कि कबड्डी खेल ने मालपुरा को पहचान दिलाई है। इस पहचान को जारी रखने के संकल्प के साथ युवा बच्चो को अपने खेल का सर्वोत्तम व श्रेष्ठतम प्रदर्शन करना चाहिए। जैन ने युवा खिलाड़ी बच्चो से आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलो की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि अच्छी शिक्षा के लिए स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क का होना आवश्यक है जो खेलो से ही मिल सकता है। समारोह को सम्मानीय अतिथि के रूप में सरपंच रेखा नामा, युवा व्यवसायी विशाल शर्मा ने भी सम्बोधित किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्रतियोगिता संयोजिका एवं प्रधानाध्यापिका नम्रता चौधरी ने प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में बालको की 61 व बालिकाओं की 31 टीमो के 920 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता 19 सितम्बर तक चलेगी। आयोजक शाला परिवार की ओर से समारोह के सभी अतिथियो का स्वागत सम्मान किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी शारिरीक शिक्षक अजय शर्मा ने सभी अतिथियो का धन्यवाद प्रकट कर आभार प्रकट किया। समारोह के बाद सभी अतिथियो ने प्रतियोगिता के ध्वज को लहरा का प्रतियोगिता का शुभारम्भ कर सभी खिलाड़ियो को प्रतियोगिता के नियमो का पालन करने की सामूहिक शपथ दिलाई।

# डॉ. दिपिका विजयव्रर्गीय को मिला 50 हजार रूपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र

## विजयवर्गीय समाज मालपुरा ने दी बधाई




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा निवासी एवं वर्तमान में राजस्थान अध्ययन केन्द्र राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में निदेशक पद कार्यरत डॉ. दिपिका विजयवर्गीय को उनके द्वारा लिखी पुस्तक चैतन्य महाप्रभू एवं गोडीय सम्प्रदाय पर पचास हजार रूपये का नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र मिला है। राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के जिला विशेषाधिकारी एवं शहर निवासी शिक्षाविद् डॉ. जगदीश नारायण की धर्मपत्नि डॉ. दिपिका विजयवर्गीय प्रोफेसर निदेशक राजस्थान अध्ययन केन्द्र राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर को उनके द्वारा लिखी उत्कृष्ट पुस्तक चैतन्य महाप्रभू एवं गोडीय सम्प्रदाय को भाषा एवं पुस्तकालय विभाग राजस्थान सरकार द्वारा हिन्दी सेवा पुरस्कार 2024 के लिए किया गया। प्रदेश की मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने एक समारोह में डॉ. दिपिका विजयवर्गीय को पचास हजार रूपये का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। डॉ. दिपिका विजयवर्गीय द्वारा उनके परिवार एवं सम्पूर्ण विजयवर्गीय समाज मालपुरा का नाम रोशन किया है। इस पर विजयवर्गीय समाज मालपुरा की ओर से डॉ. दिपिका विजयवर्गीय सहित उनके पति डॉ. जगदीश नारायण को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी है।

# अनुशासन हमारा चरित्र होना चाहिए : निदेशक पंवार

## जिला प्रमुख सरोज बंसल ने की समारोह की अध्यक्षता, प्रांतीय प्रबंध समिति कार्यक्रम का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** विद्या भारती संस्थान जयपुर प्रांत के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का रविवार को विधिवत समापन हुआ। उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन के समापन पर पांचजन्य सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केंद्र मालपुरा के निदेशक डॉ. अरुणकुमार पंवार थे। समारोह की अध्यक्षता टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल ने की। मुख्य वक्ता सह संगठन मंत्री गोविंद कुमार रहे। समापन समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि पंवार ने कहा कि विद्या भारती संस्कार व संस्कृति बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश का किसान व जवान जितना आगे बढ़ेगा वह देश उतना ही आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज बच्चों में संस्कार की कमी आ रही है इसको बदलने के लिए सबको कार्य करना पड़ेगा। अनुशासन हमारा चरित्र होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि व्यक्ति अपने संस्कारों से महान बनता है। विश्व में भारत एक मात्र ऐसा देश है जो संस्कारों के बारे में बात करता है। आज की पीढ़ी संस्कार विहीन होती जा रही है, इसे रोकना होगा तथा वापस संस्कार देने वाली शिक्षा को लाना होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य विद्या भारती अपने विद्यालयों के माध्यम से पूरा करने में लगी हुई है। मुख्य वक्ता गोविंद नारायण ने कहा कि समस्याएं हैं। लेकिन उनका समाधान भी है। इसलिए समस्या आने पर डरना नहीं चाहिए। बल्कि उसका आत्मविश्वास के साथ समाधान ढूंढना चाहिए। समाज को संगठन से जोडना चाहिए और योजनाएं बनाकर विद्यालयों का विकास करना चाहिए। इस अवसर पर विद्या भारती संस्थान जयपुर के अध्यक्ष डॉ. विजय गोयल, सह मंत्री विजयसिंह फौजदार, कार्यकारिणी सदस्य केसर सिंह नरूका, कोषाध्यक्ष राजेंद्रकुमार शर्मा, प्रदेश सदस्य वेदप्रकाश कुर्मी, दिनेश बुन्देल, शंकरलाल सैनी, भारतीय शिक्षा प्रचार समिति टोंक जिला अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा, जिला व्यवस्थापक निपुण सक्सेना, जिला सचिव दिनेशकुमार शर्मा, स्थानीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया, व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल, समिति कोषाध्यक्ष पदमचंद स्वामी व संरक्षक हनुमान जैन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बद्रीनाथ के जयकारों से गुंजायमान हुई नाटेश्वर नगरी

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा( नि.स. )।** श्री बद्री विशाल पदयात्रा संघ बनस्थली के तत्वावधान में शुरू हुई पदयात्रा रविवार को नटवाड़ा पहुंचने पर नाटेश्वर नगरी भगवान बद्रीनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो गई। पदयात्रा के नटवाड़ा पहुचने पर श्री श्याम सखा परिवार की ओर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रियों ने मंदिर में भजनो पर नाचते और झूमते भगवान के दरबार में हाजरी लगाई। पदयात्री अमित जोशी, संतोष शर्मा, महेश जोशी, डा? अमित नागर, डा? राजश्री आदि ने बताया कि नटवाड़ा पहुचने पर भजनों की धुन पर झूमते-नाचते पदयात्रियो का ग्रामीणो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बनस्थली से पहुंचे पदयात्रियों ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भगवान बद्रीनाथ को चने की दाल, पताशा और नारियल का भोग लगाकर दर्शन कर मन्नत मांगी।

# कृषि अधिकारी ने किया खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण

## कृषि विभाग के विशेष रबी गुण नियन्त्रण अभियान के तहत की कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कृषि विभाग द्वारा रबी की फसलों की बुवाई से पूर्व विशेष गुण नियन्त्रण अभियान के तहत कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने रविवार को निवाई क्षेत्र का दौरा कर खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने बताया कि संयुक्त निदेशक कृषि वीरेन्द्रसिंह सोलंकी के निर्देशानुसार रबी फसल विशेष गुण नियन्त्रण अभियान के तहत खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी दुकानदार अपने पास उपलब्ध स्टॉक को प्रदर्शित करने हेतु दर्शनिय स्थल पर मूल्य सूची लगाए एवं प्रतिदिन अपडेट करे, स्टॉक रजिस्टर व पॉश मशीन में दर्ज उर्वरक एवं गोदाम में भौतिक रूप से रखा उर्वरक समान रहना चाहिए। उन्होंने कृषि आदान विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर आने वाले कृषको को डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट के महत्व व उपयोगिता की जानकारी देने के निर्देश दिये। विभाग द्वारा कृषकों को उच्च गुणवता का खाद बीज उपलब्ध कराने हेतु खाद बीज के प्रतिष्ठानों से नमूने आहरित कर विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है, यदि नमूना अमानक पाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# राजेन्द्र राणा बने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के चुनाव महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह एवं चुनाव अधिकारी शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश प्रमुख सियाराम शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पद पर दूसरी बार संवैधानिक प्रक्रिया से सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के पद पर राजेन्द्र राणा को मनोनीत किया गया। नानियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र राणा को समस्त कर्मचारियों द्वारा सम्मानित करके बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महासंघ एकीकृत के जिला अध्यक्ष राजाराम जांगिड़, जिला महामंत्री प्रमोद स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष केसरलाल चौधरी सहित महासंघ के 41 संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

# गाजे बाजे के साथ निकले डोल



बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे में जलझूलनी एकादशी के मौके पर डोल यात्रा निकाली गई । कस्बे में ये डोल जुलूस उल्लास एवं उत्साह के साथ निकाला गया इस दौरान राधे- राधे श्याम मिला दे सीता- सीता राम मिला दे के शोर से कस्बे के मुख्य बाजार सहित गलियां गुंजायमान हो उठा । कस्बे में कल्याण जी के मंदिर से डोल यात्रा मुख्य बाजार होते हुए चारभुजा नाथ मंदिर पहुंची जहां करीब 10 से अधिक मंदिर के डोलो के साथ जुलूस प्रारम्भ हुआ । जिसमें लोग भजनों की धुन पर नाचते दिखाई दिए तो बीच मे सत्संग भवन के भक्त ढोलक तबले की धुन पर रामधुनी कर नाच रहे थे वही पीछे महिलाये चल रही थी । डोल यात्रा में लोग जगह जगह बीच मे दर्शन कर प्रसाद फल आदि ठाकुर जी के चढ़ा रहे थे वही आगे भजनों की धुन पर युवा नाचते गाते चल रहे थे । डोल यात्रा कस्बे के दशहरा मैदान पहुंची जहां शिवालय सरोवर में जलविहार करवाकर वहां मुख्य मैदान में लगे तख्तो पर डोलो को विराजित किया गया उसके बाद वहां उमड़े भारी हुजूम ने डोलो के दर्शन कर परिक्रमा की और फिर सामूहिक आरती की गई । इस बीच सत्संग के भक्त रामधुनी आदि कर खूब झूमते नाचते रहे । इसके बाद डोल पुनः निज मंदिरों के लिए रवाना हुए तो उनके नीचे निकलने की होड़ मची हुई थी लोग दूर दूर तक लंबी लाइन बनाकर डोल के नीचे से व्यवस्थित तरीके से निकलते नजर आये ।

# सांस्कृतिक संध्या आज, गणेश प्रतिमा विजर्सन कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** हिन्दु समरसता मंच के तत्वावधान में श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति द्वारा सोमवार को गणेश प्रतिमा विजर्सन की पूर्व संध्या पर सोमवार को सायंकाल 7 बजे रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सुभाष सर्किल पर होगा। गणेश महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक मोतीलाल कारवाल ने बताया कि समिति के तत्वावधान में मंगलवार 17 सितम्बर को अनन्त चतुर्दशी के पावन अवसर पर समिति के तत्वावधान में शहर में विभिन्न स्थानो पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का भव्य एवं विशाल जुलुस निकाला जाएगा। स्थापित सभी गणेश प्रतिमाऐं व्यास सर्किल से एक साथ रवाना होगी। जो मुख्य बाजारो से होकर पुरानी तहसील स्थित बम्ब तालाब के घाट पहुंचेगी। जहां अगले वर्ष एक बार फिर आने की कामना के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा।

मंच के एडवोकेट कृष्णकांत जैन ने आव्हान किया है कि इस बार विर्सजल जुलुस में डीजे पर पूर्णतया पाबन्दी रहेगी। इसलिए सभी स्थापित गणेश प्रतिमाओं को माईक व बेण्डबाजो के साथ ही विसर्जन जुलुस में शामिल किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि भामाशाह रामनारायण कांजला होगें।

# आरएएस की तबादला सूची के बाद भी चौथ का बरवाड़ा को नही मिला स्थाई उपखंड अधिकारी

## उपखंड अधिकारी सहित महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों के पद कार्यवाहक अधिकारियों के भरोसे

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** उपखण्ड चौथ का बरवाड़ा में सरकारी महकमो के कई पद कार्यवाहक अधिकारियों के भरोसे चल रहे है जिससे यहां लगे अधिकारी मन लगाकर कार्य नही कर पा रहे है और मन मे सब के यही है कि यहां से कब जाने के आदेश हो जाये ऐसे में जनता के कार्य पूरी रुचि से नही हो रहे है और एक अधिकारी पर कई जगह की ज़िम्मेदारी होने से वो एक जगह पूरा समय भी नही दे पा रहे है । राज्य की भाजपा सरकार को आये भले ही 9 माह हो गए हो लोगो ने विधानसभा खण्डार में विधायक भी बदल दिया मगर राज्य सरकार द्वारा तबादले नही होने से अतिरिक्त चार्ज के भरोसे उपखंड में कई विभाग चल रहे है । मजे की बात ये है कि उपखंड अधिकारी तक चौथ का बरवाड़ा में अतिरिक्त चार्ज पर लगे हुए है ।चौथ का बरवाड़ा उपखंड अधिकारी पर अभी दामोदर गुर्जर लगे हुए है जिन्हें खण्डार के साथ चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड अधिकारी की ज़िम्मेदारी दी हुई है तो वही उपखंड में बिजली विभाग तो कार्यवाहक अधिकारियों के भरोसे चल रहा है यहां खण्डार के सहायक अभियंता फरीद खान को चौथ का बरवाड़ा सहायक अभियंता का चार्ज मिला हुआ है वही कनिष्ठ अभियंता पवन मीना जो कुस्तला में कार्यरत है उन्हें चौथ का बरवाड़ा उपखंड के तीन कार्यालय शिवाड़, भगवतगढ़ और चौथ का बरवाड़ा का अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है । वही शिवाड़ स्थित राजकीय छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक का एक सरकारी अध्यापक को चार्ज दिया हुआ है । चौथ का बरवाड़ा में शिक्षा विभाग में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का चार्ज अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दिया हुआ है । वही चौथ का बरवाड़ा उपखंड में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी पद भी अतिरिक्त चार्ज के भरोसे है । वही उपखंड के महिला एवं बाल विकास अधिकारी के ब्लॉक अधिकारी का पद भी अतिरिक्त चार्ज पर है । उपखण्ड के नायब तहसीलदार का पद भी अभी रिक्त है ।

### विधायक के प्रयासों में कमी की बात कर रहे लोग

क्षेत्रीय विधायक जितेंद्र गोठवाल जो भाजपा के प्रदेश महामंत्री भी है उसके बाद भी उनके क्षेत्र में भाजपा की ही राज्य सरकार में अनेकों विभागों के मुख्य अधिकारियों के पद ही खाली होने पर लोग अचंभित है । लोगो का कहना है कि इस मामले में तो विधायक को ध्यान देना चाहिए सरकार बदले 10 माह हो गये, आचार संहिता के बाद लंबी सूची भी कुछ दिन पूर्व आरएएस अधिकारियों की आ गई मगर उपखण्ड को स्थाई उपखण्ड अधिकारी तक नही मिला । इसके साथ ही मुख्य विभागों के अधिकारी तक उपखण्ड में लगे हुए नही है । आखिर कार्यवाहक अधिकारियों के भरोसे कैसे जनता के कार्य हो ।

## चोर मस्त पुलिस पस्त

# आदर्श नगर में मकान के बाहर खड़ी कार के अज्ञात चोर टायर खोल ले गए

## बढ़ती चोरियो से आम जन में दहशत व आक्रोश, इस कालोनी में चोरी की यह तीसरी घटना


बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर की आवासीय आदर्श कालोनी के एक मकान के सामने खड़ी एक कार के अज्ञात चोर चारो टायर खेल ले गए। बीति देर रात्रि अज्ञात चोर आदर्श बालिका स्कूल के सामने एक किराए के मकान में रहने वाले कनिष्ठ अभियन्ता लेखराज गुर्जर की लक्जरी बार खड़ी थी। शनिवार रविवार की मध्य रात्रि बात अज्ञात चोर आए और बाहर खड़ी कार के टायर खोल ले गए। इस कालोनी में दस दिन की अविध में ही चोरी की यह तीसरी घटना है। सबसे पहली घटना आदर्श निवासी हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एच. एस.पारीक के सूने मकान में हुई। जहां अज्ञात चोरो ने लगभग 15 लाख यपये की नकदी व सामान चुरा ले गए। इसके बाद मुख्य जयपुर रोड पर इसी कालोनी के अमित विजय के मकान को शुक्रवार की रात्रि में ही निशाना बनाया। जिसमें अज्ञात चोरो ने मकान के पिछवाड़े लगे लोहे के सेक्शन में लगे सरिए तोड़ कर मकान के अन्दर प्रवेश किया। मकान मालिक ऊपर की मजिंल पर रहता था और नीचे की मजिंल खाली होने से अज्ञात चोरो को कुछ हाथ नहीं लगा। लेकिन मालपुरा शहर में इस तरह लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आम जन में दहशत, भय और आक्रोश व्याप्त है। साथ ही पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

# खुशी ढूंढ़ रहा हूं ,ना जाने किधर चली गई......

## 'बुझी ना प्यास तो खत्म अपनी जिन्दगी कर ली-नदी ने समन्दर में जाकर खुदकुशी कर ली'



आज यहां दोहरे चरित्र के कारण दिखाई ही नहीं पड़ता कि खुश आखिर कौन है क्या वो खुश है जो फेसबुक पर घूमने-फिरने की तस्वीरें ड़ाल कर दूसरों को दु:खी कर रहा है? या वो खुश है जो हमेशा मुस्कान के साथ नजर आता हो? या फिर वह खुश है जिसके पास धन दौलत हो? तो यहां जवाब मिलेगा कि नहीं। यहां लेखक अपनी खुशी ढूंढ़ रहा है वो जाने किधर चली गई। ये वही खुशी है जिसे लेख को पढ़ने पाठक भी तलाश कर ही रहे हैं। दोहरे चरित्र के इंसान हैं,अब रहते दु:खी हैं पर खुशी दिखा रहे हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ कि दो से तीन दशकों में इंसान इतना दु:खी रहने लगा है। एक जमाना था जब स्कूटर घर में लाते थे तो महीने भी पहले उसके आने की चहल-पहल बनी रहती थी। यहां खड़ा करेंगे,ऐसे कलर का लेंगे,उसमें आगे टोकरी भी लगवाऐंगे सामान के लिए और लेते ही सीधे भतृहरि चलेंगे। स्कूटर सैकिड़ हैंड भी लेकर आते थे तो मैकेनिक को साथ लेकर जाते थे उसे एक मिठाई का डिब्बा देते थे। आनन्द का दौर था वो लेकिन अब आज महंगी गाड़ी वो भी बिना परिवार जनों को बताए घर के बाहर खड़ी कर देते हैं और सबके मुँह लटके हुए। कोई कहता है वर्जन गलत ले आए,कोई कहता है कम्पनी सही नहीं है तो कोई कहता है इसकी री सेल व्लयू नहीं है यानि आने की खुशी नहीं बल्कि जाने की तैयारियों का दौर शुरू..। बस ये अपेक्षाएं और कभी खत्म ना होनें वाली कामनाए ही हमारे दु:खों का कारण बन रही हैं। ना जाने वो खुशियां कहा चली गई जब साईकिल पर ही आनन्द उठा लेते आज आनन्द तो बहुत दूर की बात है खुशी ही गायब हो चली है। इसलिए आज हर कोई उन खुशियों को ढूंढ़ हरे हैं....।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी, बढ़ता राजस्थान**
**अलवर संस्करण**

# राधाष्टमी पर अलवर में लायंस क्लब्स ने किया जरूरतमंद एवं असहाय लोगो को वस्त्र वितरण

## चाइल्ड हुड कैंसर जागृति कार्यक्रम में डॉ. निखिल मेहता कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा जानकारी, निदान कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** रविवार को राधाष्टमी पर अलवर के तीनो लायंस क्लब्स . लायंस क्लब अलवर ए लायंस क्लब अलवर सिटी एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य के संयुक्त तत्वाधान में जरूरतमंद एवं असहाय लोगो को वस्त्र वितरण कार्यक्रम रखा गया था जिसमे नए,पुराने शर्ट,टी.शर्ट, गर्म कपडे, सूती कपडे, चद्दर, जूते-चप्पल इत्यादि वितरित किये गए। लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि अलवर के तीनो लायंस क्लब्स पदाधिकारियों की मीटिंग में यह तय किया था कि अब कोई भी सेवा कार्य होगा उसमे अलवर के तीनो लायंस क्लब्स संयुक्त रूप से सेवा कार्य करेंगे ! उसी के अंतर्गत आज 11 सितम्बर 2024 को राधाष्टमी पर शाम 06रू30 बजे से 08रू00 बजे तक जरूरतमंद एवं असहाय लोगो के लिए नए व पुराने वस्त्र वितरण कार्यक्रम बिजली घर चौराहे पर विजन संस्थान वाले स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे लायन डॉ. एससी मित्तल ए लायन अलका मित्तल, ने उनकी संस्था आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन द्वारा 51 टीशर्ट,लायन घनश्याम गुप्ता 11 नयी कमीजे, पुराने वस्त्र,लायन उमाशंकर गुप्ता ने भी नए पुराने वस्त्रए लायन सत्यनारायण खण्डेलवाल ने भी पुराने साफ सुथरे पेन्ट,कमीजे,लायन पंकज गोयल द्वारा बड़ी संख्या में मोजे का सहयोग दिया वस्त्र वितरण कार्यक्रम में तकरीबन 350 लोग लाभान्वित हुए वस्त्रो को पाकर लोगो की आँखों में अलग ही चमक नजर आई तथा बहुत सी बुजुर्ग महिलाये दुआ देती हुई खुशी खुशी अपने पोते.पोती,बेटा.बहु के लिए कपडे चुनकर ले जाती नजर आई स्वयं के लिए कुछ नहीं लिया पूछने पर बोली बेटा मेरी तो उम्र हो चुकी है मुझे इन सब की कोई जरुरत नहीं है किसी दुसरे व्यक्ति को दे देना। लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि आगामी शनिवार, 21 सितम्बर को नि:शुल्क चाइल्डहुड कैंसर जाग्रति कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर के एचसीजी हॉस्पिटल के जाने माने कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.निखिल मेहता द्वारा एनईबी स्थित मित्तल होस्पिटल में दोपहर 1 बजे से बच्चो में कैंसर के बारे में विस्तृत चर्चा ए होने के कारणों पर जानकारी एवं इलाज एवं निदान सम्बन्धी चर्चा की जायेगी इसके अलावा महिला ब्रैस्ट कैंसर एवं अन्य तरह के कैंसर पर भी आमजन आकर परामर्श ले सकते है जिसका कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। रविवार 29 सितम्बर को विश्व ह्रदय दिवस पर सांय 4:30 बजे टेल्को चौराहे स्थित हरीश हॉस्पिटल में ह्रदय रोग विशेषज्ञ द्वारा ह्रदय रोगों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ए इलाज ए निदान के बारे में चर्चा की जायेगी यह भी आमजन के लिए पूर्णत: नि:शुल्क होगी दोनों कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति आकर जानकारी ले सकता है जिसका कोई भी शुल्क नहीं रखा गया है। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, रीजन सचिव लायन सत्यनारायण खण्डेलवाल, जोन 3 के जोन चेयरपर्सन लायन दिलीप कुमार गोयल, लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, लायन सतनारायण अग्रवाल, लायन लक्ष्मी अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायंस क्लब अलवर सिटी के सचिव लायन घनश्याम गुप्ता, लायन उमाशंकर गुप्ता ,लायंस क्लब अलवर के सचिव लायन जी.एल.गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लायंस सदस्य उपस्थित रहे।

# हिंदी दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति अभिरुचि एवं पठन कौशल को विकसित करने के लिए .प्रखर राजस्थान. कार्यक्रम के अंतर्गत 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन मेवान में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उप प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी भाषा पोस्टर, स्लोगन निर्माण, रंगोली निर्माण, निबंध प्रतियोगिता,हिंदी शब्दावली लोकोक्तियां, मुहावरे आदि के विकास हेतु खेलों का आयोजन, क्षुति लेखन,कविता पठन,हिंदी भाषा की विशेषताओं पर विद्यार्थियों द्वारा पत्र वाचन आदि विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा इनमें प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राचार्य मंगतु राम बैरवा ने अपने उद्बोधन में सभी को हिंदी दिवस की शुभकामना देते हुए हिंदी दिवस मनाने के उद्देश्य को प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रत्येक छात्र की रचनात्मक क्षमता के विकास पर जोर देती है तथा विविध प्रतियोगिताएं भावात्मक, सामाजिक,नैतिक क्षमताओं और स्वभाव को विकसित करने में प्रत्येक छात्र की मदद करती है इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि हिंदी भाषा का भविष्य उज्जवल है इसका विकास करने के लिए हमें इसके अध्ययन और प्रचार प्रसार पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि इसी मातृभाषा से ही मौलिक चिंतन संभव है और यह एक भाषा ही नहीं बल्कि एक संस्कृति की परिचायक भी है इसकी समाहर्शक्ति ने हीं हिंदी को सबकी भाषा बना दिया है उक्त सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन फ्तेह चंद ,गायत्री शर्मा व मनीष शर्मा के निर्देशन में किया गया।

# वाइन शॉप में पेट्रोल डालकर लगाई आग : शराब देने से मना करने पर आरोपियों ने की वारदात, सेल्समैन की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** रात में शराब देने से मना करने पर वाइन शॉप में पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। धुआं आने अंदर सो रहे सेल्समैन ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। ऐसे में बड़ा हादसा टल गया। मामला बहरोड़ थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में शनिवार रात 2.30 बजे हुआ। सेल्समैन शिवराम ने बताया कि रात करीब 11 बजे दो व्यक्ति दुकान पर आए और शराब मांगी, लेकिन जब मना किया गया तो वे दुकान का शटर बजाते रहे। शराब नहीं मिलने से नाराज होकर वे रात ढाई बजे फिर आए। इस बार उन्होंने दुकान का शटर बजाकर शराब मांगी, लेकिन शिवराम ने फिर मना कर दिया। दोनों युवकों ने पहले से ही योजना बना रखी थी और पेट्रोल की बोतल लेकर आए थे। शराब देने से मना करने के बाद उन्होंने दुकान के अंदर और बाहर पेट्रोल डालकर माचिस की तिल्ली जलाकर आग लगा दी। यह पूरी वारदात दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। आगजनी की घटना की जानकारी मिलने पर सेल्समैन ने ठेकेदार कंवर सिंह को सूचित किया। कंवर सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस भी रात को मौके पर पहुंची और पूछताछ में सामने आया कि आग लगाने वाले दोनों युवक गांव शेरपुर के ही हैं। उनकी पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शिव कॉम्प्लेक्स में बदहाली और अव्यवस्थाओं से स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त, जिला प्रशासन से विकास कार्यों की मांग की

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** अलवर में जेल चौराहा के पास क्रॉस पॉइंट माल के पीछे स्थित शिव काम्प्लेक्स में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने जिला प्रशासन से यहाँ की समस्याओं को दूर कर विकास कार्य करवाने की मांग की है ताकि यहाँ व्यापार पनप सके। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष दुरेजा ने बताया कि यूआईटी द्वारा जेल चौराहा के पास प्राइम लोकेशन पर वर्षों पहले यह शिव काम्प्लेक्स आवासीय व्यावसायिक कॉलोनी योजना के तहत विकसित किया गया था जिसमे नीचे दूकान और ऊपर आवास का प्रावधान रखा गया था। यूआईटी ने काम्प्लेक्स बेचकर पैसा तो कमा लिया लेकिन नियमित रूप से जो सुविधाएं यहां दी जानी चाहिए थी उस पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके फ्लस्वरूप यह काम्प्लेक्स बदहाली की स्थिति में पहुंच गया है। काम्प्लेक्स प्राइम लोकेशन पर स्थित है और यदि इसे विकसित किया जाये तो यह मेट्रो शहरों की तरह का शॉपिंग काम्प्लेक्स बन सकता है जहाँ वाक वे, फूड जोन और शॉपिंग जोन उपलब्ध होता है। स्थानीय व्यापारी लोकेश चौधरी ने बताया कि काम्प्लेक्स में नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं है जिस कारण यहाँ गन्दगी का आलम है। व्यापारी पंकज शर्मा ने बताया कि काम्प्लेक्स के अंदर रोड लाइट्स की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण यहाँ शाम को अँधेरे के फायदा उठा दर्जनों शराबी खुले आम शराब पीते हैं। इस बदतर हालातों के कारण काम्प्लेक्स में व्यापार नहीं पनप रहा है और ऊपर आवासों में रहने वाले अधिकतर निवासी यहाँ से अन्य कॉलोनियों में पलायन कर चुके हैं। अन्य व्यापारी परमानन्द सिंघल के अनुसार काम्प्लेक्स के व्यापारी चाहते हैं कि अलवर प्रसाशन द्वारा यहाँ नियमित सफाईए रौशनी के लिए रोड लाइट्स की पर्याप्त व्यवस्था और नियमित पुलिस गश्त आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाए ताकि वे यहाँ अपना व्यापार कर सकें। इसी दिशा में स्थानीय व्यापारियों द्वारा आज रविवार सुबह चर्चा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में काम्प्लेक्स की समस्याओं पर मंथन कर काम्प्लेक्स में नियमित सफाईए रोशनी की पर्याप्त व्यवस्थाए सीवेरजए सुलभ शौचालयए नियमित पुलिस गश्तए सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों को लेकर एक ज्ञापन तैयार किया गया है जिसे आगे जिला कलेक्टर महोदया को भेजकर यहाँ की समस्याओं के समाधान की मांग रखी जाएगी। बैठक में शिव काम्प्लेक्स से लोकेश चौधरी, मनीष दुरेजा, पंकज शर्मा, राकेश गोयल, परमानंद सिंघल,गुलशन शर्मा, केतन चावला,अशोक अरोड़ा, कार्तिकेय आहूजा व तिलक राज यादव आदि उपस्थित रहे।

# तृतीय परिचय सम्मलेन का आयोजन,11 जोड़ो का रजिस्ट्रेशन हुआ



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** आदर्श सैनी समाज के द्वारा सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में आगामी पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर 2024 कोटपूतली में किया जाएगा जिसका तृतीय परिचय सम्मलेन महात्मा ज्योतिबा फुले जन जागृति संस्थान भवन नारायणपुर में आयोजन।जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सुल्तान सैनी ने की मंच संचालन पूर्व अध्यक्षभागीरथमल सैनी द्वारा किया गया जिसमें इस परिचय सम्मेलन में 11 योग्य युवक एवं 7 युवतियों ने परिचय दिया जिसमें 2 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया इस कार्यक्रम में सैनी समाज द्वारा सैनी समाज को आरक्षण दिलाने पर जोर दिया गया एवं समाज को एकजुट होकर सभी कुरीतियों को खत्म करने का आहान किया गया इस कार्यक्रम कि शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया मौके पर अध्यक्ष बबलू बबेरवाल, अध्यक्ष पप्पूराम सैनी, तेजराम मास्टर, फुलचंद सैनी, नारायण सैनी, बिहारी लाल, भागीरथ सैनी, श्यामलाल सैनी, रामनिवास सैनी,रामरतन सैनी, संजय दहिया, कुलदीप बानसूर, रामस्वरूप सैनी,रामअवतार मिस्त्री,गंगाराम सैनी आदि सैकड़ो की संख्या में सैनी समाज मौजूद रहे।

# सैनी समाज की आमसभा आयोजित

## चुनाव प्रमुख रामौवतार सैनी मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** सैनी सभा संस्था की आम सभा का आयोजन,संस्था के अध्यक्ष राकेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सैनी सभा संस्था के चुनाव के लिए चुनाव समिति का गठन किया जिसमें रामोवतार सैनी पुत्र भैरू राम सैनी बागवाली को चुनाव प्रमुख सर्वेसहमिती द्वारा मनोनीत किया गया ।

उपस्थित समाज बंधुओ ने बधाई दी साथ ही समाज की कुरुतियो व समाज हित के एजेंन्डो पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, एडवोकेट सचिव योगेश सैनी कोषाध्यक्ष रामसिंह सैनी पहलाद सैनी, मन्नालाल सैनी, पहलाद सैनी उपली कोठी,महेंद्र सैनी, महेश कुमार सैनी, सत्यनारायण सैनी, रामकुमार सैनी,महावीर सांखला, प्रमोद सैनी,कमल सैनी, महेश सैनी,मोनू सैनी,श्याम सुंदर,सैनी विक्की माली,अशोक सैनी अध्यापक, शेरसिंह, हनुमान सैनी, मथुरा प्रसाद सैनी,धर्मेंद्र सैनी आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

# आखिर किसने उजाड़ा बच्चों का ये चमन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** हर रविवार मोबाईल से चिपके रहने वाले युवा शहर की सबसे बडी स्कूल नवीन सिनीयर हायर सैकेण्ड्री स्कूल में खेलने आते हैं। यहां कोई दस बारह बच्चें नहीं बल्कि ड़ेढ सौ से दो सौ बच्चों का मेला भरा रहता है। लेकिन यहां वीआईपी विटिज के चक्कर में जेसीबी से पूरा स्कूल का ग्राउंड उखाड़ दिया गया है। कोई कहने सुनने वाला नहीं रविवार को ये बच्चें दिन भी ऐसे ही भटकते रहे। खेलने की और कोई जगह भी नहीं है ऐसे में रविवार को देश के इन भविष्यों के मनोरंजन के चमन को ना जाने कौन उजाड़ गया। युवाओं ने बताया कि इंद्रा गाँधी स्टेडियम में तो या तो अमीरों के बच्चें आते हैं या फिर वो बच्चें आते हैं जोकि हर खेल के लिए मंथली भुगतान करते हैं। गरीब व मौहल्लों के बच्चों के लिए तो ये ही स्टेड़ियम से कहीं कम नहीं लेकिन जब रहिवार सुबह बच्चें ग्राउंड पहुँचे तो दिन भी बैट बॉल व विकिट लेकर भटकते रहे। ऐसे में युवाओं ने मांग उठाई है कि वीआईपी विजिट के चक्कर में इसे खराब कर दिया है अब निगम से निवेदन है कि इसे सही करवाए ताकि बच्चें खेल कर अपना तनाव दूर कर सकें।

# भारतीय सेना में चयन होने पर राहुल चौधरी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)** कोटपूतली के ग्राम सांगटेड़ा निवासी राहुल चौधरी पुत्र जयप्रकाश जाट का इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट ऑफिसर पद पर चयन होने पर रविवार को समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने साफा, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही सुन्दरकाण्ड देकर उनका सम्मान भी किया। राहुल का चयन होने पर पुरे गाँव में हर्ष का माहौल है। राहुल चौधरी ने कहा कि मेरा बचपन से ही भारतीय सेना में अपनी सेवा देने का स्वप्न था जो आज पूरा हो गया। मैं अपने कर्तव्य पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। जिससे गांव व क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से गांव में सरकारी नौकरी लगने वाले युवाओं का सम्मान किया जा रहा है। जिससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिले। राहुल के पिता जयप्रकाश जाट एक सामान्य कृषक है। इस दौरान साधुराम जागीरदार, संतरा देवी, कुलबीर एसआई, नमिता देवी, राजाराम जांगिड़, सौरभ चतुर्वेदी, जसवीर चौधरी, कमल चौधरी, छैलूराम, कुलदीप, किशन लाल सुबेदार, संदीप, सर्वेश देवी, कमलेश देवी, रोशन देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

# वामन द्वादशी : शालिगराम जी के हुए पंचामृत दर्शन

## श्री बड़े मथुराधीश पर लगी भक्तों की भीड़



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मन्दिर पर रविवार को वामन द्वादशी मनाई गई। इस दौरान भक्त प्रभु के दर्शनों के लिए उमड़ रहे थे। वामन द्वादशी पर शालिग्राम जी के पंचामृत दर्शन हुए। इस दौरान प्रात: मंगला के, मध्याह्न पंचामृत, राजभोग तथा सायंकाल भोग और आरती के दर्शन के लिए वैष्णव जुटते रहे। वामन द्वादशी पर अभ्यंग स्नान, उत्सव भोग, सालिग्रामजी का पंचामृत व राजभोग खुलने का क्रम हुआ। वामन जयंती पर मंगला दर्शन के पश्चात प्रभु को चन्दन, आवंला एवं फुलेल से अभ्यंग कराया गया।

प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार गोस्वामी ने बताया कि दशमी तक बाल- लीला के पद गाए जाते थे। अब एकादशी से प्रतिदिन दान के पद गाये जाएंगे। प्रभु को मीठी और नमकीन दही के साथ ही दूध से बनी विविध सामग्री भोग के रूप में धराई गई। दान की सामग्री में दूध श्री स्वामिनीजी के भाव से, दही श्री चन्द्रावलीजी के भाव से, छाछ श्री यमुनाजी के भाव से और माखन श्री कुमारिकाजी के भाव से अरोगाया गया। भोग- आरती में सूखे मेवे के टुकड़ों से मिश्रित मिश्री की कणी अरोगायी गई। उन्होंने बताया कि पुष्टिमार्ग में भगवान विष्णु के सभी अवतारों में से श्रीकृष्ण, श्रीराम, श्रीनृसिंह एवं श्रीवामन को मान्यता दी है। इस कारण इन चारों अवतारों के जन्म दिवस को जयंती के रूप में मनाया जाता है। वामन भगवान ने 'आंशिक' पुष्टि लीला की थी इसीलिए श्री महाप्रभुजी ने जयंती को पुष्टिमार्ग में मान्यता दी थी। जबकि दानलीला पूर्णत: पुष्टि लीला है।

# बाइपोलर डिसऑर्डर पर कार्यशाला का आयोजन

## अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान निरंतर जारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान के दौरान लोगों को मानसिक रोग के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है। रविवार को अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा बाइपोलर डिसऑर्डर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाइपोलर डिसऑर्डर या द्विध्रुवी विकार, भारत में आम है। यह एक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी स्थिति है, जिसमें एक व्यक्ति का मूड, एनर्जी और काम करने की क्षमता में तेजी से बदलाव आता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, 150 में से हर एक व्यक्ति बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित है, जिसमें से 70 प्रतिशत का इलाज भी नहीं हो पाता है। इसके कारणों में मस्तिष्क में होने वाले रसायनिक बदलाव, आनुवांशिकी, पारिवारिक इतिहास, नशे की लत आदि शामिल हैं। इस कार्यशाला में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा बाइपोलर डिसऑर्डर, इसके लक्षण, संभावित कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस कार्यशाला के दौरान काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित रोगी की मदद कैसे की जाए और कैसे वो अपना जीवन बीमारी के साथ भी आराम से जी सकते हैं। इस कार्यशाला का लाभ हॉस्पिटल में उपस्थित रोगियों, उनके परिवारजन, आमजन और हॉस्पिटल स्टॉफ ने उठाया। अफिनिटी हॉस्पिटल की तरफ से आमजन की मदद के लिए एक टॉल फ्री नंबर (18008906996) भी जारी किया गया है, साथ ही हॉस्पिटल से संपर्क करने के लिए 6350180497 या 8005649782 पर कॉल किया जा सकता है।

## किसान अब खुद कर सकेंगे गिरदावरी

# राज किसान गिरदावरी ऐप के माध्यम से होगा कार्य

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. ) ।** मुख्यमंत्री के द्वारा की गई बजट घोषणा के अनुसार राज्य सरकार की ओर से किसानों को अब ऐप के माध्यम से स्वयं गिरदावरी करने की सुविधा प्रदान की गई है। गिरदावरी के लिए सर्वप्रथम राज किसान गिरदावरी ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपने जनाधार से ऐप को लॉगिन करना है। आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। जिसमें वेरिफाइड होने के बाद ऐप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोड़ें पर क्लिक करना है, फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करने का ऑप्शन रहेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सिलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसके पश्चात अपने खेत का खसरा अंकित करते हुए कैलीब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सिलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हेक्टेयर में अंकित करना होगा। उसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्रोत तथा फलेवर पेड़ है तो उनकी संख्या आदि अंकित करते हुए खेत खसरे में जो फसल बो रखी है उसकी साफ सुथरी फोटो अपलोड करनी होगी। उक्त प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, वहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा। सबमिट के ऑप्शन पर क्लिक करने पर काश्तकार की ओर से की गई गिरदावरी सबमिट होते ही पंजीकरण संख्या प्राप्त हो जाएगी।

एक खेत में एक से अधिक खातेदार होने की स्थिति में किसी भी एक खातेदार की ओर से संपूर्ण खसरे की गिरदावरी करें, एक खसरे में एक से अधिक फसल है तो एक से अधिक फसल की गिरदावरी सबमिट की जाए। जिन काश्तकारों के खेत में किसी भी प्रकार की फसल नहीं है तो भी निल फसल बिना फसल की गिरदावरी सबमिट करें ताकि किसी खसरे की रवि गिरदावरी बकाया नहीं रहे, गिरदावरी सबमिट से पहले भली भांति देख ले की गिरदावरी से संबंधित समस्त विवरण सही है या नहीं, क्योंकि गिरदावरी एक बार सबमिट करने के बाद काश्तकार उसके बारे में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं कर पाएंगे।

# जहाजपुर के पत्थरबाजों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कपासन में विहिप पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** क्षेत्रीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा रविवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर को जहाजपुर मस्जिद व मदरसे के मोलवी द्वारा अन्य जिहादियों को साथ लेकर मस्जिद से पत्थरबाजी करने वालो को गिरफ्तार करने तथा अवैध इस्लामिक मजहबी स्थलो को ध्वस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि भीलवाड़ा के जहाजपुर में शनिवार को जलझूलनी एकादशी के अवसर पर किले से आ रहे पीतांबर राय महाराज के बेवाण पर मस्जिद से पत्थरबाजी की गयी ।जिसमे पांच महिलाओं सहित कुछ युवकों एवं क्षेत्रीय विधायक चोटिल हो गये ।इसी दिन भीलवाड़ा के उपनगर सांगानेर एवं बांसवाड़ा में गणेश पांडालों में पत्थरबाजी करके हमला किया गया ।ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में कट्टरपंथी मोलानाओ के संरक्षण में इस्लामिक जेहादियों द्वारा गत दिनों राष्ट्रीय एवं हिंदू महापर्वों पर निरंतर हिंदू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने एवं दंगे भड़काने के उद्देश्य से षडयंत्रपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से संवेदनशील घटनाओं को कारित किया जा रहा है ।इस प्रकार की संवेदनशील घटनाओं से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है ।जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन प्रक्रिया दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा,विहिप प्रखंड अध्यक्ष लाला चाष्टा, प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा,विहिप नगर अध्यक्ष छोटु वैष्णव,श्री अमरनाथ मित्र मंडल कपासन के अध्यक्ष महेश पलोड़,अभाविप के बादशाह सिंह,सुरेश जीनगर,अक्षत सिरोया,रमेश सोमानी, पिंटू बुनकर,सुनील कुमार सोनी, राधाकिशन बागड़ा,भवानीशंकर जीनगर,गोपाल बारेगामा,राहुल बारेगामा,राजू पंडित,लादूलाल आचार्य,



गगन बंजारा,रतनलाल भील, कैलाश बुनकर,रामपाल शर्मा, बाबूलाल शर्मा,सुरेश शर्मा आदि युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्मयोगी सेवा संस्थान का 25वां श्राद्ध तर्पण श्रद्धांजलि महोत्सव 18 सितंबर से

## 16 दिवस तक होंगे देश दुनिया की समस्त दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए तर्पण

बढ़ता राजस्थान


**कोटा ( का.स. )।** एक ओर जहां परिजन अपने माता-पिता का भी श्राद्ध नहीं कर पाते, वहीं कोटा के कर्मयोगी सेवा संस्थान द्वारा विगत 25 वर्षों से 16 दिवस तक विधि विधान से देश दुनिया की समस्त दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्राद्ध तर्पण किया जा रहा है। संस्थान द्वारा ब्रिटेन की दिवंगत महारानी से लेकर नेपाल के दिवंगत राजा रानी, देश के दिवंगत अन्नदाता किसान, सीमा पर देश की रक्षा के लिए शहीद हुए जवान की आत्म शांति के साथ-साथ देश दुनिया की समस्त दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए तर्पण का कार्यक्रम आयोजित होता है।

तर्पण का यह अनूठा आयोजन दुनिया में एकमात्र कोटा में ही होता है। संस्थापक राजाराम जैन कर्मयोगी रावण सरकार तथा अध्यक्ष अलका दुलारी जैन कर्मयोगी ने बताया कि कर्मयोगी सेवा संस्थान वर्ष 2000 से देश दुनिया की समस्त दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 16 दिवसीय श्राद्ध तर्पण श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। इस वर्ष भी तर्पण के कार्यक्रम गुरु धाम कॉलोनी रोटेदा रोड सोगरिया रेलवे स्टेशन स्थित कर्मयोगी सेवा संस्थान के जिला



मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में मुख्य संरक्षक गोविंद नारायण अग्रवाल के संरक्षण में संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर से प्रारंभ हो रहे पूर्णिमा एवं एकम का श्राद्ध अंतर्राष्ट्रीय मानव कल्याणकारी दिवंगत दिव्य आत्माओं की शांति के साथ ही देश के समग्र विकास एवं जनहित में कार्य करने वाली दिव्य आत्माओं को समर्पित होगा। वहीं 19 सितंबर को द्वितीया का श्राद्ध समस्त जलचर, नभचर, जीव जंतुओं, पशु पक्षियों, कीट, पतंगों की आत्म शांति के लिए समर्पित होंगा। साथ ही, 20 सितंबर 2024 को कानून की रक्षार्थ शहीद हुए पुलिसकर्मी, अधिकारी एवं न्याय की रक्षा के लिए जीवन समर्पित करने वाले दिवंगत विधि वेत्ताओं को समर्पित किए जाएंगे। 21 सितंबर शनिवार चतुर्थी का श्राद्ध देश के दिवंगत अन्नदाता किसानों की आत्मशांति के लिए समर्पित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान 22 सितंबर पंचमी पर देश की सीमाओं पर नागरिकों की रक्षा के लिए शहीद हुए सभी सैनिकों, स्वतंत्रता संग्राम जलियांवाला बाग में दिवंगत हुए सभी स्वतंत्रता सेनानियों, 23 सितंबर को छठवीं का श्राद्ध भारत देश के दिवंगत वैज्ञानिकों, 24 सितंबर को सप्तमी का श्राद्ध अजन्मी कन्या भ्रूण हत्या की त्रासदी कि शिकार दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए समर्पित किया जाएगा।

# चौमहला में गणेश महोत्सव की धूम : धार्मिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में दस दिवसीय गणेश महोत्सव के दौरान कस्बे में विभिन्न मंडलों द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे है। बस स्टेंड पर स्थित गणेश मंडल द्वारा प्रतिदिन कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है यहा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सुंदरकांड, गरबा नृत्य,भजन संध्या के कार्यक्रम हो रहे है। सिद्धि विनायक मंडल में शनिवार रात्रि सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया साथ ही हनुमान जी की झाकी सजाई गई,कलाकर द्वारा वानर के रूप में बच्चों का मनोरंजन किया। मंडल प्रांगण में 15 सितंबर को मुन्निदेवी आदर्श विद्या मंदिर के भैया बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति व 108 दीपो से महाआरती,16 सितंबर को मंडल प्रांगण में विशाल भंडारा, तथा 17 सितंबर को भव्य चल समारोह के साथ प्रतिमा का विसर्जन होगा।

# आगामी त्यौहार को लेकर सीएलजी, शांति समिति की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के गंगधार पुलिस थाना परिसर में रविवार शाम आगामी त्योहार को लेकर सीएलजी,शांति समिति की बैठक उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे त्योहारों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में सोमवार को मुस्लिम समाज के त्योहार ईदमिलादुन्नबी व मंगलवार को गणेश विसर्जन चल समारोह को लेकर चर्चा की गई,प्रशासन ने सभी त्योहार आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाने की अपील की,साथ ही सभी के मार्ग की जानकारी ली,इस अवसर पर उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा,उप पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा,थाना प्रभारी नंदकिशोर वर्मा सहित गंगधार चौमहला के सीएलजी सदस्य, गंगधार,चौमहला के सभी गणेश मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने कपासन में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** भारत विकास परिषद द्वारा रविवार को नगर के श्रीजी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारत विकास परिषद कपासन के अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि श्रीजी पब्लिक स्कूल मे राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का जिला परियोजना अधिकारी घनश्याम गौड़,प्रांतीय उपाध्यक्ष बादशाह सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक बद्रीलाल विजयवर्गीय की उपस्थिति में आयोजन किया गया ।उक्त प्रतियोगिता में हैप्पी पब्लिक स्कूल,रीलायबल एकदमी,आदर्श विद्या निकेतन एवं स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की हिंदी-संस्कृत भाषा की 8 टीमों द्वारा भाग लिया गया ।जिसमे 29 बालिका एवं 1 बालक द्वारा प्रस्तुतियो का प्रदर्शन किया गया ।जिसमे रीलायबल एकेडमी को विजेता घोषित किया गया ।साथ ही विजेता एवं प्रतिभागी टीमों टीमों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी घनश्याम गौड़ ने




राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुवे कहाकि समूहगान से राष्ट्र भाव जगते है एवं सामाजिक चेतना को बल मिलता है ।इधर विजेता टीम 29 सितंबर को कपासन मे आयोजित होने वाली प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी ।इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा आयोजन स्थल श्रीजी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रवि सोनी का स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया ।इस अवसर भैरूलाल बारेगामा,शांतिलाल बारेठ, गोपाललाल व्यास, रमेशचंद्र विजयवर्गीय,वैद्य मुरलीमनोहर जोशी, दिलीप बरेगामा, सोहनलाल उपाध्याय, भगवतीलाल सोमानी, राजेंद्र काबरा,घनश्याम विजयवर्गीय,वीणा जोशी,पुष्पा बोहरा,मूलचंद कुमावत आदि परिषद सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन राहुल जैन तथा आभार परिषद सचिव नंदलाल बोहरा द्वारा व्यक्त किया गया।

# खाने के तेल पर आयात शुल्क बढ़ाने का भारतीय किसान संघ ने किया स्वागत

## आयात निर्यात नीति को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री से की थी मुलाकात

## राजस्थान के झालावाड़ और कोटा के रामगंजमंडी में हुए व्यापक आन्दोलन ने दिखाया असर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** देश में किसानों के सबसे बड़े संगठन भारतीय किसान संघ ने सरकार के कच्चे सोयाबीन तेल, पाम तेल व कच्चे सूरजमुखी तेल पर आयात सीमा शुल्क को शून्य प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के निर्णय का स्वागत किया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक में सोयाबीन के कम दाम को लेकर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्त्ता आंदोलन कर रहे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के झालावाड़ और कोटा जिले के रामगंजमंडी में सोयाबीन के मूल्य को लेकर प्रदर्शन हुए थे। भारतीय किसान संघ के प्रान्त प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि सोयाबीन उत्पादक किसानों को बाजार में मिल रहे कम मूल्य को लेकर किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। जिसमें तिलहन में खाने के तेल पर आयात नीति में संशोधन कर सीमा शुल्क बढ़ाने की मांग का ज्ञापन पत्र दिया था। जिसे सरकार ने माना है। केंद्र सरकार के सोयाबीन उत्पादक किसानों के पक्ष में लिए इस किसान हितैषी निर्णय का भारतीय किसान संघ स्वागत करता है। किसान संघ ने सरकार से तिलहन व दलहन में आत्मनिर्भरता की दृष्टि से किसान हित में दीर्घकालीन आयात निर्यात नीति बनाने की मांग रखी है। जिससे किसान उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रेरित होगा। प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर तथा महामंत्री अंबालाल शर्मा ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री से कृषि लागत कम करने की दिशा में भी कार्य योजना व नीतियां बनाने की बात रखी। कृषि आदान सामग्री पर जीएसटी खत्म कर कृषि लागत कम करने की दृष्टि से सुझाव रखा। इसके साथ ही किसान संघ ने फसल बीमा, जीएम बीज, कृषि अनुसंधान का बजट बढ़ाने, किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी, हल्दी बोर्ड बनाने, कृषक उत्पादक समूह को सबल, गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने, किसान हितैशी बीज कानून बनाने की मांग भी रखी थी। ज्ञात हो कि देश के प्रमुख तेल उत्पादक राज्यों में मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक में किसान संघ के कार्यकर्ता सोयाबीन के दाम 6000 रूपए प्रति क्विंटल करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादक किसानों की बाजार में कम मूल्य की समस्या को लेकर एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की घोषणा की है। जिसे सरकार का अच्छा कदम बताया जा रहा है। खाने के तेल में आयात शुल्क में 20 प्रतिशत वृद्धि करने के सरकार के फैसले को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। आयात शुल्क में वृद्धि से बाजार में सोयाबीन के दामों में उछाल आने की संभावना है।

# स्वागत द्वार लगाने को लेकर झगड़े एक ही मोहल्ले के लोग, पुलिस जाब्ता पहुंचा मौके पर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के कैथूनीपोल इलाके में रविवार को स्वागत द्वार लगाने को लेकर मोहल्ले के लोगों के बीच झगड़ा हो गया। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। इसके बाद मामले को काबू में किया गया। दोनों पक्षों की तरफ से थाने में शिकायत दी गई। जानकारी के इलाके में लाल बुर्ज के सामने स्वागत द्वार लगाने की बात पर झगड़ा शुरू हुआ। दरअसल, अनंत चतुर्दशी पर कोटा में भव्य जुलूस निकाला जाता है। इसे लेकर जगह जगह कोटा में भव्य जुलूस निकाला जाता है। इसे लेकर जगह जगह स्वागत द्वार लगाए जाते है। जहां से प्रसाद का वितरण किया जाता है। लाल बुर्ज पर हर बार संदीप भाटिया की तरफ से स्वागत द्वार लगता है। सामने ही गणेश प्रतिमा भी स्थापित होती है। जिसके पास ही पंडाल और स्वागत द्वार लगाया जाता है। संदीप भाटिया पक्ष का आरोप है कि इस बार भी स्वागत द्वार और पंडाल लगाने की तैयारी चल रही थी लेकिन इलाके के ही हरीश राठौर और उनके समर्थकों ने विरोध जताया। इसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। वहीं हरीश राठौर पक्ष का कहना है कि स्थापित गणेश प्रतिमा को हटवाकर वहां स्वागत द्वार लगाया जा रहा था। इस बात को लेकर विरोध किया गया था। इसके बाद दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच में पत्थरबाजी भी हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। दोनों ही पक्ष एक ही पार्टी के कार्यकर्ता भी हैं।

गणेश महोत्सव में धार्मिक आयोजन जारी

## मंगलवार अनंत चतुर्दशी पर होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** बड़ी शहर में भाद्र मास गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश महोत्सव के दौरान विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। सुबह और शाम आरती के साथ आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों में महिला, बच्चे, और पुरुष श्रद्धालु पंडालों में शामिल हो रहे हैं। शहर की अग्रवाल धर्मशाला में गणेश मंडल द्वारा 21वां गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी तरह, पुराना बाजार में गणेश नवयुवक मंडल और कोट पाड़ा में बाल गणेश समिति भी गणेश महोत्सव का आयोजन कर रही हैं।

### गणेश मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अग्रवाल धर्मशाला में गणेश मंडल के कार्यक्रम के तहत शनिवार की रात सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस पाठ में बाहर से आए कलाकारों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, और भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर गणेश मंडल के अध्यक्ष कृष्णमुरारी शिवहरे, उपाध्यक्ष रवि सिंघल, महामंत्री रवि सर्राफ, कोषाध्यक्ष पीयूष मित्तल, और मंत्री सुरेश मराठा के साथ आयोजन कमेटी के सदस्य पवन वर्मा, विशाल गर्ग, दीपक गोयल, मनोज वर्मा, गौरव वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। अध्यक्ष कृष्णमुरारी शिवहरे ने बताया कि 16 सितंबर, सोमवार को भव्य फूल बंगला झांकी और रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगवान गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी अर्पित की जाएगी।

### बालेश्वर मंदिर पर गणेश महोत्सव

पुराना बाजार स्थित बालेश्वर मंदिर में गणेश नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाल गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी अर्पित की गई। बाहर से आए कलाकारों द्वारा रात्रि जागरण किया गया, जिसे देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। गणेश नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि महोत्सव के दौरान कई प्रकार के आयोजन किए गए, जिसमें बच्चों के लिए शिक्षाप्रद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ और पुरस्कार वितरित किए गए।

## चंबल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू
## मौके पर पुलिस जब्ता तैनात, श्रद्धालुओं को नदी किनारे जाने से रोक रहे



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** चंबल नदी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने का सिलसिला शनिवार से शुरू हो गया है। गणेश भक्त भारी तादाद में गणेश की प्रतिमाओं को लेकर चंबल नदी पर पहुंच रहे हैं। चंबल नदी के घाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। चंबल इस समय उफान पर बह रही है। ऐसे में मौके पर गोताखोरों की टीम तैनात की गई है। वहीं, प्रतिमा लेकर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को नदी से दूर रहने के लिए भी समझाइश की जा रही हैं। गणेश चतुर्थी से स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर से श्रद्धालु भारी तादाद में गणेश की प्रतिमाओं को लेकर चंबल नदी पर पहुंच रहे हैं। खतरे के निशान से ऊपर बह रही चंबल नदी में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। उफान पर बह रही चंबल नदी में मूर्ति विसर्जन कर श्रद्धालु खतरे से खिलवाड़ कर रहे हैं। चंबल का जल स्तर खतरे के निशान से करीब 1 मीटर ऊपर चल रहा है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। गणेश प्रतिमाओं के चंबल नदी में विसर्जन को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार रावत के साथ पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर मौके पर गोताखोरों की टीम तैनात की गई है। वहीं, प्रतिमा लेकर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को नदी से दूर रहने के लिए भी समझाइश की जा रही हैं।

## जिला कलक्टर ने दिए जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित एन्टीलार्वल गतिविधि, क्लोरीनेशन, फॉगिंग के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** जिले में गत दिनों की अतिवृष्टि एवं अत्यधिक बारिश के कारण जिले के कई शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण मौसमी बीमारियों एवं बाढ़ जनित विभिन्न रोंगों का प्रकोप बढने की सम्भावना को देखते हुए जिला कलक्टर एवं पदेन अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीनिधि बी टी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल चिकित्सा विभाग की टीमें गठित की जाकर जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में एन्टीलार्वल गतिविधि, क्लोरीनेशन, फोगिंग आदि की कार्यवाही प्रतिदिन कराये जाने हेतु निर्देशित किया है।

# जिला कलक्टर ने शहर के चप्पे-चप्पे में जाकर क्षतिग्रस्त और जलभराव स्थिति का किया आंकलन

### संबंधित अधिकारियों को दिये दुरुस्तीकरण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान





**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अतिवृष्टि के बाद शहर में क्षतिग्रस्त सड़कां एवं जलभराव वाले स्थानों का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने रविवार को पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के साथ मौका निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने शहर में विभिन्न स्थानों पर जाकर क्षतिग्रस्त सड़कां एवं जलभराव की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया। उन्होंने औडेला रोड़, राजाखेड़ा बाईपास, जीटी रोड़, वॉटरबर्क्स चौराहा, मचकुण्ड रोड़ प्रवेश द्वार, घण्टाघर, पुरानी नगर परिषद, रेलवे स्टेशन, पुराना जिला अस्पताल सहित कई स्थानों पर जाकर बारीकी से जलभराव एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति का आंकलन किया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद को शीघ्रातिशीघ्र सड़कों की मरम्मत कराकर समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया। वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग को ऐसी सड़कां जिनमें गहरे गड्डे हुए हैं को प्राथमिकता से दुरूस्त कराने हेतु निर्देशित किया ताकि किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने राजाखेडा बाईपास मार्ग पर चल रहे सड़क दुरूस्तीकरण कार्य का निरीक्षण करने पर कार्यकारी एजेंसी को गुणवत्तापूर्वक द्रुत गति से कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अतिवृष्टि के बाद अलग-अलग स्थानों पर क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों के दुरूस्तीकरण हेतु युद्ध स्तर पर कार्य कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि के बाद मार्ग में गिरे हुए वृक्षों, अवरोधों को हटाकर एवं मरम्मत कर सुचारू रूप से मार्गां पर आवागमन संचालित किया जा सके। अगले क्रम में जिला कलक्टर ने उर्मिला सागर बांध पर ओवरफ्लो जल निकासी का मौका जायजा किया। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन विभाग से बांध के वर्तमान जलस्तर, बांध में आने वाले जल प्रवाह, निर्गम जल प्रवाह सहित अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार आज

### मुस्लिम समाज करेगा जुलूस का आयोजन, जुलूस के आयोजन को लेकर आयोजन कमेटी अंजुमन बरकते रजा अहले सुन्नत की बैठक

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस को मुस्लिम समाज में ईद मिलादुन्नवी के रूप में मनाया जाता है। इसे यौम-ए-पैदाइश यानि बारह रवि उल अव्वल भी कहा जाता है। ऐसे में सोमवार को ईद मिलादुन्नवी का त्यौहार मुस्लिम घरों में मनाया जाएगा। जिसमें जुलूस का आयोजन होगा। यह जुलूस शहर के हथियापुर स्थित तकिया मस्जिद से सुबह 08 बजे शुरू होगा। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए करीब 12 बजे घंटाघर स्थित शाही जामा मस्जिद पर समाप्त होगा। जुलूस के आयोजन को लेकर रविवार को आयोजन कमेटी अंजुमन बरकते रजा अहले सुन्नत की बैठक शहर की शाही जामा मस्जिद में रखी गई। जिसमें जुलूस से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। आयोजन कमेटी अंजुमन बरकाते रजा अहले सुन्नत के सदर परवेज खान ने बताया की मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर सोमवार को शहर में मुस्लिम समाज द्वारा एक भव्य जुलूस का आयोजन किया जाएगा। इस जुलूस में मुस्लिम समाज के युवा,बच्चे,बुजुर्ग सभी साथ रहेंगे। जुलूस सुबह 08 बजे तकिया मस्जिद हथियापोर से शुरू होगा। जो शहर के प्रमुख मार्ग बारहमासी पीपल,ठाकुर पाड़ा,महाराज बाग, नेताजी की कोठी,बसेड़ी बस स्टैंड,अजीजपुर,छोटा किला,स्टेशन रोड,वचन पैलेस,मदरसा चौराहा,लोहार बाजार होते हुए घंटाघर पहुचेगा। जहां शाही जामा मस्जिद में जुलूस का इस्तकबाल करने के साथ समापन किया जाएगा। कमेटी के मीडिया प्रभारी जुबेर पठान ने बताया की जुलूस में इस बार प्रशासन द्वारा चार पहिया वाहनों पर पाबंदी लगाई है। जुलूस में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो इसको लेकर तमाम तैयारियां की है। विभिन्न कमेटियों के पदाधिकारी से लगातार संपर्क कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अनवार हुसैन,हथियापोर मस्जिद के मौलाना मोहम्मद अहमद,सीनियर सदर सलीम खान बरकाती,जुलूस कमेटी के सदर परवेज खान,अशफाक खान,मोहसिन खान, अकरम पठान, जुबेर पठान,सोहेल शेख,अन्नी,राहिल खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मिलिट्री स्कूल के प्रिंसिपल पर हत्या का मामला दर्ज

### तालाब में मिला था स्टूडेंट का शव, परिजनों ने धक्का देकर हत्या करने का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में 2 दिन पहले राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के छात्र का तालाब में शव मिलने के मामले में सदर थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। छात्र के परिजनों ने मिलिट्री स्कूल के प्रिंसिपल, प्रशासनिक अधिकारी और वार्डन के खिलाफ छात्र को प्रताड़ित कर तालाब में धक्का देकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। देश के पांच राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में शामिल धौलपुर के मिलिट्री स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र करण सिंह (16) पुत्र मानवेंद्र सिंह निवासी हथकोली थाना बलदेव जिला मथुरा का विश्नोंदा का शव ताल में मिला था। जिस मामले में छात्रा के पिता मानवेंद्र सिंह ने मिलिट्री स्कूल के प्रिंसिपल, प्रशासनिक अधिकारी और वार्डन पर छात्र को प्रताड़ित करने के बाद छात्र को तालाब में धक्का देकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि स्कूल के प्रिंसिपल सहित तीनों आरोपी छात्र को स्कूल से निकालने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रहे थे। जिससे छात्र काफी परेशान था। मौत वाले दिन स्कूल प्रशासन की ओर से तीन अलग-अलग फोन आए। जिसमें कभी एक्सीडेंट तो कभी झील में डूबने की बात बताई गई। छात्र के पिता ने बताया कि स्कूल से बाहर निकलने के लिए कई फॉर्मेलिटी पूरी करनी पड़ती हैं। जिसके बाद छात्र को स्कूल से नहीं निकलने दिया। जिसके बाद उसका छात्र तालाब तक कैसे पहुंचा। छात्र के पिता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। जिसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।

# सरमथुरा के महाकालेश्वर मेले में दो बदमाश गिरफ्तार एक है दुष्कर्म का आरोपी, दूसरा स्थाई वारंटी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरमथुरा के महाकालेश्वर मेले से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक दुष्कर्म का आरोपी है, जबकि दूसरा स्थाई वारंटी है। दोनों के साथ पुलिस ने शहर के किला गेट से एक और वारंटी को भी गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों से अब कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है।

**दो महीने बाद पकड़ में आया दुष्कर्म का आरोपी :** बाड़ी टाउन चौकी प्रभारी एवं एसआई हरवीर सिंह ने बताया कि शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 13 जुलाई को थाने पर मामला दर्ज कराया कि गांव वरीपुरा, थाना बसई डांग निवासी आरोपी हंसराम गुर्जर पुत्र बंशीलाल गुर्जर ने उसे टॉर्चर कर अस्मत से खेला। उसने 5 जुलाई को घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। लोकलाज और आरोपी के भय के कारण वह पहले पुलिस में रिपोर्ट नहीं कर पाई, लेकिन अब हालात से तंग आकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली थाने के थानाधिकारी शिवलहरी मीणा के निर्देश पर उप निरीक्षक हरवीर सिंह, कांस्टेबल श्यामसिंह, उत्तम सिंह और अन्य पुलिस जवानों की एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने मुखबिर के माध्यम से आरोपी का पता लगाने और मोबाइल लोकेशन प्राप्त करने का प्रयास किया। इसी आधार पर आरोपी की लोकेशन महाकालेश्वर मेला सरमथुरा मिली, जहां पुलिस ने उसे मेले में एक दुकान के कपास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाने पर दर्ज एफआईआर संख्या 291/24 के तहत धारा 64(2), 351 (2) और 351 (3) में कार्रवाई की जा रही है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरमथुरा के महाकालेश्वर मेले से ही बाड़ी एसीजेएम कोर्ट संख्या 1 से स्थाई गिरफ्तारी वारंट में फरार चल रहे आरोपी अशोक कुमार पुत्र उम्मेद ठाकुर, निवासी ठाकुर पाड़ा, बाड़ी को गिरफ्तार किया है।

## 3 किलो गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

### एमपी के मुरैना से ला रहे थे दोनों, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** डीएसटी के साथ सदर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों को लेकर कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से मिले बैग से पुलिस ने करीब 3 किलो गांजा बरामद किया है। दोनों आरोपी मध्य प्रदेश से बाइक से धौलपुर में गांजा सप्लाई करने आ रहे थे। सदर थाना प्रभारी राम नरेश मीणा ने बताया कि मुखबिर से दो लोगों के मध्य प्रदेश से बाइक पर गांजा लेकर आने की सूचना मिली थी। सूचना पर डीएसटी टीम के साथ सदर थाना पुलिस ने सदर चौराहे पर नाकाबंदी शुरू कर दी। जहां पुलिस ने टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक पर आ रहे दो युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से मिले बैग में पुलिस को 3 किलो अवैध गांजा मिला। बाइक सवार दोनों आरोपी श्रीकृष्ण (46) पुत्र शिवचरण और हाकिम सिंह (30) पुत्र जंडैल सिंह मुरैना मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। जो मुरैना से गांजा लेकर धौलपुर सप्लाई करने आ रहे थे।

सामूहिक गणेश महोत्सव में धार्मिक आयोजन जारी

# आरती के साथ कही लगे छप्पन भोग तो कही हुआ गणेश पंडाल में सुंदरकांड का पाठ

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में कई स्थानों पर भाद्र मास गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश महोत्सव में सुबह और शाम आरती के साथ धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं। ऐसे में आरती सहित धार्मिक आयोजनों में भाग लेने के लिए महिला बच्चे और पुरुष श्रद्धालु पंडालों में पहुंच रहे हैं। शहर की अग्रवाल धर्मशाला में जहां गणेश मंडल द्वारा 21वां गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं शहर के पुराना बाजार में गणेश नवयुवक मंडल द्वारा आयोजन किया जा रहा है और कोट पाड़ा में बाल गणेश समिति ने गणेश महोत्सव मनाया है।

### गणेश मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित गणेश मंडल के कार्यक्रम में शनिवार की रात सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।इस पाठ के लिए बाहर से आए कलाकारों ने हनुमान जी के चालीसा के साथ सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन किया। इस दौरान अध्यक्ष कृष्णमुरारी शिवहरे के साथ उपाध्यक्ष रवि सिंघल,महामंत्री रवि सर्राफ,कोषाध्यक्ष पीयूष मित्तल, मंत्री सुरेश मराठा के साथ आयोजन कमेटी के सदस्य पवन वर्मा,विशाल गर्ग ,दीपक गोयल,मनोज वर्मा,गौरव वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अध्यक्ष कृष्ण मुरारी शिवहरे ने बताया कि 16 सितंबर सोमवार को भव्य फूल बंगला झांकी और रात्रि जागरण का आयोजन होगा। इस दौरान भगवान गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी लगाई जाएगी।

### बालेश्वर मंदिर पर गणेश महोत्सव में भजन कीर्तन और छप्पन भोग की प्रसादी

वही पुराना बाजार स्थित बालेश्वर मंदिर पर गणेश नवयुवक मंडल के कार्यक्रम में बाल गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी लगाई गई और बाहर से आए कलाकारों द्वारा रात्रि जागरण किया गया। इसको देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गणेश नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि महोत्सव के दौरान कई प्रकार के आयोजन किए गए। बच्चों के लिए शिक्षाप्रद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें पारितोषिक वितरित किये गए।कोट पाड़ा बाल गणेश मंडल द्वारा किए जा रहे आयोजन में आज रविवार की शाम छप्पन भोग की प्रसादी लगाई जाएगी और सोमवार को रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### अनंत चतुर्दशी पर होगा विसर्जन

मंगलवार अनंत चतुर्दशी पर बसेड़ी रोड स्थित पार्वती नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।जिससे पूर्व शहर से गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं को ले जाया जायेगा और विसर्जन के बाद भंडारा होगा।

हिंदी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन

# हमारी शान है हिंदी, दमकते दिव्य भारत की इक पहचान है हिंदी : राम अवतार शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाखा बाड़ी द्वारा 14 सितंबर को हिंदी दिवस के मौके पर शनिवार की शाम शहर के ईशू वाले हनुमान मंदिर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता मंदिर महंत गोपाल दास महाराज के द्वारा की गई। सर्व प्रथम सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मधुर गीतकार श्रीराम शाक्य द्वारा प्रस्तुत हे हंस वाहिनी,ज्ञान दायिनी,मेरी और निहार प्रस्तुत कर सभी ने वीणा की देवी को आव्हान किया। इसके बाद गीतों और काव्यों की संघ्या शुरू हुई। सबसे पहले श्रीराम शाख्य ने अपना विरह गीत 'विरह की आग जलावे री' प्रस्तुत किया।

बाड़ी के रसखान इब्राहिम खान ने निशान लगाकर बैठा है दुश्मन,तहलका मचाने के लिए तथा हर इंसान की नियत अच्छी नहीं होती सुनाकर आजकल के सम्बन्धों के खोखलेपन को उजागर किया।

कवि सुनील मित्तल ने समाज पर बलशाली लोगों के प्रभाव को प्रदर्शित करती हुई कविता आजकल उग आए हैं बड़े-बड़े पेड़' जो रोक लेते हैं सूर्य के प्रकाश को तथा यहां तो केवल पैसे और लाठी का राज है सुनाकर पूंजीपति लोगो पर व्यंग किया। कवि भारत भूषण ने भारत देश में बढ़ती हुई जातिवाद पर वोटों के लिए बढ़ा रहे हैं जातिवादकविता सुनाई तथा अंतर सदैव ही पवित्र होना चाहिए समाज में सद चरित्र का संदेश दिया।

वरिष्ठ कविकार रामवकील प्रताप ने सारी दुनिया की जागीर उसको मिली,जिंदगी में जिसे प्यार मां का मिला सुनाई। कवि एवं अधिवक्ता सत्यदेव चांसोरिया ने हिंदी के सम्मान में भाल पर मात के प्यारी बिंदी रहे, मातृभाषा सदा प्यारी हिंदी रहे तथा हिंदी गौरव गान है हिंदी हिंद की शान है,हिंदी से ही पाया हमने विश्व गुरु सम्मान है सुनाई। कवि महेश शर्मा ने भक्ति के भजन सुनाए तू जप ले नाम हरि कोतो भक्ति की रसदार प्रवाहित हो गई।

काव्य गोष्ठी के अंत में परिषद के उपाध्यक्ष प्रभाकर दीक्षित ने हिंदी दिवस पर हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बोलें हिंदी पढ़ें हिंदी सुनें हिंदी एक चंपू कविता सुनायी। गोष्ठी में सुमित मित्तल,राधेश्याम यादव ,नंदराम यादव,महेंद्र सिंह,गांधी यादव,विक्की बाबू,सिप्पी शर्मा,जनक सिंह, नेकराम,कमल सिंह,महेश चंद्र शर्मा,पूर्व पार्षद दिनेश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

# देश के प्रधानमन्त्री जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से ज़िले में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएँगे-भूतड़ा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्तूबर तक पर सेवा पखवाड़ा के रूप ने मनाया जायेगा। यह जानकारी भाजपा अजमेर देहात ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने देते हुए बताया कि इस की तैयारियाँ शुरू कर दी है। ज़िला व मण्डल पर सेवा कार्यों को अंजाम देने हेतु मण्डल के नेतृत्व में टीम गठित की है। भूतड़ा ने बताया कि जिलाध्मण्डल पर संयोजक व सह-संयोजक का मनोनयन किया गया है जो पखवाड़े का संचालन करेंगे। इस पखवाड़े के जिला संयोजक-जीतमल प्रजापत जिला महामंत्री होंगे वही जिला सह संयोजक दिनेश नायक, प्रधान, संजय लोढ़ा जिला कार्यकारिणी सदस्य व रामस्वरूप गुर्जर पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष होंगे।

उन्होंने जानकारी देते हुये बताया की विधानसभा के मण्डल अनुसार संयोजक व सह.संयोजक पुष्कर विधानसभा नरवर-बद्री गुर्जर, सेठासिंह रावत, बहादुर खां,ईश्वर सिंह, बूढा पुष्कर से हरीशंकर चौहान, सुवासिंह रावत, सज्जन सेनमांगीलाल अजमेरा, सराधना से हेम सिंह टाँक, चन्द्रभान गुर्जर, हरीकिशन जाट, गिरधारी सिंह, पुष्कर से अरुण वैष्णव, कमल रामावत, धर्मेंद्र नागोरा, लखन सरवाड़िया, रूपनगढ़ से छोटु शर्मा, करतार जाट, चेतन ओझा, आशीष राजपुरोहित, खोड़ा गणेश से सोहन सिंह, प्यारेलाल, विश्न नाथ, ओंकार सिंह होंगे।

नसीराबाद विधानसभा के पीसांगन मण्डल में बद्रीप्रसाद साहू, मेघाराम देवासी, अभिषेक राजपुरोहित, सुरेश महावर, मांगलियावास से प्रदीप बालेसा, विजेन्द्र रावत, मुकेश पुनिया, राजू आचार्य, भवानी खेड़ा से चेतन पारीक, धरती राज रावत, राम सिंह,गोरधन सिंह, नसीराबाद शहर से महेश बाबानी, सतीश पारचे, महेंद्र पथरिया, दिनेश बोहरा, श्री नगर से कमलेश नागर, पिंटु रील, रामस्वरूप चौधरी,मोहन मेघवंशी, नसीराबाद ग्रामीण से हनुमान टांक, जगदीश रामबाड़ी, ओम वैष्णव, सोनू सेन होंगे। मसूदा विधानसभा के भिनाय से तुलसीराम खींची, कानसिंह रावत, मंगलचंद, गुमान सिंह, रामगढ़ से ओमप्रकाश पाण्डया, टीकम चंद मेघवंशी, सद्दिक मोहम्मद, घनश्याम, खरवा से भगवान सिंह, बलवीर सिंह चौहान, हरदेव सिंह देवपुरा, श्रवण सिंह राठौड़, नागोला से सूर्य देव सिंह राठौड़, राम गोपाल कीर, हेमराज कुम्हार, शिवराज गुर्जर, मसूदा से खुमान सिंह राठौड़, ओमप्रकाश बैरवा,मनीष जोशी, जसराज पँवार, बिजयनगर से नोरतमल लोढ़ा, विनोद कच्छावा, करण सिंह राठौड़, अशोक अग्रवाल होंगे। केकड़ी विधानसभा के वीर सावरकर ग्रामीण से कल्याण सिंह सोलंकी, कोशल सेन, प्रहलाद खारोल, किशन साहू, बजरंग ग्रामीण - रामधन प्रजापत, पुरषोतम शर्मा, शिवराज जाट, सोनू प्रजापत, ब्राह्मणी माता ग्रामीण बघेरा से गिरधर सिंह छाबड़िया, महावीर प्रजापति, राजेश गुर्जर, राजेंद्र बलाई, केकड़ी शहर से धनराज चौधरी, सुरेश सेन, धनराज नायक, सुरेश साहू, सरवाड़ शहर से दुर्गालाल माली, भगवान भट्ट, मोखम खटीक, नन्द किशोर रेगर, बावन माता ग्रामीण सावर से मनोज कहार, देवराज मीना, गजराज सिंह सोलंकी, सुरेश चौधरी, गणेश चौकी कादेडा सेरामस्वरूप गुर्जर, दीपक कुमार मूंदडा, कृष्णगोपाल सेन, कन्हैयालाल विजयवर्गीय होंगे। इसी तरह ब्यावर विधानसभा के माँ आशपुरा माता.मुकेश घावरी, मूलसिंह राजपुरोहित, कंचन रावत,राज जांगिड़, महाराणा प्रताप.रामेश्वर गहलोत, राजेश्वरी यादव, अनीता शर्मा, महेश चितलांगिया, नीलकंठ महादेव-प्रवीण सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, दिनेश सिंह रावत, राम सिंह रावत, सम्राट पृथ्वीराज चौहान-मुकेश जोधावत, शक्ति सिंह रावत, कपिल बोयत, लीला रावत, जवाजा-सुरेन्द्र चनिया, प्रकाश सुयल, परमेश्वर सिंह, संतोष रावत, भालिया- कुशाल सिंह रावत, तिलोक सिंह बंजारी, बसंत सिंह बड़ाखेड़ा, रूप सिंह पटवारी होंगे।

# भरपूर बारिश होने पर इंद्रदेव का आभार जताने के लिए केकड़ी में हुआ जिला स्तरीय राजस्थान जल महोत्सव

## जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं -जिला कलक्टर श्वेता चौहान

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर 'राजस्थान जल महोत्सव' का आयोजन किया गया। इसी क्रम में केकड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम बघेरा ग्राम के वराह सागर पर आयोजित किया गया। महोत्सव के अंतर्गत यहां ग्रामीण महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने वराह सागर के किनारे जल पूजन किया एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए भगवान इन्द्रदेव का प्रदेश में भरपूर मात्रा में वर्षा जल प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया।


इस अवसर पर जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने कहा कि आज के समय में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा नलों को खुला छोड़कर पानी को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। चौहान ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष प्रदेश सहित केकड़ी जिले में अच्छी बारिश से जल संग्रहण की स्थिति अच्छी रही है। पूर्व में जल अभाव से ग्रसित रहने वाले राजस्थान राज्य के जलस्रोत इस वर्ष जल से सराबोर हैं। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने इन्द्रदेव का आभार व्यक्त करने एवं जलसंग्रहण व संरक्षण की जागरूकता हेतु 'राजस्थान जल महोत्सव' आयोजित करने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं है। इसलिए जल का संरक्षण अतिआवश्यक है। हम सभी को जल को दूषित होने से बचाना चाहिए। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले में प्रत्येक ब्लॉक तथा प्रत्येक बांधों सहित ग्राम स्तर तक पूर्ण रूप से भरे हुए जलाशयों पर 'राजस्थान जल महोत्सव' का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

समारोह में पंचायत समिति केकड़ी प्रधान होनहार सिंह राठौड़ ने भी जल की महत्ता को बताते हुए इसके दुरूपयोग से जनजीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी तथा जल प्रदूषण को रोकने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्रिलोक राम दहिया द्वारा जल का संरक्षण करने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर व्यर्थ नहीं बहाने तथा जल को प्रदूषित नहीं करने सहित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। समारोह में सरपंच लालाराम जाट, वीरभद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, महेंद्र पाटनी, किशन चौधरी, सुरेश चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मंगल द्रव्यों से किया भगवान का शक्रस्तव महाअभिषेक, भावपूर्ण भक्ति की बही रसधारा

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** यहां बघेरा रोड स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में रविवार को शक्रस्तव महाअभिषेक का आयोजन किया गया। साध्वी सौम्य प्रभा, साध्वी सौम्या दर्शना, साध्वी अक्षय दर्शना, साध्वी परम दर्शना के पावन सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में रूणिजा मध्यप्रदेश के प्रवीण जैन ने विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ महा ?अभिषेक की क्रियाए करवाई। समाज के महिला पुरूषों ने विविध मंत्रों के साथ परमात्मा का विशिष्ट औ ?षधियों, रत्न, स्वर्ण, रजत सहित सुंगधित जल एवं मंगल द्रव्यों से महाअभिषेक किया।

अनुष्ठान के अंतर्गत साध्वी परम दर्शना एवं अन्य भजन गायकों ने सुमधुर भजनों की रसगंगा बहाई। उन्होंने सोना रुपाणा कलशे प्रभु ने नवरावो हर्षे..., दीवाना तेरा आया बाबा तेरी नगरी में..., तूने खूब दिया सब भक्तों को अब आज हमारी बारी है... सहित अन्य भजन प्रस्तुत किए गए तो पूरा माहौल भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। महाअभिषेक के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गुंजायमान हो उठा। महाअभिषेक का महत्व बताते हुए साध्वी सौम्यप्रभा ने कहा कि परमात्मा के स्पर्श से प्रत्येक द्रव्य पवित्र बना जाता है, जिसके स्पर्श मात्र से परमात्मा की कृपा की अनुभूति होती है। जगत का कल्याण करना हो तो वाणी काम आती है। सांसारिक जीवन में सफलता की प्राप्ति पुण्य से होती है और साधु जीवन में सफलता की प्राप्ति पुरुषार्थ से होती है।

शक्रस्तव महाअभिषेक का लाभ शांतिलाल, विकास कुमार, विनीत कुमार चौरड़िया परिवार ने प्राप्त किया। महाअभिषेक के बाद स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ, जिसका लाभ राजेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, गौरव कुमार धूपिया परिवार ने प्राप्त किया। महाअभिषेक के बाद 108 दीपक से परमात्मा की महाआरती की गई। इस मौके पर केकड़ी सहित अन्यत्र स्थानों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वन विभाग की टीम ने मादा लेपर्ड रानी फीमेल को सुरक्षित पिंजरे में पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एमएनआईटी परिसर में घुसे एक मादा लेपर्ड रानी फीमेल का रविवार को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित पिंजरे में पकड़ा और नाहरगढ़ अभ्यारण में छोड़ दिया।

रेंजर झालाना देवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि पिछले डेढ साल से रानी फिमेल नाम की लेपर्ड अपनी फैमिली के साथ यहां की पहाड़ी में रह रही थी। वन विभाग की टीम पिछले डेढ़ साल से इसको कैद करने की कोशिश कर रही थी। लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। एमएनआईटी में 18 सितम्बर को उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से इसे यहां से शिफ्ट करवाने को कहा था। इसके साथ ही यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट को खतरा था। इसके बाद यहां मॉनिटरिंग तेज कर दी गई। वन विभाग से चार-चार लोगों की टीमें बनी हुई थी। इसके साथ यहां आठ ट्रैप कैमरे और छह पिंजरे लगाकर इन्हें रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा था। चार सितंबर को इसके भाई सात स्टार नाम के लेपर्ड का रेस्क्यू किया था। रेस्क्यू ऑपरेशन में वन विभाग की टीम ने तत्परता और कुशलता से काम किया। जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि या वन्य जीव को नुकसान नहीं हुआ। इसमें लेपर्ड को बिना ट्रेंकुलाइज किए रेस्क्यू किया गया है। यह सबसे बड़ा टास्क होता है। लेकिन टीम ने सावधानी पूर्वक इसे पकड़कर नाहरगढ़ के जंगलों में छोड़ दिया। इसी स्थान से पहले भी चार सितंबर को एक लेपर्ड को पकड़ा गया था। डीएफओ जगदीश गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक तंवर, रेंजर जगदीश शर्मा, सहायक वनपाल कृष्ण कुमार मीणा, राजेंद्र सिंह समेत वन विभाग की टीम लगातार एमएनआईटी में मॉनिटरिंग कर रही थी। इसी बीच भोजन के लालच में पैंथर पिंजरे में कैद हो गया। पिंजरे में कैद हुए पैंथर को नाहरगढ़ जंगल में रिलीज कर दिया गया है।

# केकड़ी में 14 वर्ष आयुवर्ग की जिला स्तरीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

## श्री सुधासागर स्कूल के तत्वावधान में हो रहा है आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल के तत्त्वावधान में 14 वर्ष आयुवर्ग की 68वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज रविवार को समारोहपूर्वक किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा थे। अध्यक्षता स्कूल प्रबंध समिति के सचिव आनन्द सोनी ने की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासित होकर अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। स्कूल प्रबंध समिति के सचिव आनन्द सोनी ने स्कूली शिक्षा के साथ खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा खिलाड़ियों को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। समारोह के प्रारंभ में क्रीड़ा संयोजक एस एन खंडेलवाल ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। निदेशक अजय जैन ने आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के प्रभारी उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीनारायण शर्मा ने किया इस प्रतियोगिता में जिले की 13 टीमों के 208 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कराटी और डीएनजी स्कूल, सरवाड़ के मध्य खेला गया, जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कराटी की टीम विजयी रही। स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कटारिया ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# एचएमडी ने एचएमडी 105 4जी और एचएमडी 110 4जी के साथ पेश किया यूट्यूब वाला फोन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एचएमडी ने एचएमडी 105 4जी और एचएमडी 110 4जी फोन लॉन्च किया है, जिसे लेकर बेहद उत्साह है। इसे क्लाउड फोन ऐप के जरिये हर किसी को यूट्यूब, यूट्यूब म्यूजिक और यूट्यूब शॉर्ट्स जैसी आधुनिक सुविधा और मनोरंजन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो आपको जब भी जरूरत हो, मनोरंजन और जानकारी प्रदान करता है। ये फोन इस तरह अलग हैं कि इनसे प्री-लोडेड ऐप के ज़रिए बिना इंटरनेट एक्सेस के सुरक्षित तरीके से यूपीआई ट्रांज़ैक्शन किया जा सकता है। चाहे अपने किसी परिजन को पैसे भेजना हो या किराने का सामान खरीदना हो, इन फोन से यह सब आसान और सुरक्षित बन जाता है, चाहे आप कहीं भी हों।

हमारी 1 साल की रिप्लेसमेंट गारंटी के साथ मन की शांति का अनुभव करें, जो विश्वसनीयता के साथ सुकून प्रदान करती है। ये फीचर फोन सिर्फ संचार के उपकरण ही नहीं हैं बल्कि ये आपके लिए सबसे ज़रूरी चीज़ों से जुड़े रहने के माध्यम हैं और यह सुनिश्चित करते हैं आप दुनिया से जुड़े रहें।

एचएमडी इंडिया एंड एपीएसी के सीईओ एवं वीपी, श्री रवि कुंवर ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा- 卐एचएमडी 105 4जी और एचएमडी 110 4जी फीचर फोन स्टाइलिश नए डिज़ाइन, यूट्यूब और यूपीआई क्षमता के ज़रिये मनोरंजन की सुविधा के साथ भारत में ताज़ातरीन नवोन्मेष पेश करने की हमारी विरासत के प्रतीक हैं। ये फोन नवोन्मेष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल हैं, जो आवश्यक कनेक्टिविटी को यूपीआई इंटीग्रेशन और यूट्यूब पहुंच जैसी उन्नत सुविधाओं के साथ जोड़ते हैं। हम इन आधुनिक सुविधाओं को ग्राहकों के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी को जुड़े रहने, मनोरंजन करने और सशक्त होने का अवसर मिले।

# जिला स्तरीय ताइ्क्वंडो प्रतियोगिता में भूमित शर्मा रहे प्रथम

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी के छात्र भूमित शर्मा ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गुलाबचंद मेघवंशी ने बताया कि एमएलडी संस्थान में 19 वर्षीय आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में छात्र भूमित ने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमित अब 17 सितंबर से झुंझुनू में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगा।

# असली संबंध भगवान से,सांसारिक संबंध माना हुआ है : स्वामी विजयानंद गिरी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अपना घर शालीमार मे श्री राम मंदिर में चल रहे दुर्लभ सत्संग के तीसरे दिन श्रद्धेय स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज ने साधकों को अपने प्रवचन में बताया कि मानव का अपने सांसारिक जीवन में सम्बन्ध माना हुआ है जो कि ईश्वर प्राप्ति मे बाधक है। माना हुआ संबंध सेवा के लिए है, भगवान ने यह जुम्मेदारी सिर्फ मनुष्य को दी है क्योंकि उसके पास समय, समझ, समर्थ, सामग्री है जिसका उसे उपयोग सेवा के लिए करना चाहिए। पर हित सरस धर्म नही भाई के अनुसार ह्रदय का भाव सेवा का हो, सबके हित में ही अपना हित है। माता पिता की सेवा को सर्वोच्च बताया।भगवान से संबंध आत्मिक एवम प्रेम रस मे डूबा हुआ पक्की लगन के साथ होना चाहिए तभी मानव का कल्याण हो सकता है। सभी संसार भगवत स्वरूप है, कामना के कारण भिन्न भिन्न नजर आता है। साधकों को अपने कल्याण एवम सदमार्ग पर चलने के लिए प्रतिदिन गीता जी पढ़नी चाहिए जो कि साक्षात भगवान द्वारा अपने मुख से जन कल्याण हेतु कही गई वाणी है। गंगा जल के दर्शन मात्र से सैंकड़ों पाप नष्ट हो जाते हैं। स्वामी जी ने सभी माताओं और बहनों को अपने प्रवचन में बताया कि वो बच्चो में अच्छे संस्कार डाले और घर में बनाया हुआ सात्विक भोजन भगवान को भोग लगाने के बाद सभी परिजनों को देवे।

भगवान को निरंतर याद करते रहना चाहिए क्योंकि अंत समय में मनुष्य को जो याद आता ह उसके अनुसार ही उसकी गति होती है। मनुष्य को अपने कर्मो का फल भोगना पड़ता है इसलिए मानव को हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए। अंत में साधकों को स्पष्ट किया कि श्रद्धा गुरु मे रखो किंतु प्रेम ईश्वर से करो।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों के लिए आयोजित 6 दिवसीय सी एम ई का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय जयपुर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार ओर राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ दिल्ली द्वारा प्रायोजित 9 से 14 सितम्बर तक आयोजित 6 दिवसीय सीएमइ कार्यक्रम का समापन हुआ। सीएमइ कार्यक्रम में देशभर से 20 राज्यों से 30 आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया। देशभर से 12 आयुर्वेद विशेषज्ञों ने व्याख्यान ओर अपने चिकित्सा अनुभव प्रस्तुत किए।

6 दिवसीय सीएमइ कार्यक्रम में विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सा के विशेषज्ञों ने हृदय रोग, क्षार सूत्र चिकित्सा, फर्स्ट एड, बालरोग, स्त्री एंड प्रसूति रोग, इम्यूनिटी संबंधित रोगों के आयुर्वेदिक निदान ओर चिकित्सा संबंधित व्याख्यान दिए।

समापन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो संजीव शर्मा ने की उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा चिकित्सा क्षेत्र से जुडे व्यक्ति को अपने ज्ञान को निरंतर अपग्रेड करते रहने का महत्व समझाया ओर 6 दिवसीय सीएम कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रोगों के निदान के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए अनुभव, जानकारी को आमजन की सेवा में उपयोग करने का आह्वाहन किया।

कायचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो एच एम एल मीना ने कहा 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम में देश भर के आयुर्वेद चिकित्सक को इलाज के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान ओर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा विभिन्न रोगों के निदान की जानकारी दी गई। सीएमइ का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कायचिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रो बी एल मेहरा, प्रो सुश्रुत कनोजिया, चिकित्सक, शिक्षक उपस्थित रहे।

# डिवाइडर से टकराई बोलेरो कार, दो की मौत, 11 घायल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** शनिवार की देर रात सोहेला पुलिया के समीप एक बोलेरो कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में 2 जनों की मृत्यु हो गई व 11 जने घायल हो गए। बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि शनिवार की देर रात जयपुर से श्योपुर मध्य प्रदेश जा रही बोलेरो कार पुलिया के डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें सवार चालक अरमान खान पुत्र हमीद खां उम्र 27 साल निवासी मानपुर जिला श्योपुर मध्यप्रदेश व नफीस खान पुत्र शाकिर अली उम्र 27 साल निवासी सबलगढ़ जिला मुरैना मध्यप्रदेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। गंभीररूप से घायल नजर बानो पत्नी नफीस निवासी संबलगढ़, अली हुसैन, आरव खान, फजर मोहम्मद, परवीन बानो, काहिरा, शकील खान, पूनम बानो, अनीशा बानो, आदिल खान, आमर बानो सभी निवासी गांव मानपुर थाना मानपुर को टोंक सआदत अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां सें गंभीर घायल नादरा बानो, अली हुसैन, काहिरा को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया।

# छान में तालाब की पाल पर मनाया गया राजस्थान जल महोत्सव- 2024

## लोगों को दिलाई पानी बचाने की शपथ, क्षेत्र में दिया जल संरक्षण व संग्रहण का सन्देश

बढ़ता राजस्थान



**छान( नि.स. )।** ग्राम पंचायत छान में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर राजस्थान जल महोत्सव-2024 गांव के सार्वजनिक तालाब की पाल पर मनाया गया।जिसमें लोगों को जल संग्रहण और संरक्षण की शपथ दिलाई गई। लोगों ने वायु प्रदूषित नहीं करने और पेड़- पौधों की रक्षा की की भी शपथ ली। इस अवसर पर सरपंच भंवर लाल बैरवा, उप सरपंच हेमलाल जाट, ग्राम विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा, वार्ड पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राशन डीलर समेत आशाराम जाट, हनुमान जाट, रामेश्वर चौधरी, छीतर लाल गुर्जर, फैसल खान, राजेंद्र नाथ आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# फेवरेट तो हम ही हैं, चिंता उन्हें होनी चाहिए- शमी

## नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे

### 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका; ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पहला स्थान




ब्रुसेल्स (एजेंसी)।

नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। वह चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया।

नीरज ने अपने पहले अटेम्प्ट में 86.82 मीटर का थ्रो फेंका था। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल में 7 जैवलिन थ्रोअर ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 4 थ्रोअर 83 मीटर का थ्रो भी नहीं फेंक सके।

डायमंड लीग फाइनल 13 और 14 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स स्थित किंग बौडॉइन स्टेडियम में हुआ। शुक्रवार को भारत के ही अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में 9वें नंबर पर रहे।

तीसरे अटेम्प्ट में नीरज ने फेंका अपना बेस्ट थ्रो जैवलिन थ्रो इवेंट शनिवार देर रात 11:52 बजे शुरू हुआ। पहले अटेम्प्ट में नीरज चोपड़ा ने 86.82 मीटर का थ्रो फेंका, जिससे वह दूसरे स्थान पर पहुंचे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रहे।

## तेजस्वी बोले- विराट कोहली मेरी कप्तानी में क्रिकेट खेलते थे:टीम इंडिया के कई खिलाड़ी मेरे बैचमेट, लिगामेंट फैक्चर के कारण खेल छूटा

**पटना।** विराट कोहली मेरी कप्तानी में खेल चुके हैं। क्या किसी ने कभी इस बारे में बात की? वे ऐसा क्यों नहीं करते? ये कहना है नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का। इतना ही नहीं, तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि टीम इंडिया के कई खिलाड़ी उनके बैचमेट रह चुके हैं।

एक निजी चैनल से बात करते हुए तेजस्वी (34) ने कहा, मैं एक क्रिकेटर था और मौजूदा समय में कोई भी इस बारे में बात नहीं करता। एक पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर मैंने अच्छा क्रिकेट खेला। टीम इंडिया के कई खिलाड़ी मेरे बैचमेट रहे हैं। मुझे खेल छोड़ना पड़ा, क्योंकि मेरे दोनों लिगामेंट फैक्चर हो गए थे। इसे रहने दीजिए। तेजस्वी ने क्रिकेट करियर छोड़ राजनीति में एंट्री ली थी। तेजस्वी यादव ने राजनीति में आने से पहले दिल्ली के लिए काफी समय तक जूनियर क्रिकेट खेला। विराट ने भी काफी समय तक दिल्ली के लिए क्रिकेट खेला है।

### क्रिकेट की पिच पर फ्लॉप साबित हुए थे तेजस्वी

तेजस्वी के क्रिकेट करियर के बारे में बात करे तो वे प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैच खेलने में कामयाब रहे थे। बहुत कम लोग जानते हैं कि तेजस्वी आईपीएल के सीजन 2008, 2009, 2011 और 2012 में दिल्ली कैपिटल्स यानी दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाड़ी रह चुके हैं, लेकिन उन्हें कभी भी प्लेइंग इलेवन में चांस नहीं मिला। तेजस्वी मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में स्विंग कराने की क्षमता रखते थे।

### भारतीय क्रिकेट टीम में नहीं मिली जगह तो राजनीति में आए

तेजस्वी की ख्वाहिश थी कि वे भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलें, लेकिन पैर के लिगामेंट फैक्चर होने के कारण बाद में वे राजनीति में आ गए। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स टीम की तरफ से न खेल पाने के सवाल पर तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद ने एक बार कहा था कि कम से कम उनके बेटे को खिलाड़ियों को पानी पिलाने का मौका तो मिला।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर बोले भारतीय पेसर; कहा- 100% फिट होने पर ही वापसी करूंगा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर बात करते हुए कहा कि फेवरेट तो हम ही हैं, उन्हें चिंता होनी चाहिए।

34 साल के तेज गेंदबाज ने शनिवार को बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अवॉर्ड शो में हिस्सा लिया। शमी एनसीए में टखने की चोट से रिकवर कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 टेस्ट सीरीज से नहीं हरा सकी है।

जब तक पूरी तरह फिट नहीं हो जाता, जोखिम नहीं उठाऊंगा: शमी शमी ने टीम इंडिया में वापसी के सवाल पर कहा- मैं जबरदस्ती और जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं। मैं 100 फीसदी फिट होकर मैदान पर लौटना चाहता हूं।

शमी ने पीटीआई से कहा, मैं जितना मजबूत होकर वापस आऊंगा, मेरे लिए उतना ही बेहतर होगा। मैं जल्दबाजी नहीं करना चाहता, क्योंकि फिर से चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहता, चाहे वे बांग्लादेश, न्यूजीलैंड या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज हो। उन्होंने कहा- मैंने पहले ही गेंदबाजी शुरू कर दी है। शमी ने आखिरी इंटरनेशनल मैच 2023 वनडे वर्ल्ड कप में खेला था। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच में चोटिल हो गए थे।

रणजी ट्रॉफी खेल सकते हैं शमी शमी अक्टूबर में होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलते दिख सकते हैं। वे बंगाल की ओर से 11 अक्टूबर को यूपी और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ मैच में उतर सकते हैं। यदि वो डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते हैं तो न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में से इंडियन टीम में वापसी कर सकते हैं।

### शमी की मुख्य बातें

अगर मुझे अपनी फिटनेस जांचने के लिए डोमेस्टिक खेलने की जरूरत पड़ी, तो मैं खेलूंगा। सबसे अहम बात यह है कि मैं आगे आने वाली किसी भी चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हूं, चाहे टीम हो या फॉर्मेट।

मैं अक्सर कहता हूं कि मैं यूपी में पैदा हुआ, लेकिन बंगाल में बना हूं, यहां 20 साल से अधिक का सफर तय किया है मैंने और मैं बंगाल से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल सकते हैं टेस्ट भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 टेस्ट की सीरीज भी 16 अक्टूबर से ही शुरू हो जाएगी। न्यूजीलैंड से पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से बेंगलुरु, दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे और तीसरा टेस्ट 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा। शमी अगर अपनी मैच फिटनेस साबित करने में कामयाब रहे तो उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाकी 2 टेस्ट खेलने का मौका भी मिल सकता है।

एंकल सर्जरी से रिकवरी कर रहे शमी मोहम्मद शमी ने इसी साल जनवरी में इंग्लैंड जाकर अपनी एंकल की सर्जरी कराई थी। सर्जरी के बाद से वह 6 महीने तक मैदान से दूर रहे। उन्होंने इसी महीने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। शमी के कुछ वीडियो भी सामने आए, जिसमें उन्हें धीमी गति से गेंदबाजी करते देखा गया।




## चेन्नई टेस्ट से पहले टीम इंडिया ने की प्रैक्टिस:लंदन से सीधे चेन्नई पहुंचे कोहली; 19 सितंबर से बांग्लादेश से मुकाबला

चेन्नई। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया ने चेन्नई में जमकर पसीना बहाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम की प्रैक्टिस की फोटोज ट्वीट की है। इसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम के बाकी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के साथ दिखाई दे रहे हैं। टीम इंडिया को यहां 19 सितंबर से पहला टेस्ट खेलना है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आज सुबह 4 बजे की फ्लाइट से लंदन से चेन्नई पहुंचे। उनका चेन्नई एयरपोर्ट से निकलते हुए वीडियो आया है, इसमें कोहली कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से निकलते दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले, गुरुवार रात कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और विकेटकीपर ऋषभ पंत को टीम बस पर चढ़ते देखा गया।



## दलीप ट्रॉफी में इंडिया ए 186 रन से जीता : इंडिया बी और इंडिया सी का मैच ड्रॉ, अंशुल कंबोज ने झटके 8 विकेट

नई दिल्ली (एजेंसी)।

दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे राउंड में रविवार को इंडिया ए ने इंडिया डी को 186 रन से हरा दिया। इंडिया ए के ऑलराउंडर शम्स मुलानी को 89 रन और 4 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं इंडिया बी और इंडिया सी के बीच का मैच ड्रॉ हो गया। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को 38 रन और 8 विकेट के चलते प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

रविवार को चौथे दिन 488 रन का टारगेट चेज कर रही इंडिया डी की टीम 301 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की तरफ से रिकी भूई ने सबसे ज्यादा 113 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 रन की पारी खेली। इंडिया डी की तरफ से तनुष कोटियान ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

शम्स मुलानी को 3 विकेट शम्स मुलानी ने यश दुबे और देवदत्त पडीक्कल को पवेलियन भेजा। उन्होंने यश दुबे (37 रन) को फॉलो-थ्रू पर रनआउट किया। फिर पडीक्कल को बोल्डकर दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर 41 रन बनाकर आउट हुए।

दूसरी ओर, इंडिया बी की टीम पहली पारी में 332 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 157 रन बनाए। नारायण जगदीशन ने 70 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। अंशुल कंबोज ने 8 विकेट झटके। इंडिया सी ने पहली पारी में 525 रन बनाए।



इंडिया सी को पहली पारी में 193 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में कप्तान ऋतुराज गायकवाड के 57 और रजत पाटीदार के 42 राण के चलते इंडिया सी ने इंडिया बी को 321 रन का टारगेट दिया। लेकिन मैच में सिर्फ एक सेशन बचे होने की वजह से इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और इंडिया सी के कप्तान गायकवाड ने मिलकर मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया।

अंशुल कंबोज के 8 विकेट इंडिया सी के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शानदार बॉलिंग की। उन्होंने 27.5 ओवर में 69 रन देकर 8 विकेट लिए। उन्होंने नारायण जगदीशन, पिछले मैच के शतकवीर मुशीर खान और सरफराज खान को आउट किया। उनकी वजह से इंडिया सी को 193 रन की बढ़त मिली।

रिकी भुई का शतक इंडिया डी के बल्लेबाज रिकी भुई ने शानदार बल्लेबाजी की, वो एक साइड पर डटे रहे। उन्होंने 14 चौके और 3 छक्के की मदद से 113 रन बनाए। रिकी को तनुष कोटियान ने आउट किया।

## कोरिया के खिलाफ फॉर्म में चल रही भारतीय टीम एसीटी हॉकी सेमीफाइनल में प्रबल दावेदार

हुलुनबुइर (चीन)। शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5-1 और मलेशिया को 8-1 से मात दी। भारतीय टीम ने कोरिया को 3-1 से हराने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की।

भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है, फिर चाहे अग्रिम पंक्ति हो या मिडफील्ड हो या फिर रक्षण। लीग चरण में भारत के लिए स्ट्राइकरों का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। पेरिस में मैदानी गोल करना भारत के लिए चिंता का विषय था लेकिन यहां सुखजीत सिंह, अभिषेक, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और अन्य की युवा स्ट्राइकरों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाये हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं। लेकिन नॉकआउट मुकाबला किसी भी टीम के लिए नयी शुरूआत होता है तो भारतीय टीम कोरिया को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकी क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम का दिन अच्छा रहे तो वह हैरान कर सकती है।

## पर्यटन समाचार







# अक्टूबर में पार्टनर संग बिताना चाहते हैं क्वालिटी टाइम तो दार्जिलिंग से जैसलमेर तक की यह जगहें हैं परफेक्ट

**वैसे तो हमारे देश में घूमने के लिए बहुत सारी जगह हैं। लेकिन पर्यटक मौसम के हिसाब से घूमने का प्लान बनाते हैं। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं तो अक्टूबर का महीना सबसे अच्छा होता है।**

### मनाली

मनाली भारत के उत्तरी भाग में स्थित है। यह जगह हरे भरे और बर्फ से ढके पहाड़ों से घिरा हुआ एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। मनाली भारत के सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। अक्टूबर के महीने में यहां का मौसम सुहावना व ठंडा होता है। मनाली में आप पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, ट्रैकिंग और पहाड़ी सड़कों के जरिए लंबी व रोमांचक ड्राइव का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### गोवा

गोवा खूबसूरत समुद्र तटों और नाइटलाइफ़ के लिए पूरा दुनिया में फेमस है। अक्टूबर में गोवा का मौसम अधिक सुहावना होता है। गोवा के समुद्र तटों पर होने वाली पार्टियां और अन्य बाहरी गति विधियां पर्यटकों को बर्बस ही अपनी ओर खींचतीं हैं। इसके अलावा आप पुराने गोवा, दूधसागर झरना और यहां की अन्य ऐतिहासिक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### केरल

भारत के दक्षिण में स्थित केरल प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां पर आपको प्रकृति के अद्भुत और जीवंत दृश्य देखने को मिलेंगे। जो आपका मन मोह लेंगे। इसके अलावा यहां पर आप अक्टूबर के महीने में ट्रैकिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। आप यहां के कुछ फेमस मंदिर जैसे पद्मनाभस्वामी मंदिर या गुरुवयूर मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं।

### दार्जिलिंग

दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल का एक सुरम्य हिल स्टेशन है। अक्टूबर के महीने में यहां की खूबसूरती देखने लायक होती है। दार्जिलिंग कंचनजंगा पर्वत श्रृंखला और चाय बागानों के बेहद शानदार दृश्य पेश करता है। आप यहां पर सिलीगुड़ी से दार्जिलिंग तक टॉय ट्रेन की सवारी भी लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा यहां पर टाइगर हिल, मिरिक झील और रॉक गार्डन जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### ऋषिकेश

भारत के आध्यात्मिक केंद्रों में ऋषिकेश का नाम भी शामिल है। ऋषिकेश उत्तराखंड में हिमालय की तलहटी के पास स्थित है। अक्टूबर के महीने में आप इस आध्यात्मिक नगरी में घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप गंगा नदी के किनारे कैंपिंग, व्हाइट-वॉटर राफ्टिंग और पहाड़ियों में ट्रैकिंग का आनन्द उठा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी आश्रम या ध्यान केंद्र में कई फिजिकल एक्टिविटीज में शामिल हो सकते हैं।

### शिमला

हिमाचल प्रदेश में स्थित शिमला पर्यटकों के लिए एक और लोकप्रिय हिल स्टेशन है। ऐसे में अक्टूबर के महीने में शिमला की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। यहां पर आप सेब के बगीचों में ट्रैकिंग, चीड़ के जंगलों, पुरानी औपनिवेशिक वास्तुकला, मॉल रोड, जाखू मंदिर या शिमला चर्च आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### उदयपुर

राजस्थान में स्थित उदयपुर रोमांटिक शहरों में से एक माना जाता है। उदयपुर झील के किनारों, महलों और मंदिरों के लिए फेमस है। अक्टूबर के महीने में उदयपुर का मौसम सुहावना होता है। अक्टूबर के महीने में लेक पिछोला, जग मंदिर पैलेस, सिटी पैलेस और जगदीश मंदिर आदि जगहों पर भी घूमा जाता है।

### जैसलमेर

जैसलमेर, राजस्थान में थार रेगिस्तान के पास स्थित है। जैसलमेर आपको एक अलग प्रकार की जीवन शैली और संस्कृति के बारे में बताता है। यह स्थान भारत के लिए अद्वितीय है। अक्टूबर के इस महीने में आप राजस्थान के पास के गांवों में जाकर पारंपरिक लोक नृत्य देख सकते हैं। इसके साथ ही ऊंट सफारी पर बैठकर टीलों का पता लगा सकते हैं और जैसलमेर किला या मेहरानगढ़ किला आदि जैसी पुरानी जगहों को भी देख सकते हैं।

### वाराणसी

वाराणसी भारत के प्राचीन शहरों में से एक है। यह उत्तर प्रदेश राज्य में गंगा नदी के तट पर स्थित है। वाराणसी आध्यात्मिक संस्कृति और प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। वाराणसी में दशहरा और दिवाली आदि जैसे त्योहारों को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। यहां पर अक्टूबर के इस महीने में भव्य जुलूस आदि का भी आयोजन किया जाता है।

### आगरा

आगरा भारत के फेमस स्मारकों में से एक है। प्राचीन समय में आगरा मुगल साम्राज्य की राजधानी थी। आगरा में आप ऐतिहासिक इमारतों को देख सकते हैं। यहां पर आप फतेपुर सीकरी, सिकंदरा मकबरा, ताज महल आदि का दीदार कर सकते हैं। ऐसे में अक्टूबर का महीना आगरा घूमने के लिए उपयुक्त है।

# इन तरीकों से कम करें कैलोरी इनटेक, वेट लॉस में मिलेगी मदद



वर्तमान समय में मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। आजकल हर दूसरा व्यक्ति अपने बढ़े हुए वजन से परेशान है। वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। लेकिन कई बार डाइटिंग करने और घंटों जिम में पसीना बहाने के बाद भी वजन कम नहीं होता है। दरअसल, वजन कम करने के लिए कैलोरी इनटेक पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम दिनभर में जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज्यादा कैलोरी बर्न करना वेट लॉस के लिए जरूरी माना जाता है। कैलोरी इनटेक कम होने पर शरीर फैट को एनर्जी में बदलकर उसका इस्तेमाल करता है। इससे शरीर का वजन कम होने लगता है। कई लोग कैलोरी इनटेक को कम करने के लिए बहुत कम खाना शुरू कर देते हैं या मील स्किप करने लगते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा कम कैलोरी लेने से आपको कमजोरी महसूस हो सकती है।

### डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं

अगर आप अपने कैलोरी इनटेक को कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं। प्रोटीन खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और आप ज्यादा खाने से बच जाते हैं। प्रोटीन मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाता है, जिससे एक्स्ट्रा कैलोरी और फैट को बर्न करने में मदद मिलती है।

### पानी पिएं

कैलोरी इनटेक को कम करने का सबसे आसान तरीका पानी पीना है। शरीर में पानी की कमी होने पर व्यक्ति को बार-बार भूख का एहसास होता है। ऐसे में हम ज्यादा खाना खा लेते हैं, जिससे वजन बढ़ने लगता है। इसलिए आपको भरपूर मात्रा में पानी पीने की कोशिश करनी चाहिए। खासतौर पर, खाना खाने से आधे घंटे पहले एक से दो गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और आप ओवरईटिंग से बच जाएंगे।

### छोटी प्लेट में खाना खाएं

आपको यह पढ़कर भले ही हैरानी हो, लेकिन छोटी प्लेट में खाना खाकर भी आप कैलोरी इनटेक को कम कर सकते हैं। दरअसल, जब हम बड़ी प्लेट में खाना खाते हैं, तो पोर्शन साइज भी अपने आप बढ़ जाता है। वहीं, जब आप छोटी प्लेट में खाएंगे, तो खाना कम परोसेंगे। इससे कैलोरी इनटेक को कम करने में मदद मिलेगी।

### कार्ब्स और शुगर का सेवन कम करें

कार्ब्स और शुगरी आइटम्स में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा होती है। जंक और प्रोसेस्ड फूड, कोल्ड ड्रिंक, कुकीज और मिठाई का सेवन करने से आप कैलोरी काउंट काफी अधिक बढ़ सकता है। साथ ही, इनके ज्यादा सेवन से मोटापा, डायबिटीज और दिल की बीमारियों का जोखिम भी बढ़ सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप इन फूड्स से दूरी बनाएं या इनका सेवन कम मात्रा में करें।

### डाइट में बढ़ाएं सब्जी की मात्रा

अगर आप कैलोरी इनटेक कम करना चाहते हैं, तो डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं। इसके लिए आप सब्जी का ज्यादा सेवन करें। फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में भी मदद करता है। वजन घटाने के लिए डाइजेशन का सही होना जरूरी है। इसके लिए आप खाने में सलाद और सब्जियों की मात्रा के ज्यादा रखें।

# त्वचा हेल्दी बनाए रखने के लिए कौन सा विटामिन है आपके लिए ज्यादा फायदेमंद, विटामिन सी या विटामिन ई



आपकी त्वचा को उचित पोषण की आवश्यकता होती है। स्वाभाविक रूप से चमकती त्वचा के लिए आपको विभिन्न कारकों का ध्यान रखना चाहिए। आहार से लेकर पर्यावरणीय तथ्यों तक कई कारक हैं जो आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। सही पोषक तत्व आपकी त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करेंगे और आपको निर्दोष त्वचा देंगे। कई विटामिन आपकी त्वचा के लिए अद्भुत काम करते हैं और आपको कई त्वचा मुद्दों से लड़ने में मदद करते हैं। आप मुँहासे, संक्रमण, काले धब्बे, शुष्क त्वचा, उम्र बढ़ने के संकेत और सही विटामिन के साथ कई तरह की त्वचा के मुद्दों से लड़ सकते हैं। विटामिन सी और ई दो आवश्यक विटामिन हैं जो आपको विभिन्न त्वचा मुद्दों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त करने के लिए आप इन दोनों को मिला सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन सी :** विटामिन सी आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विटामिन आपकी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए वरदान है। विटामिन सी आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने में आपकी मदद करता है। यह एन डिटॉक्सीफिकेशन में मदद करता है जिसके परिणामस्वरूप त्वचा में चमक आती है। विटामिन सी भी त्वचा टोन को बढ़ावा देता है और रंजकता और लालिमा को कम करता है। यह कोलेजन उत्पादन को भी बढ़ावा देता है। विटामिन सी आपको जवां त्वचा देगा। यह डार्क स्पॉट्स को भी कम करता है। मुख्य रूप से खट्टे खाद्य पदार्थों में विटामिन सी के कई खाद्य स्रोत हैं। आप इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को लाभ प्रदान करेंगे। आप अपने चेहरे पर विटामिन सी सीरम भी लगा सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन ई :** विटामिन ई आपकी त्वचा के लिए एक और अद्भुत विटामिन है। यह बालों के स्वास्थ्य को बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। विटामिन ई सेल फ़ंक्शन और त्वचा स्वास्थ्य का समर्थन करता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। विटामिन ई यूवी नुकसान को कम करने में भी मदद कर सकता है। आप विटामिन ई की मदद से उम्र बढ़ने के संकेतों से भी लड़ सकते हैं। आप अपने आहार में विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। विटामिन ई के कुछ खाद्य स्रोतों में शामिल हैं- बादाम, सूरजमुखी के बीज, मूंगफली, हेज़लनट्स, गेहूं के बीज, सोयाबीन का तेल और कई और। विटामिन ई की खुराक भी आसानी से उपलब्ध है। आप आवेदन के लिए विटामिन ई कैप्सूल से अर्क का उपयोग कर सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन सी और ई: कैसे उपयोग करें :** आप आवेदन के लिए विटामिन सी और ई सीरम को मिला सकते हैं। विभिन्न त्वचा मुद्दों से लड़ने के लिए विटामिन सी और ई सप्लीमेंट के अर्क को अलग-अलग फेस पैक या किचन सामग्री में मिलाया जा सकता है।

# शरीर में दिखने वाले ये अनजाने कारण हैं हार्ट अटैक का संकेत, क्या हैं बचने के उपाय



**मौजूदा वक्त में कई व्यक्ति किसी न किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जुझते रहते है। कई बढ़ती उम्र के कारण बीमार हो जाते है तो कई को अचानक कोई बीमारी घेर लेती है। इन्हीं सब बीमारियों में से एक घातक बीमारी हार्ट अटैक है। जैसा कि हम जानते है कि हार्ट अर्थात दिल हमारे शरीर का एक अभिन्न अंग है। इसके बिना कोई भी इंसान अपनी जीवन की परिकल्पना नहीं कर सकता है। आजकल ऐसे कई रोग है जो इंसान कि जान तुरंत ले लेता है। इन्हीं में से एक है हार्ट अटैक जिससे इंसान कि जान तुरंत जा सकती है।**

### नींद में कमी आना

अगर आप प्रतिदिन पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे है, जिसके कारण आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होते जा रहा है। ऐसी स्थिति में आपको दिल का दौरा पड़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है। एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने ये बताया कि जो लोग आमतौर पर रात में 6 घंटे से कम सोते हैं, उन्हें दिल का दौरा पड़ने की संभावना सामन्य व्यक्ति से दोगुनी हो जाती है। कम नींद की वजह से इंसान कि रक्त की गति भी बढ़ जाती है। जो दिल के स्वास्थय के लिए अच्छा नहीं माना जाता है।

### सांस फूलना या सांस लेने में परेशानी आना

अगर किसी व्यक्ति को अचानक या हल्के-फुल्के काम से सांस लेने में दिक्कत आने लगे या सांस फूलने लगे तो उसे समझ लेना चाहिए कि उसका दिल सही से काम नहीं कर रहा है। शरीर में आने वाले ये बदलाव हार्ट अटैक के सीधे लक्षण को दिखाता है।

### चक्कर आना या घबराहट महसूस करना

इंसान का दिल जैसे-जैसे कमजोर होने लगता है, वह सही से इंसान के पुरे शरीर में रक्त का संचार नही कर पाता है। जिसकी वजह से व्यक्ति के दिमाग में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नही मिल पाता है। इसी कारण इंसान को चक्कर आने की स्थिति पैदा हो जाती है। उसे हर छोटी से छोटी बात को लेकर घबराहट होने लगती है। इंसान के ये बदलाव हार्ट अटैक के गंभीर लक्षणों को दर्शाता है।

### धड़कनो मे तेजी व अधिक पसीना आना

कई बार इंसान को अचानक तेज पसीना आने लगता है। जबकि पसीना आने का कारण न तो शारीरिक श्रम होता है और न ही तेज गर्मी। इस तरह की कमजोरी हमारी दिल के कमजोरी को दर्शाता है। और ये हार्ट अटैक के लक्षण भी माने जाते हैं। कई बार हमारी दिल की धड़कनें काफी तेज या बहुत धीमी हो जाती है। यह भी हमारी दिल कि कमजोरियों को दर्शाती है। हमे ऐसा महसूस होता है जैसे हमारा दिल सिकुड़ रहा है। इस कारण हमें तेज घबराहट भी होने लगती है। इस तरह के लक्षण को हमें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये हार्ट अटैक के प्रभावी लक्षण माने जाते हैं। हार्ट अटैक भी अन्य बीमारियों कि तरह एक बीमारी है। अगर हम इसके लक्षणों पर सही से ध्यान दें तो हम इस जानलेवा बीमारी से समय रहते पार पा सकते है और ठीक हो सकते है।

### शरीर के किसी भाग में सूजन

**हमारा दिल शरीर के सभी अंगों में रक्त पहुंचाने का कार्य करता है। ऐसे में जब हमें हार्ट संबंधी दिक्कतें आती है तो दिल को शरीर के सभी भाग में रक्त पहुंचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। जिसके कारण शरीर में सही तरह से रक्त का संचार नही हो पाता है। जिस-जिस भाग में रक्त का संचार सही से नहीं हो पाता है शरीर के उस भाग में सूजन आ जाती है। ये सूजन हार्ट अटैक आने के पहले के लक्षण को बताता है।**

# अनचाहे बालों से छुटकारा पाना है, आपके लिए हेयर रिमूविंग के कुछ खास प्रचलित तरीके



अधिकांश महिलाओं के 30 प्रतिशत और पुरुषों के 90 प्रतिशत शरीर पर बाल होते हैं। इनमें भौंह, सीना, कमर, प्यूबिक एरिया, अंडरआर्म्स, चेहरे, हाथ, पैरों आदि पर प्रमुखता से बाल पाए जाते हैं। अक्सर लोगों की इच्छा होती है कि इनमें से कुछ जगहों के बाल हटा दियें जाएं। जिससे उनकी त्वचा साफ-सुथरी दिख सके। हालांकि, खुशी की बात ये है कि कई तकनीकों की मदद से अब अनचाहे बालों से छुटकारा पाने की प्रक्रिया बहुत आसान हो गई है। इनमें से सबसे प्रचलित और आसान तरीकों के विषय में आज हम चर्चा करेंगे।

**प्लकिंग :** ट्वीज़र की मदद से बालों को खींचकर निकाला जाता है। यह खासकर आईब्रो के बालों को शेप करने के लिए उपयोग किया जाता है। यह बालों को हटाने का बेहद सस्ता विकल्प है। साथ ही इसकी मदद से हटाए गए बाल वापस आने में कुछ महीनों का वक्त लेते हैं। इसलिए ये तरीका बेहद प्रचलित और कारगर है। लेकिन ज्यादा प्लकिंग से निशान पड़ने और छोटे-छोटे बालों के उगने की समस्या भी हो जाती है। आज कल बाजार में हाई टेक एपिलैप्टर उपलब्ध हैं। जिनमें इलेक्ट्रिक करेंट का उपयोग होता है और यह बालों से जल्द छुटकारा दिला देते हैं।

**थ्रेडिंग :** इस तकनीक से सबसे ज्यादा ब्यूटी पार्लर और सैलून में बालों को रिमूव किया जाता है। इस तकनीक से महिलाओं के चेहरे के छोटे-बालों को आसानी से हटाया जा सकता है। इसमें दो धागों को घुमाकर बालों को हटाया जाता है। थ्रेडिंग के बाद वापस बाल आने में 4 से 5 हफ्तों का समय लगता है।एशिया और मिडिल ईस्ट की महिलाएं खास तौर पर थ्रेडिंग का उपयोग करती हैं। जबकि एक अध्ययन में पाया गया है कि थ्रेडिंग से त्वचा चिकनी और साफ रहती है। अमेरिका में तो यह आमतौर पर भौंहों के बाल साफ़ करने के लिए इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

**वैक्सिंग :** यह भी सबसे प्रचलित तरीकों से में एक है। वैक्सिंग में पिघली मोम को उस जगह पर लगाया जाता है और फिर उसपर कपड़ा या कॉटन स्ट्रिप लगा कर जोर से खींच दिया जाता है। इससे भी बाल जड़ से निकल जाते हैं और वापस आने में इन्हें तकरीबन एक महीने का समय लगता है। यदि आप स्वयं करते हैं, तो अपने बालों को बढ़ने की दिशा में मोम फैलाएं। अपने लैशेस, कान, निपल्स और जननांगों को साफ करें।

**लेज़र हेयर रिमूवल :** यह हाई टेक तरीका आजकल काफी प्रचलन में है। इससे बालों से हमेशा के लिए तो छुटकारा नहीं मिलता लेकिन फिर भी प्लकिंग, थ्रेडिंग या वैक्सिंग की अपेक्षा इससे लंबे समय तक बाल दोबारा उगने में वक्त लगता है। इससे लाइट बीम के माध्यम से बालों पिघल जाते हैं और हेयर फॉलिकल नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि, यह तरीका थोड़ा महंगा होता है। पूरे शरीर के बाल हटाने में कम से कम 6 से 7 सत्र लगते हैं। इसे साल में कम से कम दो बार करवाना पड़ता है। यह हमेशा के लिए इलाज नहीं है। दूसरी बात समय के साथ वापस उगने वाले बाल आमतौर पर पतले और महीन होते हैं।

**शेविंग :** अगर मीटिंग, शादी या किसी फंक्शन में अचानक जाना हो और आपके पास पार्लर जाने का टाइम नहीं तो शेविंग से झटपट बालों से छुटकारा पाया जा सकता है। मार्केट में कई तरह के रेज़र उपलब्ध हैं, जो कि महिला और पुरुष दोनों के लिए अनचाहे बाल हटाने के लिए बेहद कारगर साबित होते हैं। हालांकि, इससे बाल जड़ तक हट नहीं पाते। इसलिए एक दो दिन में दोबारा उनकी ग्रोथ दिखने लगती है। आजकल बाजार में कुछ कंपनी ने इलेक्ट्रिक व डिस्पोजेबल रेज़र भी निकालें हैं। जो कि महिला और पुरुष दोनों की जरूरतों के हिसाब से अलग-अलग आते हैं।

### इलेक्ट्रोलिसिस

हेयर रिमूवल में यही एक तरीका है जो कि परमानेंट माना जा सकता है। इसमें हेयर फॉलिकल को इलेक्ट्रिक करेंट से हटा दिया जाता है। यह ट्रीटमेंट महंगा होता है। इस प्रक्रिया के दौरान काफी दर्द भी होता है। इसे करवाने में समय लगता है, भले ही आप इसे बालों वाली छोटी जगह पर ही क्यों ना करवाएं। कई ट्रांसजेंडर लोग इसके प्रभावी, स्थायी परिणामों के कारण इस तकनीक का चुनाव करते हैं। लेकिन यह महंगी है। यदि आप ऐसी कोई तकनीक अपनाना चाहते हैं तो किसी अच्छे एक्सपर्ट से राय लेना उचित है।

### कान-नाक के बाल

आपकी नाक के बाल या कुछ आदमियों में कान में भी बाल होते हैं, जो कि किसी भी प्रकार के जीवाणुओं या धूल के कणों को नष्ट करने के लिए होते हैं। हालांकि बाल अधिक उम्र में ही आपको खास परेशान करते हैं। इन बालों से छुटकारा पाने का सबसे सुरक्षित तरीका है गोल किनारों वाली कम तेज कैंची जो खासकर नाक के बाल काटने के लिए ही बनाई गई है या इलेक्ट्रिक ट्रिमर व कान के बाल के लिए डिट्टो। कानों के लिए आप, महंगा जरुर है, लेकिन स्थायी इलेक्ट्रोलिसिस का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# क्या आपके पेट से भी आती है गुड़गुड़ की आवाज? इसकी वजह और बचाव के तरीके



असल में पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के पीछे कुछ वजहें होती हैं। जिनमें से मुख्य हैं- भूख लगना, हाज़मा सही ना होना और तेज मसालेदार खाने का सेवन करना। आज के इस आर्टिकल के माध्यम से हम समझने की कोशिश करेंगे कि पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के क्या कारण हैं और हम कैसे इससे निजात पा सकते हैं।

**खाना पचाने में मदद करना :** जी हां, पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ का सम्बन्ध पाचन क्रिया से भी है। दरअसल,खाने के हमारी छोटी आंत में पहुंचते ही, शरीर से एंजाइम्स निकलने शुरू हो जाते हैं, जिनकी सहायता से खाना पचाने में मदद मिलती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान गैस और पचे हुए खाने का मूवमेंट डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में होता है, फलस्वरूप हमें पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ सुनाई देती है।



**भूख लगने पर :** आपने महसूस किया होगा कि भूख लगने पर अक्सर हमारे पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आती है। इसके पीछे की मुख्य वजह है शरीर द्वारा एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण। दरअसल, खाना पचाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शरीर एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण करता है और पेट चूंकि खाली होता है तो इसमें से रह-रहकर आवाज़ आनी शुरू हो जाती है। ख़ास कर तब तक, जब तक की आप कुछ खा नहीं लेते।

**पानी पिएं :** पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ को शांत करने का सबसे आसान उपाय है पानी पीना। जी हां, आपने भले ही खाना खा लिया हो या आप भूखे पेट हों दोनों ही मामलों में पानी पीना आपके लिए फायदे का सौदा है। दिन भर में यदि आप उचित मात्रा में पानी पीते हैं, तो आपको पेट की इस समस्या से काफी हद तक आराम मिल जाएगा।

**खली पेट नहीं रहें :** कोशिश करें कि दिन में थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ ना कुछ जरूर खाएं। खाली पेट नहीं रहें, इससे आपके पेट में गैस बनेगी जिसके चलते पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आनी शुरू हो सकती है।

**चबा-चबा के खाएं :** खाना हमेशा चबा-चबा के खाएं इससे आपकी पाचन क्रिया आसान होगी और आपने जो कुछ भी खाया है, उसे पचा पाना शरीर के लिए भी आसान होगा। इससे आपका पेट भी ठीक रहेगा और गैस आदि की दिक्कतों के साथ ही पेट से आने वाली आवाज़ भी काफी हद तक शांत हो जाएगी।

**एसिडिक और तेज मसाले वाले खाने से बचें :** एसिडिक और तेज मसाले वाला खाना यदि आप नियमित रूप से खा रहे हैं तो इससे बचें। यह ना सिर्फ आपको गैस संबंधी दिक्कत से दो-चार करवाएगा, बल्कि पेट की अन्य गंभीर समस्या भी ऐसे खाने से हो सकती हैं। ऐसे में यदि आप पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ से पीड़ित हैं तो ऐसे खाने को सीमित मात्रा में और कभी-कभार ही खाएं।

**शांत रहे :** कुछ तनावपूर्ण स्थितियों में जैसे कि नौकरी के लिए साक्षात्कार, कार्य और इंटरव्यू, या टेस्ट के दौरान पेट का गड़गड़ाना अधिक हो सकता है। इसका कारण यह है कि पेट चाहे भरा हो या खाली इस के बावजूद, चिंता की कारण आंतो की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। तनावग्रस्त होने से पाचन धीमा हो जाता है और अपच की समस्या होने लगती है, इसलिए पेट से आवाज आती है। ऐसे में गहरी साँस लेकर या प्राणायाम कर, चिंता और तनाव के स्तर को कम कर सकते हैं।

# चेहरे पर लगाएं केसर और मुल्तानी मिट्टी से बना फेस पैक दूर होंगी त्वचा की कई समस्याएं

केसर बहुत ही महंगा मसाला है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर मीठे पकवानों को बनाने के लिए किया जाता है। यह जितना खाने का स्वाद बढ़ाता है, उतना ही स्किन के लिए फायदेमंद हैं। केसर के गुणों को देखते हुए आज कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट को बनाने में केसर का इस्तेमाल किया जाता है। यह त्वचा संबंधित कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। वहीं, भारत में गर्मियों में होने वाली स्किन प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए प्रचुर मात्रा में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। मुल्तानी मिट्टी के पोषक तत्व चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल निकालकर पिंपल्स, एक्ने और मुंहासों से छुटकारा दिलाता है। अब जरा सोचिए जो 2 चीजें अलग-अलग स्किन को इतना फायदा पहुंचाती हैं, वो जब एक साथ मिलेगी, तो आपकी स्किन पर कितना पॉजिटिव इफेक्ट डालेंगी।

### चेहरे पर कैसे लगाएं मुल्तानी मिट्टी और केसर

चेहरे मुल्तानी मिट्टी और केसर का इस्तेमाल फेस स्क्रब और फेस पैक के तौर पर किया जा सकता है। इसके अलावा आप क्लींजर के तौर पर भी मुल्तानी मिट्टी और केसर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कैसे बनाएं केसर और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

**सामग्री की लिस्ट :**

- केसर के आधे- 2 से 4 रेशे
- मुल्तानी मिट्टी- 2 चम्मच
- शहद- 1 चम्मच
- गुलाब जल- 2 चम्मच

### बनाने का तरीका

- सबसे पहले गुलाब जल में केसर के धागों को भिगो दें।
- इसके बाद एक बाउल में मुल्तानी मिट्टी और शहद मिलाएं।
- इस मिश्रण में गुलाब जल और केसर का पानी डालें।
- इस मिश्रण को मिलाते वक्त ध्यान रहे कि इसमें गांठ न हों।
- चेहरे पर इस्तेमाल करने के लिए आपका फेस पैक तैयार हो चुका है।
- एक आम फेस पैक की तरह आप चेहरे पर इसे लगाएं।
- 10 से 15 मिनट के बाद जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को धो लें।



विचारों को स्वतंत्र रखने के लिए आवश्यक है आपका निरंतर प्रयास करते रहना।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# कोलकाता कांड के पीछे गहरी साजिश, सुबूतों को किया नष्ट!

## केस डायरी को लेकर सीबीआई के बड़े खुलासे




बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की वारदात के पीछे सीबीआई को गहरी साजिश देख रही है। केंद्रीय एजेंसी ने रविवार को घटना में गिरफ्तार अस्पताल के पूर्व प्रसिपल डॉ. संदीप घोष व टाला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को सियालदह कोर्ट में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने दोनों को 17 सितंबर तक के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया।

सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि थानेदार अभी तक मुख्य घटना में आरोपित नहीं हैं, लेकिन लगता है कि वारदात के पीछे कोई बड़ी साजिश है और थानेदार इसमें शामिल हैं। एजेंसी ने थानेदार द्वारा सुबूतों को नष्ट किए जाने की भी आशंका जताई।

# विपक्षी नेता ने कहा था पीएम बनिए समर्थन देंगे, मैंने ऑफर ठुकराया : नितिन गडकरी

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को बताया कि एक बार एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि गडकरी ने यह ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है। नागपुर में एक पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में गडकरी ने कहा- 'मुझे एक घटना याद है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप प्रधानमंत्री बनते हैं, तो हम समर्थन करेंगे।' गडकरी ने आगे कहा- 'मैंने उनसे पूछा कि आप मेरा समर्थन क्यों करेंगे और मुझे आपका समर्थन क्यों लेना चाहिए? पीएम बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं। मैं अपनी मान्यता और संगठन के प्रति वफादार हूं। मैं किसी भी पद के लिए समझौता नहीं करूंगा। मेरा निश्चय मेरे लिए सबसे अहम है।' गडकरी बोले- लोकतंत्र के चारों स्तंभ के लिए नैतिकता का पालन करना जरूरी अपने भाषण में गडकरी ने राजनीति और पत्रकारिता दोनों में नैतिकता की अहमियत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से विरोध करने वाले व्यक्ति का सम्मान किया जाना चाहिए। लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया जैसे चारों स्तंभ नैतिकता का पालन करें। इस साल मार्च में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को दो बार महा विकास अघाड़ी से इलेक्शन लड़ने का ऑफर दिया था।

# मुख्यमंत्री को समझ नहीं आ रहा क्या करना चाहिए : डोटासरा

बढ़ता राजस्थान

**फतेहपुर।** फतेहपुर में रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जयपुर से बीकानेर जाते समय फतेहपुर में रुके। इस दौरान सालासर ओवर ब्रिज के पास कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत के बाद डोटासरा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री केवल दौरे करने में व्यस्त हैं और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि सरकार में क्या किया जाना चाहिए। सरकार में हर व्यक्ति अपनी मनमानी से काम कर रहा है।

**चुनाव कराने से डर रही सरकार :** डोटासरा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वे चुनाव कराने से डर रही हैं। भाजपा कभी कहती है कि पंचायती राज चुनाव से पहले परिसमन कराया जाएगा, लेकिन उन्हें सीमा ज्ञान का सही अंदाजा नहीं है। कभी भाजपा यह भी कहती है कि एक राज्य एक चुनाव कराएंगे, लेकिन हार के डर से चुनाव को टालने का प्रयास कर रही है।

### ये लोग रहे उपस्थित

स्वागत समारोह में विधायक हाकम अली खान, नगर परिषद के सभापति मुस्ताक अहमद नजमी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष छोटेलाल महिचा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गुलाम रब्बानी, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र महिचा, सभापति प्रतिनिधि अजय रिणवा, पार्षद रामस्वरूप सैनी, पार्षद आबिद अली परिहार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुजम्मिल भाटी, रामगढ़ पालिका अध्यक्ष दुदाराम चोहला, परधान प्रतिनिधि महिपाल नेहरा, आकाश झाजरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामस्वरूप महिचा, कांग्रेस देहात ब्लॉक अध्यक्ष झाबर सिंह, परसाराम गुडेसरिय, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष श्यामसुंदर हटवाल, सरपंच सुरेश हेतमसर, सरपंच फूलाराम, सरपंच महेश, विनोद फगेडिया, विजेन्द्र खुड़ी, सरपंच अनिल पूनिया, मुस्ताक काजी, अंकित, पवन दाधीच, विनोद पंवार, और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झारखंड के तीन दुश्मन-झामुमो कांग्रेस और आरजेडी : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान



**मशेदपुर ( एजेंसी )।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में प्रदेश में सत्तारूढ़ गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड के तीन दुश्मन हैं। इनके नाम हैं-झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल। इन दुश्मनों को झारखंड के लोग जितनी जल्दी पहचान लेंगे, उतना झारखंड का भाग्य सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मैं झारखंड आया था। तब देश में बड़े-बड़े झूठ, बड़ी-बड़ी अफवाहें, झूठ बोलने की मशीन और देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतों पर आपका आशीर्वाद भारी पड़ा। उन्होंने कहा कि आपका भरोसा मोदी पर है। मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। इस भरोसे को कायम रखने के लिए मोदी कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। मोदी ने भारत माता की जय के नारे लगाए और कहा कि हमारा रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना, भाजपा का अपना सपना है। मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा की सरकार ने झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता की। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत भाजपा की सरकार ने की। पिछड़े आदिवासी युवाओं की चिंता की। उनकी शिक्षा के लिए एकलव्य विद्यालय हमने बनाए। भाजपा ने आदिवासी समाज की एक महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया। अब तक की सरकारें खनिज संपदा से संपन्न झारखंड से केवल वसूली करती थी। हमने डीएमएफ बनाया। आपको आपका हक दिलाया।

### जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां-वहां झूठ की दुकानें

मोदी ने कहा कि अब ये लोग महिलाओं को पैसे देने के नाम पर गरीबों को बहलाने के लिए नए-नए तिकड़म लगा रहे हैं। ऐसे धोखेबाजों को आपको सरकार से बाहर निकालना है। वादे करना और उसे पूरे करना सिर्फ भाजपा का काम है। हमारी सरकार ने और तीन करोड़ गरीबों को पक्का मकान देने का वादा किया है। हम हर घर तक जल पहुंचा रहे हैं। छोटे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि ढेर सारी घोषणाएं कांग्रेस पार्टी ने भी की थी। कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं और महिलाओं को एक-एक लाख रुपए देने का वादा किया था।

महिलाओं ने कांग्रेस दफ्तर पर पैसे मांगने गईं, तो उन्हें अपमानित किया गया, जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां-वहां ऐसी ही झूठ की दुकान खोली जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएमएम वाले भी जब-जब कुछ देने की बात करें, तो सावधान हो जाइए। इनको भी ये ट्रेनिंग कांग्रेस से ही मिली है। जब भी ये कुछ देने की बात करेंगे, तो आपकी ही जेब पर डाका डालेंगे। मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं से 300-300 रुपये मांगे जा रहे हैं। अबुआ आवास के नाम पर 25,000 रुपये तक की वसूली हो रही है। ये पिछले दरवाजे से लाभार्थियों को गुमराह करके उनसे भी वसूली कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के झारखंड में रविवार को चार कार्यक्रम तय थे। इनमें से दो कार्यक्रमों में वह आभासी रूप से शामिल हुए। एक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री की यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। करीब दो से ढाई घंटे के इंतजार के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफिला सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हुआ।

### झारखंड का बहुत बड़ा मुद्दा घुसपैठ

मोदी ने कहा कि कांग्रेस को झारखंड से नफरत है। उसने कितने दशक तक दिल्ली में बैठकर देश पर राज किया। उन्होंने देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग स्वार्थ और सत्ता में किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये जेएमएम वाले, जिन्होंने आपके वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं। उन लोगों के साथ खड़े हैं, जो आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। इस समय झारखंड का बहुत बड़ा मुद्दा घुसपैठ है। यह हर झारखंडी के लिए चिंता का विषय है।

### झारखंड में डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी रोहिंग्या की घुसपैठ बहुत बड़ा खतरा है। यहां की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से कम हो रही है। यहां के लोगों की जमीन हड़पी जा रहीं हैं। घुसपैठिये पंचायतों में व्यवस्था पर कब्जा कर रहे हैं। बेटियों के साथ अत्याचार की वारदातें बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के शहर हों या झारखंड के गांव, इस घुसपैठ की वजह से हर झारखंडी असुरक्षित महसूस कर रहा है।

# ट्रक-कार की टक्कर में 6 श्रद्धालुओं की मौत

## जयपुर-कोटा हाईवे पर हादसा, शवों को क्रेन से निकाला गया; सभी एमपी के रहने वाले

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी।** राजस्थान के बूंदी में ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। कार सवार 6 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन लोग घायल हो गए। इसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे कोटा रेफर किया गया है। कार में बुरी तरह फंसे शवों को क्रेन की मदद से निकाला गया। कार सवार मध्य प्रदेश के देवास से खाटूश्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा रविवार सुबह करीब 4 बजे हिंडोली इलाके के जयपुर नेशनल हाईवे पर हुआ।

एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मध्य प्रदेश के देवास से नौ लोग 14 सितंबर की रात खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए निकले थे। कोटा होते हुए इनकी गाड़ी हिंडोली पहुंची थी। हिंडोली थाना क्षेत्र के हाईवे की पुलिया के पास (लघधरिया भैरू जी के स्थान) गलत साइड से आकर एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। कार के उड़े परखच्चे एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। कार सवार बुरी तरह फंस गए। कार में सवार मदन (40) पुत्र शकरू नायक निवासी बेडाखाल, जिला देवास, मांगी लाल (38) पुत्र ऊंकार निवासी बेडाखाल, देवास, महेश (28) पुत्र बादशाह निवासी बेडाखाल थाना सतवास, देवास, भूरा (35) पुत्र धन्ना, राजेश (33) पुत्र पन्ना और पूनम (35) पुत्र जगराम की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मनोज पुत्र रवि नायक निवासी पोखर खुर्द, देवास, प्रदीप पुत्र मांगी लाल निवासी धांसड जिला देवास तथा अनिकेत पुत्र राजेश निवासी बेडाखाल, देवास घायल हैं। इनमें से प्रदीप की हालत गंभीर है। उसे कोटा रेफर किया गया है। बाकी दोनों घायलों का इलाज बूंदी में चल रहा है।




हाईवे पर दो किमी तक गलत साइड चलते हैं वाहन-हाईवे पर करीब दो किमी तक भारी वाहन रोज गलत साइड चलते हैं। इसके बाद बूंदी शहर में प्रवेश करने वाली पुलिया से सही साइड पकड़ते हैं। हाईवे पर स्थित तालाबगांव के लोग बड़ी संख्या में ट्रक-ट्रेलर के ड्राइवर हैं। गांव के पास हाईवे की सही साइड पर जाने के लिए कोई कट नहीं होने के चलते ये सभी भारी वाहन दो किमी तक की दूरी गलत साइड से ही तय करते हैं।

**मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा-**मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा- हादसे में घायलों के समुचित उपचार के लिए राजस्थान सरकार के संपर्क में हैं।

# झुंझुनूं के जवान को बेटे ने किया सैल्यूट, मुखाग्नि दी

## बेटी बोली- मैं पापा का सपना जरूर पूरा करूंगी; अंतिम दर्शन कर बिलख पड़ी पत्नी

बढ़ता राजस्थान



**पिलानी ( झुंझुनूं )।** सिक्किम में चीन बॉर्डर पर झुंझुनूं के रहने वाले जवान का निधन हो गया था। रक्षा सेवा कोर (डीएससी) में हवलदार जितेंद्र सिंह शेखावत (48) का रविवार शाम अंतिम संस्कार किया गया। करीब 4 बजे भाई रविंद्र सिंह और बेटे हर्षवर्धन (17) ने मुखाग्नि दी। इस दौरान वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। इससे पहले, बेटे हर्षवर्धन और बेटी अंकिता (19) ने पिता की पार्थिव देह को अंतिम बार सैल्यूट किया। तिरंगा यात्रा के साथ जितेंद्र सिंह की पार्थिव देह रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे पैतृक गांव सुलताना लाई गई थी। घर में पत्नी मनोज कंवर और मां आनंद कंवर ने जितेंद्र सिंह की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किए। इस दौरान दोनों बिलख पड़ीं। जितेंद्र सिंह के बड़े भाई रविंद्र सिंह ने बताया- पार्थिव देह 14 सितंबर की रात 11 बजे आगरा (यूपी) पहुंची थी। जहां से सड़क मार्ग से रविवार सुबह 4 बजे जयपुर लाई गई। वहां से सुबह 10:30 बजे पार्थिव देह झुंझुनूं लाई गई। रविंद्र सिंह ने बताया- जितेंद्र 25 अगस्त को छुट्टी से ड्यूटी पर सिक्किम लौटा था। अब उनकी पार्थिव देह ही लौट रही है। उन्होंने बताया- 12 सितंबर की सुबह 7 बजे सिक्किम में चाइना बॉर्डर पर स्थित युमथांग पोस्ट से सैन्य वाहन में रवाना होते समय जितेंद्र की तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युमथांग पोस्ट हाई एल्टीट्यूड एरिया में आती है। जहां ऑक्सीजन लेवल बहुत कम होता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# गहलोत राज में 3500 करोड़ के घोटाले हुए : किरोड़ी

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से भी ज्यादा टीए-डीए उठा रहे अधिकारी; गृह राज्यमंत्री को सौंपे डॉक्युमेंट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (डीओआईटी) में हुए कथित 3500 हजार करोड़ के घोटालों की शिकायत की है। किरोड़ी मीणा रविवार को बेढम के आवास पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने बताया- गहलोत राज में डीओआईटी में करीब 3500 करोड़ के घोटाले की शिकायत एसीबी में की गई थी, लेकिन गहलोत सरकार ने एसीबी को जांच की इजाजत नहीं दी। किरोड़ी बोले- कबाड़ा गहलोत सरकार में हुआ है, लेकिन अब हमारा मौका है। हमारी सरकार है, ऐसे में गृह राज्य मंत्री बेढम से मिलकर इन घोटालों की जांच के लिए एफआईआर दर्ज करने की मांग करने आया हूं। इस मुलाकात के बाद मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा- सरकार में सीनियर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा कांग्रेस राज में हुए घोटाले की जांच करवाने की मांग लेकर आए थे। मैंने डीजीपी को फोन कर कहा है कि इस मामले की जांच कर कार्रवाई करें।

**पीएम और सीएम से भी ज्यादा उठा रहे टीए-डीए :** किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि जिस लेटरल एंट्री का विपक्ष ने विरोध किया था, उसी तरह की लेटरल एंट्री डीओआईटी के अधिकारियों ने पिछले शासनकाल में की थी। विभाग में बिना किसी सरकारी एजेंसी के ही लोगों को सीधे भर्ती कर लिया गया था। किरोड़ी ने कहा- इन घोटालों में संबंधित कंपनियों और अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होकर इनकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने दावा भी किया कि इन घोटालों की करीब 10 एफआईआर दर्ज होगी। किरोड़ी ने आरोप लगाया- प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट फॉर सोशल मीडिया डेवलपमेंट एक्टिविटी के तहत करोड़ों रुपए की लूट की गई। इस प्रोजेक्ट के तहत अगर मैनेजमेंट यूनिट का कोई व्यक्ति जांच के लिए राजस्थान में किसी भी शहर में गया तो उसे डीओआईटी की ओर से 2 लाख 61 हजार 400 रुपए का भुगतान किया गया। वहीं राजस्थान से बाहर जाने पर 4 लाख 95 हजार 666 रुपए का भुगतान किया गया। उन्होंने कहा- इतना टीए-डीए तो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भी नहीं मिलता है।



**डीओआईटी के इन अधिकारियों पर लगाए आरोप :** किरोड़ीलाल मीणा ने अपनी शिकायत में डीओआईटी के कई अधिकारियों पर आरोप लगाए। इसमें प्रोजेक्ट अधिकारी दीपशिखा सक्सेना, कुलदीप यादव, वित्त अधिकारी कौशल गुप्ता पर अलग-अलग फर्मों को गलत दस्तावेजों पर करोड़ों रुपए के वर्क ऑर्डर जारी करने का आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने अधिकारी आशुतोष देशपांडे और पूर्व अतिरिक्त निदेशक आरसी शर्मा पर ब्लैक लिस्ट कंपनी को टेंडर देने का आरोप लगाया। वहीं जॉइंट डायरेक्टर प्रद्युमन सिंह और जॉइंट डायरेक्टर रणवीर सिंह पर पत्नी के खाते में रिश्वत लेने के आरोप भी लगाए।